राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 08
लखनऊ, बुधवार 16 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

मेडिकल कॉलेज में धूमधाम से मना गणेश पूजा महोत्सव 10

जनहित के काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: शर्मा 03

## योगी कैबिनेट में 23 प्रस्ताव पास, पीआरडी जवानों का ड्यूटी भत्ता बढ़ा

# किसानों को 6% ब्याज पर कर्ज

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के किसानों को बड़ी सौगात दी गई है। किसानों को 6 फीसदी वार्षिक ब्याज पर 6 लाखवतक के दीर्घकालिक कर्ज देने की योजना के प्रस्ताव को पास कर दिया गया है। इसके अलावा पीआरडी स्वयंसेवकों का ड्यूटी भत्ता बढ़ाने, उन्हें और उनके आश्रितों को कैशलेस उपचार की सुविधा देने, मथुरा के छाता में एथेनॉल प्लांट लगाने और मकान किराये पर देने-लेने की प्रक्रिया आसान करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं।

मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक से लघु और सीमांत किसानों को छह लाख रुपए तक का दीर्घकालिक ऋण छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर देने का प्रस्ताव मंजूर हुआ। सरकार के अनुसार ब्याज में पांच प्रतिशत की सहायता दी जाएगी। इस फैसले से सरकार पर करीब 38.4 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा।



लखनऊ में मंगलवार को योगी कैबिनेट की बैठक के बाद मंजूर हुए प्रस्तावों की जानकारी देते मंत्री।

पीआरडी स्वयंसेवकों का ड्यूटी भत्ता 500 से बढ़ाकर 600 रुपए प्रतिदिन करना है। कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत पात्र स्वयंसेवकों और उनके आश्रितों को पांच लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा मिलेगी। इसके लिए एक वित्तीय वर्ष में कम से कम तीन माह ड्यूटी करने की शर्त बताई गई है। योजना पर सालाना करीब 9.34 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है।

मथुरा के छाता में बंद पड़ी चीनी मिल परिसर में करीब 200 करोड़ रुपए की लागत से एथेनॉल संयंत्र लगाया जाएगा। इसकी न्यूनतम क्षमता 120 किलोलीटर प्रतिदिन और सालाना उत्पादन क्षमता करीब 3.96 करोड़ लीटर होगी। संयंत्र में गन्ने के साथ मक्का और धान से एथेनॉल तैयार किया जाएगा और यह करीब 11 महीने संचालित होगा। परियोजना के लिए करीब 96 एकड़ जमीन उपलब्ध है। भविष्य में गन्ने की उपलब्धता बढ़ने पर चीनी मिल और ऊर्जा संयंत्र विकसित करने की योजना भी है। किरायेदारी से जुड़े पंजीकरण में बड़ी राहत दी गई है। पहले सर्किल रेट के आधार पर भारी स्टांप शुल्क लगता था। अब निर्धारित किराये के आधार पर एक हजार, दो हजार और चार हजार रुपए के स्लैब में शुल्क लिया जाएगा। इससे कई मामलों में स्टांप शुल्क में 90 प्रतिशत से अधिक की कमी होगी। मसलन, दो लाख रुपए तक के किराये पर 32 हजार रुपए के बजाय एक हजार रुपये का स्टांप लगेगा। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के संशोधित परियोजना प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। करीब 15.0172 किलोमीटर लंबा छह लेन मार्ग विकसित होगा। परियोजना की लागत 1,008.67 करोड़ रुपए आंकी गई है और इसे 24 माह में पूरा करने का लक्ष्य है।

अलीगढ़ के सारसौल में साई ग्लोबल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए आशय पत्र जारी करने को मंजूरी दी गई। परिषदीय विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी स्वीकृत हुआ। अयोध्या के मिल्कीपुर में एनएसजी के क्षेत्रीय केंद्र के लिए करीब 65 एकड़ जमीन केंद्र सरकार को निशुल्क देने का फैसला हुआ। परिवहन विभाग के स्वचालित वाहन परीक्षण केंद्रों की व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

केंद्र खोलने के लिए जमीन संबंधी शर्तों में राहत, राष्ट्रीय एकल खिड़की व्यवस्था को स्थायी रूप से खुला रखने और एक जिले में अधिकतम तीन केंद्र की व्यवस्था की गई है।

पूर्व अग्निवीरों को उप जेल वार्डन की सीधी भर्ती में 20 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय भी हुआ।

### अन्य बड़े फैसले

- छाता में 200 करोड़ से एथेनॉल प्लांट, 120 किलोलीटर प्रतिदिन उत्पादन
- किरायेदारी पर स्टांप शुल्क में 90 प्रतिशत से अधिक राहत।
- एनएसजी केंद्र के लिए अयोध्या में 26 हेक्टेयर जमीन नि:शुल्क
- पूर्व अग्निवीर को उप जेल वार्डन भर्ती में 20 प्रतिशत आरक्षण
- 15 किमी छह लेन चित्रकूट एक्सप्रेसवे को 1,008 करोड़ की मंजूरी
- परिषदीय प्राथमिक विद्यालय स्मार्ट स्कूल बनेंगे, 300 करोड़ खर्च
- स्वचालित वाहन परीक्षण केंद्रों के लिए भूमि की शर्तें आसान
- खिलौना उद्योग की नई नीति को मंजूरी, निवेश पर पूंजीगत अनुदान
- अलीगढ़ में साई ग्लोबल विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी
- शोहरतगढ़, बढ़नी और सवायजपुर में नए बस अड्डे

## दो हजार से ज्यादा के यूपीआई भुगतान पर लगेगा शुल्क

### 15 अक्टूबर से लागू

- चुनिंदा पी2एम लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगेगा
- व्यक्ति से व्यक्ति भुगतान व 2,000 तक के लेन-देन मुफ्त

**एजेंसियां, नई दिल्ली।**

यूपीआई से भुगतान करने वालों के लिए महत्वपूर्ण बदलाव होने जा रहा है। 15 अक्टूबर से 2,000 रुपए से अधिक के चुनिंदा पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) यूपीआई लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू होगा। 75,000 रुपए या उससे ज्यादा के भुगतान के लिए अधिकतम शुल्क 300 रुपए होगा। यह शुल्क ग्राहक से सीधे नहीं, बल्कि संबंधित व्यापारी से लिया जाएगा।

केंद्र सरकार ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर 2,000 रुपए तक के यूपीआई और रुपे डेबिट कार्ड से व्यापारी को किए जाने वाले भुगतान को शुल्क से मुक्त रखा है। व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) सभी यूपीआई लेन-देन भी पहले की तरह मुफ्त रहेंगे।

छोटे व्यापारियों को राहत देते हुए क्यूआर के जरिये उनके बैंक खाते में हर महीने एक लाख रुपए तक का भुगतान बिना एमडीआर प्राप्त करने की सुविधा जारी रहेगी।

इसके अलावा छोटे व्यापारियों और छोटे शहरों में डिजिटल भुगतान ढांचा मजबूत करने के लिए अलग कोष बनाया जाएगा।

रेलवे, दूरसंचार, बीमा और ईंधन जैसी चुनिंदा श्रेणियों में 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई भुगतान पर प्रति लेन-देन 5 रुपए का निश्चित एमडीआर लागू होगा। 25 अगस्त 2016 को शुरू हुआ यूपीआई देश के सबसे बड़े डिजिटल भुगतान माध्यमों में शामिल हो चुका है।

### राहुल ने साधा निशाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे अमेरिकी दबाव से जोड़ते हुए सरकार पर निशाना साधा। आरोप लगाया कि दो हजार रुपए से अधिक के लेनदेन पर एमडीआर लगाने का रास्ता खोला गया है। ऐसे लेनदेन संख्या में करीब पांच प्रतिशत हैं, लेकिन लेनदेन मूल्य में उनकी हिस्सेदारी 65% है।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,53,320/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,40,550/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,15,030/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,45,000/किग्रा |



### संक्षिप्त समाचार

#### स्पाइसजेट की दो उड़ानें 24 घंटे लेट

**नई दिल्ली।** दिल्ली से दुबई जाने वाली स्पाइसजेट की दो उड़ानों में 24 घंटे से अधिक की देरी से मंगलवार को करीब 200 यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। टर्मिनल-3 पर यात्रियों ने जमीन पर बैठकर प्रदर्शन किया और एयरलाइन के खिलाफ 'चोर-चोर' के नारे लगाए। यात्रियों का आरोप था कि सोमवार से उन्हें उड़ान के लिए इंतजार कराया जा रहा था और समय बार-बार बदला गया।

#### स्कूल के बाहर शिक्षक की गोली मारकर हत्या

**बिजनौर।** नजीबाबाद के गांव सौपुरी स्थित प्राथमिक विद्यालय के बाहर मंगलवार को मुख्य अध्यापक नौशाद अहमद (43) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। स्कूल से घर जाने के लिए निकलते समय घात लगाए गौरव राठी ने तमंचे से दो गोलियां उनके सीने में मारीं। घायल शिक्षक को अस्पताल ले जाया गया, जहां एम्स ऋषिकेश में उनकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी खुद थाने पहुंचा और सरेंडर कर दिया। पुलिस हत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## राजपाल यादव को सुप्रीम कोर्ट ने दिया आखिरी मौका

- दो सप्ताह में जमा करने होंगे दो करोड़ रुपए
- पासपोर्ट भी सरेंडर करने का निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

चेक बाउंस के मामलों में घिरे अभिनेता राजपाल यादव को सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फिलहाल राहत देते हुए आखिरी मौका दिया है। अदालत ने उन्हें दो सप्ताह के भीतर सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री में कम से कम दो करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अपना पासपोर्ट सरेंडर करने को कहा है। अदालत ने स्पष्ट किया कि रकम जमा करने की यह अंतिम मोहलत है।



## संजय निषाद की नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात

### सियासत

- बोले, भाजपा दरवाजा बंद करेगी तो सोचेंगे
- जो निषादों के साथ होगा हम उसके साथ रहेंगे

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के प्रमुख डॉ. संजय निषाद की सोमवार शाम नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय से मुलाकात के बाद प्रदेश की सियासत में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। संजय निषाद लखनऊ स्थित माता प्रसाद पांडेय के आवास पहुंचे और उन्हें बुके भेंट किया। मुलाकात की तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर भी साझा की। इसे उन्होंने शिष्टाचार भेंट बताया।



मुलाकात के बाद संजय निषाद के एक बयान ने राजनीतिक अटकलों को और हवा दे दी। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा उनके लिए दरवाजा बंद करती है तो वह दूसरे विकल्पों पर विचार करेंगे। उनका कहना था कि जो निषाद समाज के साथ रहेगा, निषाद समाज भी उसी के साथ रहेगा।

संजय निषाद की माता प्रसाद पांडेय से मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो रही हैं। निषाद पार्टी भाजपा के साथ गठबंधन में सरकार का हिस्सा है। ऐसे में निषाद पार्टी प्रमुख का सपा के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष से मिलना राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## शुभेंदु अधिकारी के पीए की मां नंदीग्राम से उम्मीदवार

- चंद्रनाथ रथ की हत्या के बाद खाली हुई सीट पर हसीरानी रथ को टिकट
- रेजीनगर से शाश्वर सरकार मैदान में

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल में नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। पार्टी ने नंदीग्राम से हसीरानी रथ और रेजीनगर से शाश्वर सरकार को प्रत्याशी बनाया है। नंदीग्राम से भाजपा का टिकट मिलने के बाद हसीरानी रथ चर्चा में हैं। वह भाजपा नेता एवं मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पूर्व निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की मां हैं। चंद्रनाथ रथ की इसी वर्ष छह मई की देर रात मध्यमग्राम के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। अब उनकी मां को नंदीग्राम से उम्मीदवार बनाए जाने को भाजपा की ओर से राजनीतिक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। हसीरानी रथ पंचायत सदस्य भी रह चुकी हैं और पहले तृणमूल कांग्रेस से जुड़ी थीं।

### यूपी में 15 हजार शिक्षकों की बंपर भर्ती

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में शिक्षक बनने का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग में कुल 15,012 पदों पर भर्ती के लिए दो विज्ञापन जारी किए हैं। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने अभ्यर्थियों से आवेदन से पहले विस्तृत विज्ञापन और निर्देश पुस्तिका पढ़कर अपनी पात्रता सुनिश्चित करने की अपील की है। विज्ञापन संख्या 05/2026 के तहत माध्यमिक शिक्षा विभाग के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक संबद्ध प्राइमरी के 897 पद और बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक, शहरी के 11,508 पद शामिल हैं।

## जंतर-मंतर हिंसा में स्वतंत्र भारद्वाज को तीन हफ्ते की अंतरिम जमानत

- निशु आजाद के पिता पर कथित हमले के मामले में हुई थी गिरफ्तारी
- पटियाला हाउस कोर्ट ने दी राहत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान हुई मारपीट के मामले में आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज को पटियाला हाउस कोर्ट से राहत मिली है। अदालत ने उन्हें तीन सप्ताह की अंतरिम जमानत मंजूर की है। भारद्वाज को निशु आजाद के पिता पर कथित तौर पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मामला जंतर-मंतर पर एक राजनीतिक संगठन के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुए विवाद से जुड़ा है। प्रदर्शन के दौरान अचानक स्थिति बिगड़ गई और मौके पर हंगामा तथा मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान निशु आजाद के पिता के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्वतंत्र भारद्वाज को आरोपी बनाया।



## बदलाव: नक्शा पास होने पर ही मिलेगा होम लोन

- विकास प्राधिकरण ने बैंकों को दिए सख्त निर्देश
- मानचित्र स्वीकृति की स्थिति की होगी जांच
- एनबीएफसी को भी व्यवस्था में शामिल करने की तैयारी

**समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।**

विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृत मानचित्र के भवन निर्माण पर रोक लगाने के लिए गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने बैंकों को सख्त निर्देश दिए हैं। अब मकान बनाने के लिए गृह ऋण की प्रक्रिया में भवन के मानचित्र की स्थिति महत्वपूर्ण होगी। बैंक मानचित्र स्वीकृत होने या उसके लिए आवेदन किए जाने की स्थिति की जांच के बाद ही ऋण प्रक्रिया आगे बढ़ाएंगे।



एनेक्सी भवन में जीडीए और विभिन्न बैंकों के अधिकारियों की बैठक में इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता जीडीए उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल ने की। उन्होंने बैंकों से गृह ऋण के लिए आने वाले आवेदनों की जानकारी प्राधिकरण को उपलब्ध कराने को कहा। इससे जीडीए को यह पता चल सकेगा कि किन भवनों के निर्माण के लिए ऋण लिया जा रहा है और उनके मानचित्र की स्थिति क्या है।

जीडीए अपने लाइसेंसधारी टाउन प्लानरों (एलटीपी) की सूची और उनके मोबाइल नंबर बैंकों को उपलब्ध कराएगा। बैंकों को इन नंबरों को अपनी शाखाओं में प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे गृह ऋण लेने वाले लोग मानचित्र तैयार कराने और स्वीकृति प्रक्रिया के लिए अधिकृत टाउन प्लानरों से संपर्क कर सकेंगे।

बैठक में बैंक अधिकारियों ने बताया कि गृह ऋण देने का काम केवल बैंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) भी इसमें शामिल हैं। इसलिए जीडीए एनबीएफसी के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करेगा। एसबीआई और पीएनबी के शाखा प्रबंधकों ने प्रक्रिया में लीड बैंक मैनेजर को शामिल करने का सुझाव दिया। जीडीए ने इस पर सहमति जताई।

## केदारनाथ यात्रा फिर शुरू, बिना हेलमेट नहीं मिलेगी एंट्री

- चीरबासा के डेंजर जोन में 200-200 यात्रियों को भेजा जा रहा आगे

**एजेंसी, देहरादून।**

केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर चीरबासा के पास क्षतिग्रस्त रास्ते से यात्रा मंगलवार को फिर शुरू कर दी गई। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें समूह में आगे भेजा जा रहा है। एक बार में करीब 200 यात्रियों को सुरक्षित तरीके से रवाना किया जा रहा है। चीरबासा में करीब 100 मीटर का हिस्सा डेंजर जोन घोषित है। यहां भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने बिना हेलमेट यात्रियों को आगे जाने की अनुमति नहीं देने का निर्णय लिया है।



इससे पहले लगातार पत्थर गिरने के कारण केदारनाथ यात्रा मार्ग पर तीन दिन तक आवाजाही प्रभावित रही थी। सुरक्षा बलों ने हजारों यात्रियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया था। मार्ग पर कई स्थानों पर घोड़े-खच्चरों के शव भी दिखाई दिए।

बिहार में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य के 15 जिलों की 575 पंचायतों में करीब 49.67 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

### अंतरिक्ष में हथियार

### अमेरिका ने माना- अंतरिक्ष में तैनात किए हथियार, कौन से, कितने और कब भेजे? नहीं बताया

## रूस-चीन से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच अंतरिक्ष में युद्ध का खतरा गहराया

**एजेंसी, वाशिंगटन।**

अमेरिका ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि उसने अंतरिक्ष में हथियार तैनात कर रखे हैं। अमेरिकी वायुसेना के सचिव ट्रॉय मिंक ने बताया कि अमेरिका के पास कक्षा में ऐसे हथियार मौजूद हैं, जिनका जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सैनिकों और अंतरिक्ष प्रणालियों को दुश्मन के हमले से बचाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, उन्होंने हथियारों की प्रकृति, संख्या और उन्हें अंतरिक्ष में भेजे जाने का समय बताने से इनकार किया। अमेरिका का यह खुलासा ऐसे समय हुआ है, जब रूस और चीन भी अंतरिक्ष में अपनी सैन्य क्षमताएं तेजी से बढ़ा रहे हैं।

आधुनिक युद्ध में सैटेलाइट अब केवल संचार का माध्यम नहीं रह गए हैं। सेनाएं इनके जरिए सैनिकों के बीच संपर्क, दिशा-निर्धारण, खुफिया जानकारी जुटाने, मिसाइलों की निगरानी और युद्ध क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रखने जैसे महत्वपूर्ण काम करती हैं। ऐसे में किसी देश के सैटेलाइट को नुकसान पहुंचाना उसकी सैन्य क्षमता को कमजोर कर सकता है। यही वजह है कि अमेरिका, रूस और चीन अब सैटेलाइटों की सुरक्षा के साथ-साथ दूसरे देशों की अंतरिक्ष प्रणालियों को प्रभावित करने की क्षमता विकसित करने पर भी काम कर रहे हैं। अमेरिका के ताजा खुलासे से आशंका है कि इससे अंतरिक्ष में सैन्य प्रतिस्पर्धा और तेज हो सकती है।



अमेरिकी अंतरिक्ष बल का कहना है कि रूस अंतरिक्ष को भविष्य के युद्ध का अहम क्षेत्र मानता है। अमेरिकी अधिकारियों ने रूस के कुछ सैटेलाइटों की गतिविधियों को लेकर चिंता जताई है। उनका दावा है कि रूस ऐसी तकनीक विकसित कर रहा है, जिससे जरूरत पड़ने पर दूसरे देशों के सैटेलाइट को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। अमेरिका को रूस की उस कथित तैयारी को लेकर भी चिंता है, जिसमें अंतरिक्ष में परमाणु हथियार रखने की संभावना जताई गई है। अमेरिकी अधिकारियों को आशंका है कि इस तरह का हथियार एक साथ बड़ी संख्या में सैटेलाइट को नष्ट या निष्क्रिय कर सकता है।

हालांकि, रूस ने अंतरिक्ष में परमाणु हथियार विकसित करने के अमेरिकी आरोपों से इनकार किया है।

अमेरिका चीन की बढ़ती अंतरिक्ष क्षमता को भी बड़ी चुनौती मानता है। चीन अपनी सेना के आधुनिकीकरण के तहत ऐसी तकनीक विकसित कर रहा है, जिसका इस्तेमाल अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट और दूसरे तंत्र को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है। अमेरिका पहले ही चीन की सैन्य क्षमता, हाइपरसोनिक मिसाइलों और अंतरिक्ष कार्यक्रम को लेकर चिंता जताता रहा है।

ऐसे माहौल में अमेरिका का अपने हथियारों की तैनाती स्वीकार करना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# डीएम राजेश पांडे ने किया मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण

- मरीजों व तीमारदारों को मिल रही सुविधाओं की ली जानकारी

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर चिकित्सकों व स्टाफ की उपलब्धता, दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, औषधि वितरण काउण्टर, पंजीकरण काउण्टर, ओपीडी, पोषण पुनर्वास केन्द्र, इमरजेन्सी वार्ड, चिल्ड्रेन वार्ड इत्यादि का निरीक्षण कर मरीज़ों व उनके तीमारदारों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। पंजीकरण काउण्टर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री पाण्डेय को बताया गया कि अब तक 260 पर्चे बनाये गये हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि तीमारदारों की सुविधा के लिए बेन्चों की संख्या को बढ़ाया जाय तथा पर्याप्त प्रकाश व अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर से बेहतर किया जाय जिससे मरीज़ों के साथ आने वाले तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। ओ.पी.डी. के निरीक्षण के दौरान गया कि चिकित्सालय में प्रतिदिन लगभग 02 से 03 हज़ार मरीज़ों को देखा जाता है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ओ.पी.डी. के लिए टोकन व्यवस्था को लागू किया जाय जिससे मरीज़ों को अनावश्यक लाईन न लगाना पड़े। डीएम श्री पाण्डेय ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.के. वर्मा व मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय खत्री को निर्देश दिया कि चिकित्सालय आने वाले मरीज़ों और तीमारदारों शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं एवं सेवाएं मानक के अनुसार उपलब्ध करायी जायें। उन्होंने चिकित्सालय परिसर एवं कक्ष कक्षों की साफ-सफाई के स्तर को बनाये रखने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के चिकित्सक व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने 24 हजार रुपये मानदेय की मांग की

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा
- पुराने मानदेय वृद्धि से असंतोष

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**



आंगनबाड़ी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ ने सोमवार दोपहर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को दिया गया। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी की मांग की गई है। संघ की जिलाध्यक्ष सुनीता आर्या और महामंत्री कोकिला शर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने न्यूनतम 24 हजार रुपये मासिक मानदेय तय करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं बाल विकास और पोषण से जुड़ी अहम जिम्मेदारियां निभा रही हैं। संघ ने कहा कि मार्च 2026 में आंगनबाड़ियों को स्मार्ट मोबाइल फोन देने की घोषणा हुई थी। उस समय मानदेय को भी स्मार्ट, सम्मानजनक और न्यूनतम करने की बात कही गई थी। इससे कार्यकर्ताओं को मानदेय बढ़ने की उम्मीद थी। संघ ने बताया कि 8 सितंबर 2026 को अयोध्या में मानदेय बढ़ोतरी को लेकर हुई घोषणा से कार्यकर्ताओं में असंतोष है। ज्ञापन के मुताबिक, सरकार के पत्र के जरिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 1500 रुपये और सहायिकाओं के मानदेय में 750 रुपये बढ़ाए गए हैं। इसके साथ ही पीएलआई के तौर पर कार्यकर्ताओं को 2500 रुपये और सहायिकाओं को 1250 रुपये देने की बात कही गई है।

संघ ने मांग की है कि पीएलआई की रकम को अलग से देने के बजाय मानदेय में जोड़ा जाए। साथ ही, संशोधित आदेश जारी कर 24 हजार रुपये मासिक मानदेय तय किया जाए। इसके अलावा, पोषण ट्रैकर का संचालन जीपीएस से मुक्त कर पुरानी व्यवस्था फिर से लागू करने की मांग भी की गई है।

## खबरें एक नजर में

### प्रभारी मंत्री ने विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

**बलरामपुर।** जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने घुसाह स्थित कंपोजिट विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। विद्यालय में उन्होंने बच्चों से सवाल पूछकर उनकी शैक्षिक गुणवत्ता परखी। बच्चों को किताबें पढ़ाकर उनकी पढ़ने और समझने की क्षमता का भी जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों को मिलने वाले पोषण और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान एक बच्चे का अन्नप्राशन कराया और बच्चों को फल व बिस्कुट वितरित किए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों की उपस्थिति और पोषण व्यवस्था के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चन्द्र श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम वर्मा सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### शांति भंग के आरोप में चार गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गए

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन में अपराध रोकथाम अभियान के तहत थाना ललिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने शांति भंग के मामले में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी ललिया डी.के. श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मृत्युन्जय सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम में उप निरीक्षक गिरीशलाल, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और कांस्टेबल अभिजीत सिंह शामिल रहे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुड्डू पुत्र ननकऊ निवासी कोड़री, विनोद कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी घवरीखुर्द थाना हरैय्या, प्रवेश गुप्ता पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी लालपुर थाना तुलसीपुर और विकास पुत्र घनश्याम गुप्ता निवासी शिवपुरा बाजार थाना ललिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि चारों के विरुद्ध स्थानीय थाने पर धारा 170/135/126 बी एन एस एस के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### महिला ने पड़ोसी पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गाँव निवासी महिला ने पड़ोसी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि उसके पति कामकाज के सिलसिले में अहमदाबाद शहर में रहते हैं। वह घर पर अपने तीन छोटे-छोटे बच्चों के साथ अकेले रहती है। पड़ोस में रहने वाले साहबलाल दो दिन पहले रात 9:00 बजे घर के अंदर घुस आए और छेड़छाड़ शुरू कर दी विरोध करने पर भद्दी भद्दी गालियां देने के अलावा जान से मारने की धमकी भी दिया। शोर करने पर आरोपी अपने घर की तरफ भाग गया।

### दो बाइकों की टक्कर में पांच लोग घायल

**मसौली बाराबंकी।** गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम करसंडा के निकट अनियंत्रित कार ने दो बाइको मे जोरदार टक्कर मार दी जिससे तीन महिलाओ सहित 5 लोग घायल हो गये जिन्हे एम्बुलैंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसमे गंभीर रूप घायल 17 वर्षीय किशोरी को ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया है। मंगलवार की दोपहर के बाद बाराबंकी की ओर से कस्बा मसौली निवासी अशोक कुमार यादव की 17 वर्षीय पुत्री जुली अपने बहनोई अमरेश यादव के साथ स्पेलेंडर बाईक से बाराबंकी से दवा लेकर घर लौट रही थी। हाइवे पर स्थित ग्राम करसंडा गांव के निकट रामनगर की ओर से आ रही तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे जूली और अमरेश घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जूली के दाहिने पैर में कई जगह फ्रैक्चर हो गया। घटना के बाद बोलेरो ने डिस्कवर मोटरसाइकिल मे भी टक्कर मार दी जिसमे डिस्कवर चालक जयवीर सिंह पुत्र तेज बहादुर, प्रीति पुत्री तेज बहादुर और मीरा देवी पत्नी तेज बहादुर भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक अजय यादव और कांस्टेबल राजकुमार ने घायलों को एंबुलेंस से जूली और अमरेश को जिला अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों ने जूली की हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं अन्य घायलों जयवीर, प्रीति और मीरा देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी

**सिद्धौर बाराबंकी।** कोतवाली असन्द्रा क्षेत्र के मोहम्मदपुर चंदी सिंह गांव में



सोमवार को 24 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।कोतवाली असन्द्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर चदी सिंह निवासी रामविलास रावत का 24 वर्षीय पुत्र शिवकेश कुमार घर के अंदर साड़ी के सहारे छत के कुंडे से गले में फंदा लगाकर लटक गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह उठने पर परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो शिवकेश छत के छल्ले से लटक रहा था यह घटना देख परिजनों में कोहराम मच गया ।घटना की जानकारी पुलिस चौकी सिद्धौर को दी गई।सूचना पर सिद्धौर पुलिस चौकी के दरोगा गौरव सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में चौकी प्रभारी गौरव सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी । फांसी क्यों लगाई अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# रिहाइशी इलाकों में पहुंचे दो मगरमच्छ

- वन विभाग ने किया रेस्क्यू
- एक घर में घुसा, दूसरा पिंजरे में फंसा

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**



बाढ़ के कारण जलस्तर बढ़ने से कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में जलीय जीव आबादी वाले इलाकों में पहुंचने लगे हैं। मंगलवार को वन विभाग की टीम ने दो अलग-अलग घटनाओं में रिहाइशी इलाकों में पहुंचे दो मगरमच्छों को सुरक्षित रेस्क्यू किया और उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया। वन विभाग की तत्परता से इन दोनों घटनाओं में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। पहली घटना ककरहा रेंज के पैरुआ गांव की है। मंगलवार तड़के करीब 3:45 बजे वन विभाग को सूचना मिली कि एक मगरमच्छ घर में घुस आया है। जानकारी मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और सावधानी से रेस्क्यू अभियान शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे की कोशिश के बाद सुबह 5:30 बजे मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया गया। इसके बाद उसे भीऊरवीर घाट नहर में उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। दूसरी घटना मोतीपुर रेंज के मिहींपुरवा नगर पंचायत क्षेत्र की है। घनी आबादी में मगरमच्छ के भटककर पहुंचने की शिकायतों के बाद वन विभाग ने तीन दिन पहले यहां मगरमच्छ पकड़ने के लिए एक खास पिंजरा लगाया था। मंगलवार सुबह मगरमच्छ पिंजरे में सुरक्षित कैद हो गया। वन विभाग की टीम उसे बाहर निकालकर सुरक्षित जगह ले गई और उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न

- छत ढलाई के दिन संबंधित अधिकारी मौके पर रहें: डीएम

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**



जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, गौ आश्रय स्थलों एवं जिला स्वच्छता समिति से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने तथा योजनाओं का प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधूरे अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस दिन अन्नपूर्णा भवन अथवा आंगनबाड़ी केंद्र की छत ढाली जाए, उस दिन संबंधित सप्लाई इंस्पेक्टर/सीडीपीओ मौके पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। ग्राम विकास योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने विकासखंड में ग्रामवार जीरो तालाबों को चिन्हित कर बीबीजी रामजी योजना के अंतर्गत उनकी खुदाई का कार्य कराने के निर्देश दिए।

## नाबालिग से दुष्कर्म गर्भवती होने पर खुलासा

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।** 15 साल की किशोरी से कई महीनों तक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के बाद डरी हुई किशोरी लंबे समय तक अपनी मां को कुछ नहीं बता सकी। जब मां ने उसके पेट में बदलाव देखा और वजह पूछी तो किशोरी रो पड़ी। उसने मां को पूरी घटना बताई। बेटी की बात सुनकर मां के होश उड़ गए। बताया गया कि किशोरी की मां किसी काम से उसे घर पर अकेला छोड़कर मायके गई थी। इसी दौरान आरोपी युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। मां के वापस आने के बाद भी किशोरी डर के कारण चुप रही। कई महीने बीतने के बाद जब उसके पेट में बदलाव दिखाई देने लगा तो मां ने उससे पूछताछ की। इसके बाद किशोरी ने रोते हुए घटना की पूरी जानकारी दी।

किशोरी की बात सुनने के बाद परिवार ने मामले को गंभीरता से लिया। गांव के एक व्यक्ति ने मां-बेटी को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना देने की सलाह दी।

सूचना मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के प्रभारी मनीष यादव ने किशोरी और उसकी मां को बाल कल्याण समिति की न्यायपीठ के सामने पेश किया।

मामला सामने आने के बाद बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव ने घटना को गंभीर मानते हुए रानीपुर थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पॉक्सो एक्ट की धारा 19 और 20 के तहत नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। इसके बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू की।

आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

बाल कल्याण समिति के निर्देश के बाद रानीपुर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। रानीपुर थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। उसे जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पॉलीहाउस में जरबेरा की खेती से बदली किसान की तकदीर






- छह-सात लाख तक मुनाफे की उम्मीद
- 2000 वर्गमीटर में खड़ी की आधुनिक फूलों की खेती

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

धान-गेहूं की परंपरागत खेती में बढ़ती लागत और सीमित मुनाफे से परेशान किसानों के बीच विकासखंड भीटी के मानिकपुर गांव की कृषक किरन सिंह ने आधुनिक खेती की राह पकड़कर नई मिसाल कायम की है। उद्यान विभाग के मार्गदर्शन और सरकारी अनुदान की मदद से उन्होंने 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में आधुनिक हवादार पॉलीहाउस स्थापित कर जरबेरा फूलों की खेती शुरू की है। करीब 11 हजार पौधों से उन्हें सालाना 5.5 से 6 लाख फूल उत्पादन और छह से सात लाख रुपये तक शुद्ध वार्षिक लाभ की उम्मीद है। किरन सिंह ने बताया कि पहले वह धान और गेहूं की परंपरागत खेती करती थीं। सिंचाई, रोपाई, निराई-गुड़ाई और अन्य कृषि कार्यों में लागत व श्रम अधिक लगता था, जबकि उत्पादन के अनुपात में मुनाफा सीमित रहता था। मौसम की मार, रोग-कीट और बाजार भाव की अनिश्चितता भी किसानों के सामने चुनौती बनी रहती थी। ऐसे में उन्होंने खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने का फैसला किया।

उद्यान विभाग से पॉलीहाउस खेती और फूलों की व्यावसायिक खेती की जानकारी मिलने के बाद किरन सिंह ने जरबेरा उत्पादन को चुना। शादी-विवाह, समारोह और गुलदस्तों में वर्षभर मांग रहने वाले जरबेरा की खेती के लिए उन्होंने पॉलीहाउस तैयार कराया। स्ट्रक्चर, पौधों और अन्य व्यवस्थाओं पर 32 लाख रुपये से अधिक की लागत आई, जिसमें 50 प्रतिशत शासकीय अनुदान मिला।

पॉलीहाउस में ड्रिप सिंचाई प्रणाली भी स्थापित की गई है। इससे पानी की बचत के साथ पौधों की जड़ों तक नियंत्रित मात्रा में पानी और पोषक तत्व पहुंचाने में सुविधा मिल रही है। वैज्ञानिक तरीके से खेती किए जाने से उत्पादन और गुणवत्ता बेहतर होने की उम्मीद है।

कृषक ने पुणे की उन्नत नर्सरी से जरबेरा के करीब 11 हजार टिश्यू कल्चर पौधे मंगवाकर पॉलीहाउस में तैयार क्यारियों पर रोपित किए। रोपण के लगभग तीन माह बाद पौधों में फूल आने शुरू हो गए। एक बार पौध लगाने के बाद करीब तीन से चार वर्ष तक उत्पादन मिलने की संभावना है। कृषक के अनुसार प्रत्येक पौधे से सालाना औसतन 45 से 50 फूल मिलने की उम्मीद है। इस हिसाब से 11 हजार पौधों से सालभर में करीब 5.5 से 6 लाख फूल उत्पादन का अनुमान है। उत्पादित फूलों को स्थानीय बाजार के साथ लखनऊ की गोमतीनगर किसान मंडी और दिल्ली की गाजीपुर मंडी तक भेजा जा रहा है। किरन सिंह की पहल यह दिखाती है कि आधुनिक तकनीक, बाजार की मांग के अनुरूप फसल का चयन और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर किसान सीमित भूमि में भी खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदल सकता है। पॉलीहाउस में नियंत्रित वातावरण के कारण फूलों की गुणवत्ता बनाए रखने और उत्पादन को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में भी मदद मिल रही है। कृषक का कहना है कि किसानों को पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी हासिल करनी चाहिए। उद्यान विभाग की योजनाओं और तकनीकी मार्गदर्शन का लाभ लेकर किसान अपनी खेती में नई संभावनाएं तलाश सकते हैं। मानिकपुर की किरन सिंह की जरबेरा खेती अब आसपास के किसानों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन रही है। परंपरागत खेती से संरक्षित और तकनीक आधारित खेती की ओर बढ़ता यह कदम अम्बेडकरनगर में कृषि को नई दिशा देने वाली प्रेरक कहानी बनकर सामने आया है।

# बच्चों से किताब पढ़वाकर परखी शैक्षिक गुणवत्ता

- आंगनबाड़ी केंद्र पर कराया अन्नप्राशन

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने मंगलवार को धुसाह स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय और परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर पढ़ाई का स्तर परखा और किताब पढ़वाकर उनके पठन कौशल की जानकारी ली। मंत्री ने कक्षा एक, दो और पांच के बच्चों से पाठ्यक्रम व सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल पूछे। सही जवाब देने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और पढ़ाई के साथ प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेलने की सीख दी। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की बुनियादी शिक्षा मजबूत करने के साथ उनमें अनुशासन, स्वच्छता और अच्छी आदतों का विकास करने को कहा। उन्होंने विद्यालय में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था और भोजन की गुणवत्ता की भी जानकारी ली। इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों और गर्भवती महिलाओं को दी जा रही पोषण संबंधी सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान गर्भवती महिला की गोद भराई और बच्चे का अन्नप्राशन कराया गया। उन्होंने बच्चों के बेहतर पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्रमिक जागरूकता शिविर में योजनाओं की जानकारी, ई-श्रम पंजीकरण पर जोर

- टांडा के हजियापुर आसोपुर में लगा शिविर

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**



श्रमिकों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और उन्हें श्रम विभाग की सुविधाओं से जोड़ने के उद्देश्य से मंगलवार को विकासखंड टांडा की ग्राम पंचायत हजियापुर आसोपुर में श्रम विभाग की ओर से श्रमिक जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पंजीकरण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। शिविर में उपस्थित श्रमिकों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने श्रमिकों को नवीन पंजीयन तथा पंजीयन के नवीनीकरण की प्रक्रिया समझाते हुए पात्र श्रमिकों से अपना पंजीकरण समय से कराने की अपील की। इसके साथ ही ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के लाभ, पात्रता और पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में भी श्रमिकों को जागरूक किया गया। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में श्रमिकों का ई-श्रम कार्ड पंजीकरण कराया गया।

# शरदकालीन गन्ना बुवाई को लेकर कृषक संगोष्ठी

- उन्नतशील प्रजातियों एवं सहफसली खेती पर दिया जोर



**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़, बाराबंकी।** सहकारी गन्ना विकास समिति लि. ऐशबाग एवं बलरामपुर चीनी मिल्स लि., हैदरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को ग्राम जयपालपुर मजरा बलदेवनगर में शरदकालीन गन्ना बुवाई को प्रोत्साहित करने तथा कृषकों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील गन्ना कृषक दिनेश सिंह ने की। कार्यक्रम में चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक बी.के. यादव ने कृषकों का अभिवादन करते हुए अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि को.0118, 98014, को.लख.14201, को.लख.16202 एवं को.शा.13235 जैसी उन्नतशील प्रजातियों की बुवाई ट्रेंच विधि से करने के साथ ही गन्ने की दो पंक्तियों के बीच खाली स्थान में आलू, मटर, सरसों, मसूर आदि सहफसली खेती करके किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं।

# सड़क हादसे में ट्रक जलकर खाक, चालक परिचालक ने भागकर बचाई जान

- दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची
- आग की लपटें देख ग्रामीणों में दहशत

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।**



पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर मंगलवार सुबह सुबेहा थाना क्षेत्र के अमरवल गांव के पास हुए भयंकर सड़क हादसे मे 18 चक्का ट्रक जलकर राख हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक व क्लीनर भागकर जान बचाई, और मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह लगभग 7 बजे एक ट्रक राजस्थान से टाइल्स व पत्थर लादकर पूर्वांचल एक्सप्रेस होते हुए बलिया की ओर जा रहा था। ट्रक जब अमरवल गांव के समीप पहुंचा तभी टायर फट जाने से डिवाइडर मे टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक मे भयंकर आग लग गई। चालक व क्लीनर कूदकर भाग गये।आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों ने सुबेहा पुलिस को सूचना दी ।मौके पर यूपीडा की बचाव राहत टीम, सुबेहा पुलिस व दमकल की तीन गाडियां मौके पर पहुंची। बडी मुश्किल से आग बुझाई जा सकी लेकिन तब तक ट्रक सामान सहित जलकर राख हो चुका था।

पुलिस के अनुसार ट्रक चालक की पहचान अमर लाल निवासी अजमेर के रूप में हुई है। घटना के बाद चालक और परिचालक दोनों ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गए।

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है की अंजु वर्मा पिता श्री देव नरायन वर्मा ग्राम कसेरी बुजुर्ग कैसरगंज बहराइच की निवासी हूं। मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र वर्ष 2025 अनुक्रमांक 1252289717 है जो कहीं गायब हो गया है।

**प्रार्थनी**
**अंजु वर्मा पिता देवनरायन वर्मा**
**ग्राम कसेरी बुजुर्ग कैसरगंज बहराइच।**

# अभियंताओं की दक्षता, गुणवत्ता व नवाचार से मिलेगी प्रदेश के विकास को नई गतिः स्वतंत्र देव

▸ अभियंता दिवस समारोह का आयोजन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

भारतरत्न इं. मोक्षगुण्डम् विश्वेश्वरैया के 166वें जन्मदिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन प्रेक्षागृह सिंचाई विभाग तेलीबाग लखनऊ में अभियंता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एसोसिएशन की पत्रिका 'विश्वेश्वरैया विशेषांक' एवं लोक निर्माण विभाग की पत्रिका 'प्रज्ञता' का विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अभियंताओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अभियंताओं को अभियंता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारतरत्न एम. विश्वेश्वरैया का जीवन दूरदृष्टि, अनुशासन, तकनीकी दक्षता और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है। अभियंता केवल सड़क, पुल, भवन और नहरों का निर्माण नहीं करते,



बल्कि जनजीवन को बेहतर बनाने, आर्थिक गतिविधियों को गति देने और विकास के अवसरों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अभियंताओं को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आधुनिक तकनीक, नवाचार और कुशल प्रबंधन का उपयोग करना चाहिए। सरकार का संकल्प है कि विकास परियोजनाएं समय से पूर्ण हों, लागत नियंत्रित रहे और उनका अधिकतम लाभ जनता को मिले। उन्होंने कहा कि अभियंत्रण क्षेत्र की दक्षता और प्रतिबद्धता से प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। इससे पूर्व जलशक्ति मंत्री ने उदयगंज स्थित सिंचाई विभाग मुख्यालय परिसर में भारतरत्न डॉ. एम. विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह में उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव, निवर्तमान अध्यक्ष सुरजीत निरंजन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी के मंगलम, महासचिव आशीष यादव, अतिरिक्त महासचिव शशांक पांडेय, संगठन सचिव अभिषेक यादव सहित विभिन्न अभियंत्रण विभागों, निगमों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के विभागाध्यक्ष, प्रमुख अभियंता तथा बड़ी संख्या में अभियंताओं ने प्रतिभाग किया।

## बुनकरों के हुनर को सरकारी बाजार, अस्पतालों में गूंजेगी हथकरघे की पहचान

लखनऊ। योगी सरकार हथकरघा क्षेत्र को मजबूत करने और बुनकरों को उनके उत्पादों के लिए स्थायी बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही है। अब सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों में इस्तेमाल होने वाले हथकरघा निर्मित उत्पादों की खरीद के जरिए प्रदेश के बुनकरों को बड़ा और सुनिश्चित बाजार उपलब्ध कराने की तैयारी है। इससे सरकारी संस्थानों की जरूरतें पूरी होने के साथ बुनकर परिवारों को नियमित रोजगार और आर्थिक मजबूती मिलने का रास्ता तैयार होगा। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, तिलक मार्ग, डालीबाग स्थित सभाकक्ष में खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग में प्रयुक्त होने वाले हथकरघा उत्पादों की खरीद एवं आपूर्ति व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक हुई।

## वीबी जी राम जी योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाएं अधिकारी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर वीबी जी राम जी योजना के मुख्यालय एवं जिला स्तरीय क्रियान्वयन की समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री ने योजना की प्रगति का ब्योरा लिया और निर्देश दिया कि डबल इंजन सरकार की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। जनप्रतिनिधियों एवं पंचायतों की सुदृढ़ सहभागिता उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वीबी जी राम जी योजना में को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने तथा स्थानीय निकायों की भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रत्येक जनपद में पंच सम्मेलन का आयोजन किया जाए। इन सम्मेलनों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सांसदों, विधायकों, जिला व क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी की जाए, जिससे विकास योजनाओं में जन-सहभागिता और पारदर्शिता बनी रहे।आगामी त्योहार के दृष्टिगत वीबी जी राम जी योजना के कार्य आवंटन एवं निष्पादन में तेजी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और रोजगार सृजन के उद्देश्य से उन्होंने निर्देश दिया।

## जनहित के काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: शर्मा

▸ जलभराव को लेकर अलर्ट मोड में रहें नगरीय निकाय

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से आमजन को राहत दिलाने के लिए योगी सरकार ने नगरीय निकायों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था की नियमित निगरानी और संवेदनशील इलाकों में पहले से इंतजाम के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री एके शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि वाराणसी सहित प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में जल निकासी व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। प्रत्येक संवेदनशील क्षेत्र को चिन्हित कर वहां नालों, सीवर लाइनों और पम्पिंग स्टेशनों की स्थिति की पहले से समीक्षा की जाए। जहां कहीं भी जल निकासी की व्यवस्था में कमी दिखाई दे, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। अधिकारी संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों में पहले से आवश्यक तैयारियां पूरी रखें।नगर विकास मंत्री ने स्पष्ट किया कि शासन की ओर से अधिकारियों को पर्याप्त संसाधन और दिशा-निर्देश उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ऐसे में कार्यों के क्रियान्वयन में लापरवाही या उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी स्वीकार नहीं होगी। लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर, सुगम और सुरक्षित नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वाराणसी जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर में जल निकासी, सीवर और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। जलभराव के तत्काल समाधान के साथ इसके स्थायी निराकरण के लिए भी प्रभावी कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है। योगी सरकार की प्राथमिकता आमजन को राहत और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। वाराणसी में कार्रवाई जवाबदेही का संदेश है कि जनहित के कार्यों में जिम्मेदारी से समझौता करने वालों के खिलाफ शासन सख्त कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

## पति-पत्नी की मौत से हड़कंप, स्कूल से लौटे बच्चों ने देखा खौफनाक मंजर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बीकेटी थाना क्षेत्र के मदारीपुर गांव में मंगलवार दोपहर पति-पत्नी की मौत से हड़कंप मच गया। दोपहर करीब दो बजे स्कूल से घर लौटे उनके 10 वर्षीय बेटे और आठ वर्षीय बेटी ने माता-पिता को मृत अवस्था में देखा। बच्चों की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मदारीपुर निवासी आशीष प्रजापति (35) घर के अंदर मृत मिले, जबकि उनकी पत्नी छमता (30) चारपाई पर मृत अवस्था में मिलीं। प्रारंभिक जांच में दंपती के बीच पूर्व से पारिवारिक विवाद होने की बात सामने आई है। ग्रामीणों ने बताया कि आशीष प्रजापति का विवाह 15 वर्ष पूर्व अमानीगंज के भवानीपुर की रहने वाली छमता से हुआ था।

## खबरें एक नजर में

### राजस्थान नतीजों पर भड़कीं मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने राजस्थान में हुए निकाय चुनाव के परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए पाटर्टी के प्रदर्शन पर संतोष जताया है। उन्होंने कहा कि बसपा ने इस बार 19 सीटों पर अपने पार्षद जिताकर भेजे हैं और कई उम्मीदवार बेहद कम मतों के अंतर से चुनाव हार गए। उन्होंने कहा कि सरकारी मशीनरी की गड़बड़ी के कारण दोबारा हुई मतगणना में कई उम्मीदवारों को कुछ-कुछ वोटों के अंतर से हरा दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक, मायावती ने कहा कि यदि ऐसा नहीं होता तो पार्टी का परिणाम और बेहतर हो सकता था। उन्होंने चुनाव में मेहनत करने वाले बसपा के सभी छोटे-बड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राजस्थान से पहले पंजाब समेत देश के कुछ अन्य राज्यों में भी स्थानीय निकाय चुनाव हुए हैं, जहां बसपा का प्रदर्शन पहले से बेहतर रहा है। मायावती ने वहां पार्टी के अच्छे परिणाम के लिए संबंधित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को भी बधाई दी। बसपा प्रमुख ने उम्मीद जताई कि आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में राजस्थान सहित देशभर में पार्टी के ये कार्यकर्ता और समर्थक बेहतर परिणाम दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी आगे भी अपनी राजनीतिक ताकत बढ़ाने के लिए लगातार काम करती रहेगी।

### महिला की सिर कूचकर हत्या

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एक महिला की सिर कूचकर हत्या कर दी गई है। उसका शव बारा-बिरवा में मानसरोवर मार्केट में लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। मामला कृष्णानगर का है। मानसरोवर मार्केट में एक बरामदे में करीब 30 साल की महिला का शव पड़ा मिला था। मंगलवार सुबह आसपास के लोगों ने शव देखा तो पुलिस सूचना दी। कृष्णानगर इलाके में 24 घंटे के अंदर यह दूसरी हत्या है। मानसरोवर मार्केट में मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची है। मृत महिला की पहचान करीब 30 साल की राधा के रूप में हुई है। कृष्णानगर इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया घुमंतू टाइप की महिला है। सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। आसपास के लोगों से पता करने पर मालूम हुआ किसी भोला नाम के व्यक्ति के साथ सड़क पर ही रहती थी। वह व्यक्ति घटना के बाद से लापता है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### एजेपी छात्र मोर्चा का आरक्षण और यूसीसी के समर्थन में प्रदर्शन

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के परिवर्तन चौक पर अपनी जनता पार्टी (एजेपी) के छात्र मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों और मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। छात्र मोर्चा के बैनर तले जुटे कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने आरक्षण और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के समर्थन में नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि देश में सामाजिक समानता, राष्ट्रीय एकता और समान अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर व्यापक स्तर पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने इन विषयों को लेकर सरकार से आवश्यक कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान छात्र मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने देश में एक देश-एक चुनाव व्यवस्था लागू करने की मांग भी उठाई।

### ट्रक बाइक सवार दो युवकों पर चढ़ा, एक की मौके पर मौत

लखनऊ। राजधानी में सीतापुर रोड पर मंगलवार सुबह हादसा हो गया। एक ट्रक बाइक सवार दो युवकों पर चढ़ गया। हादसे में एक युवक का सिर सड़क पर पिस गया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। ट्रक बाइक के पीछे चल रहा था। हादसे के बाद लोग ट्रक ड्राइवर को पकड़ने के लिए दौड़े, लेकिन वह ट्रक लेकर भाग गया। घटना का समय सुबह करीब 9 बजे का है। बीकेटी निवासी दोनों युवक सीतापुर साइड से लखनऊ की ओर आ रहे थे। उनके पीछे एक ट्रक भी था, जो टाइटन धर्मकांटा के पास बेकाबू हो गया और दोनों के ऊपर चढ़ गया। जिस युवक की मौके पर ही मौत हुई, उसकी पहचान माल थाना क्षेत्र के बसहरी अटरिया निवासी छोटे लाल के बेटे जवाहिर (20) के रूप में हुई। उसका दोस्त मुकेश पुत्र जगदीश (20) गंभीर रूप से घायल हुआ है। ये दोनों मड़ियांव स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में खाना बनाते थे।

## राष्ट्रीय एकता के लिए हिंदी की मजबूती जरूरी



▸ खुनखुन जी डिग्री कॉलेज में संवाद

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में खुनखुनजी डिग्री कॉलेज सभागार में स्नातकों से संवाद करते हुए हिंदी जन अभियान के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं का लोकजीवन में अधिकाधिक प्रयोग जरूरी है, इससे भारतीयता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना प्रबल होगी। गैर हिंदी भाषी प्रांतों में हिंदी को राष्ट्रीय अस्मिता से जोड़कर आत्मसात किया जाता है। दक्षिण भारत में हिंदी का विरोध नहीं के बराबर है। आत्मबल की कमी और प्राथमिकता के अभाव के कारण सरकार अपने कर्तव्य का पालन ठीक से नहीं कर रही। संविधान के भाग 17 व अनुच्छेद 343 की लगातार अवज्ञा हो रही है शासन-प्रशासन व न्याय की भाषा हिंदी होनी चाहिए। नेपाल, थाईलैंड, कम्बोडिया, अरब आदि देशों में नंबर प्लेट वहां की भाषा में मिलते हैं द्य दीपक ने कहा कि जिन दुकानों के नाम- पट हिंदी में होंगे, हम वहीं से खरीदारी करेंगे। हमें मानसिक और सांस्कृतिक गुलामी से भी लड़ना होगा द्य समाजवादी चिंतक दीपक ने बताया कि देश के सभी महान नेताओं और विभूतियों ने हिंदी और भारतीय भाषाओं को सशक्त किया द्य हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की प्रथम मांग महात्मा गाँधी व महर्षि दयानन्द सरस्वती ने की थी, दोनों गुजरात के थे द्य नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आज़ाद हिन्द सरकार की राष्ट्र भाषा हिंदी को घोषित किया था, जबकि वे बांग्लाभाषी थे और उनका जन्म उड़ीसा के कटक में हुआ था। वन्दे मातरम् के रचयिता बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय, केशवचंद्र सेन, टी. विजयराघवाचारी, रामास्वामी अय्यर जैसी अनेक विभूतियों ने हिंदी के पक्ष में अभियान चलाया द्य शिवाजी ने हिंदी कवि भूषण को राजकवि बनाकर हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का संकेत दिया था द्य हिंदी की मजबूती से लोकतंत्र मजबूत होगा। लोकराज लोकभाषा में सशक्त होता है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी भाषा होने के बावजूद हिंदी संयुक्त राष्ट्र संघ में आधिकारिक भाषा के दर्जा से वंचित है। दीपक ने हिंदीजन से अनुरोध किया कि जिन दुकानों के नाम पट्ट हिंदी में हों, वहां से अधिक खरीदारी करें और दुकानदार को बता कर करें।

## खेती का मॉडल पेश करें कृषि विज्ञान केंद्रः शाही

- रबी सीजन की करें अग्रिम तैयारी
- लाइन सोइंग और इंटर क्रॉपिंग अपनाएं
- कृषि विश्वविद्यालयों के स्तर पर होगी केवीके की रैंकिंग

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



कृषि विज्ञान केंद्र केवीके किसानों के लिए मंदिर के समान हैं यहां वैज्ञानिकों द्वारा किये जा रहे शोध व नवाचार केवल प्रक्षेत्रों तक सीमित न रहकर किसानों के खेतों में वास्तविक बदलाव के रूप में दिखने चाहिए। हमारा ध्येय हर हाल में किसान को लाभान्वित करना होना चाहिए और प्रत्येक केवीके को एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। यह निर्देश उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को कृषि भवन सभागार में प्रदेश के सभी 89 कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों एवं प्रभारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में केंद्रों की गतिविधियों, सभी परियोजनाओं के सुचारु संचालन, आगामी रबी सीजन की रणनीति तथा विकसित भारत अभियान के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर दलहन व तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने पर विस्तृत चर्चा की गई।कृषि मंत्री ने वैज्ञानिकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे निर्धारित मॉड्यूल के अनुसार कार्य करते हुए केंद्रों पर व्यावहारिक गतिविधियों को तेजी से बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि देरी से बुवाई लेट सोइंग की प्रवृत्ति को हर हाल में बदलना होगा, क्योंकि इससे फसलों के उत्पादन और उत्पादकता दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। किसानों को समय से बुवाई, निराई-गुड़ाई और कटाई के लिए प्रेरित किया जाए तथा खेतों में लाइन सोइंग, इंटर क्रॉपिंग सहफसली खेती और बॉर्डर लाइनिंग जैसी उन्नत पद्धतियों को अनिवार्य रूप से लागू कराया जाए। वैज्ञानिक अपने प्रक्षेत्रों के साथ-साथ किसानों के खेतों पर सजीव प्रदर्शन कराकर इन उन्नत कृषि क्रियाओं को अपनाने में किसानों का सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि वैज्ञानिकों के समक्ष आने वाली नीतिगत एवं तकनीकी चुनौतियों का शासन स्तर पर तत्परता से समाधान किया जाएगा।श्री शाही ने व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए कृषि विश्वविद्यालयों के स्तर पर केवीके की नियमित रैंकिंग कराने के निर्देश दिए।

## राजा जयलाल सिंह स्मृति समारोह 1 अक्टूबर को

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। राजा जयलाल सिंह की स्मृति में कूर्मि क्षत्रिय सभा के तत्वावधान में 1 अक्टूबर को राजा जयलाल पार्क में स्मृति समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सभा के अध्यक्ष डीएम कटियार ने बताया कि कुर्मी कुलवंशीय अमर शहीद राजा जयलाल सिंह बेगम हजरत महल के सेनापति थे और अतरौलिया बड़ैरा स्टेट आजमगढ़ रियासत के राजा थे। 1857 में बेगम हजरत महल की ओर अंग्रेजों से लड़कर उन्हें पराजित किया था। विक्टोरिया की घोषणा पर विश्वास करके राजा साहब बाहर आ गए और अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार कर हजरतगंज स्थित पार्क में इमली के पेड़ से लटकाकर 1 अक्टूबर 1859 को उन्हें फांसी दी थी।

## 14 धार्मिक स्थलों का शिलालेखन व बारकोड का कार्य पूर्ण

### धार्मिक स्थलों के महत्व और मान्यताओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे पर्यटक व श्रद्धालुः जयवीर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



वित्तीय वर्ष 2025-26 में 575 परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं, जिनमें शिलालेख और बारकोड व्यवस्थाओं का प्राविधान किया गया है। जिसके तहत 14 आस्था स्थलों पर शिलालेख और बारकोड लगाये जा चुके हैं। शेष स्थलों पर बारकोड लगाने जाने की प्रक्रिया शुरू की गयी है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश के धार्मिक एवं प्राचीन तथा ऐतिहासिक महत्व के धरोहरों के बारे में श्रद्धालु एवं पर्यटकों को जानकारी देने के लिए यह व्यवस्था की गयी है। शिलालेखन से संबंधित पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में संक्षिप्त जानकारी उकेरी गयी है। आम लोगों को इस स्थल की महत्ता एवं मान्यताओं के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकेगी।जिन स्थलों पर शिलालेखन एवं बारकोड लगाने का कार्य पूरा हो चुका है, उसमें नार्दानंद ऋषि आश्रम मैनपुरी, सामौर बाबाधाम फिरोजाबाद, वनखण्डेश्वर मंदिर उखरैंड, च्यवन ऋषि आश्रम मैनपुरी, राधाकृष्ण मंदिर फिरोजाबाद, प्रसिद्ध कल्याणी माता मंदिर प्रयागराज, श्रीदुर्वासा आश्रम प्रयागराज, शूलटंकेश्वर महादेव मंदिर प्रयागराज तथा श्री दशाश्वमेध मंदिर प्रयागराज शामिल हैं। पगलानंद आश्रम प्रयागराज, कमनिद्या बाबा मंदिर अयोध्या, प्राचीन शिवाला मंदिर अयोध्या, प्राचीन ज्वालादेवी मंदिर सुचितागंज सोहावल अयोध्या तथा गहनाग बाबा मंदिर अयोध्या शामिल हैं। अन्य स्थानों पर संचालित परियोजनाओं में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा बारकोड युक्त शिलालेख लगाये जा रहे हैं।

## अयोध्या गोलीकांड में घायल महिला की केजीएमयू में मौत

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

**मोर्चरी के बाहर बवाल**

लखनऊ में अयोध्या के कदैला गोलीकांड में घायल राम लगन मौर्य की मां पार्वती देवी की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पार्वती देवी 25 अगस्त को हुई फायरिंग में घायल हुई थीं। हालत गंभीर होने पर उन्हें अयोध्या से लखनऊ के केजीएमयू रेफर किया गया था। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इससे पहले उनके बेटे राम लगन मौर्य की मौत हो चुकी है। मां-बेटे की मौत की सूचना के बाद मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे लखनऊ में मोर्चरी पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। यहां लोगों ने हंगामा करते हुए फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थक भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान काफी देर तक गहमागहमी का माहौल रहा। मामले में मीरा सिंह, विजयभान सिंह और विजय प्रताप सिंह को नामजद किया गया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 103, 109 समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। तीनों के फरार होने पर अयोध्या एसएसपी ने 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। पुलिस ने मामले में राजमणि, सचिन उपाध्याय, प्रज्वल सिंह, दीपक प्रजापति, मनीष शर्मा और इंद्रभानु सिंह के खिलाफ भी कार्रवाई की है। इसके बावजूद तीनों नामजद आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। 25 अगस्त को कदैला में हुई फायरिंग में राम लगन मौर्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। बाद में उनकी मौत हो गई थी। बेटे की मौत के बाद मां पार्वती देवी भी गंभीर हालत में जिंदगी और मौत से जूझ रही थीं। लखनऊ में इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। मां-बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करे मोदी सरकार

▸ योगी सेना भारत का प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

योगी सेना भारत ने आज यहां देश में केन्द्र सरकार से जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग करते हुये हजरतगंज में विरोध प्रदर्शन किया। योगी सेना (भारत) के उपाध्यक्ष एडवोकेट मोहित मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय से अटल चौक गांधी प्रतिमा पार्क हजरतगंज तक मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर मोहित मिश्रा ने कहा कि देश में बढ़ती बेरोजगारी, भुखमरी को देखते हुये देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करना बेहद जरूरी हो गया है। योगी सेना भारत के राष्ट्रीय प्रमुख गौरव वर्मा ने कहा कि हिंदुस्तान में जनसंख्या विस्फोट अर्थव्यवस्था, सामाजिक समरसता और संसाधन का संतुलन बिगाड़ रहा है। जनसंख्या नियंत्रण पर धार्मिक व्यवधान भी एक कारण है।

## पुस्तक महोत्सव | ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की पुस्तक 'द सेकेंड ऑर्बिट' का हुआ लोकार्पण

# खूब गूंजी अंतरिक्ष की उड़ान की प्रभावशाली कहानी

▸ शुभांशु शुक्ला ने छात्र-छात्राओं से किया संवाद

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत की ओर से आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव में मंगलवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ विशेष संवाद सत्र 'धरती से अंतरिक्ष तक सपनों की उड़ान' आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनकी अंग्रेजी पुस्तक 'द सेकेंड ऑर्बिट' का लोकार्पण उन्होंने अपने परिजनों के साथ संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने वीडियो संदेश से शुभांशु शुक्ला की पुस्तक और उनकी अंतरिक्ष यात्रा की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। पुस्तक के लोकार्पण के बाद शुभांशु शुक्ला ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया और अपने बचपन, शिक्षा, भारतीय वायुसेना में सेवा, प्रशिक्षण तथा अंतरिक्ष तक पहुंचने की पूरी यात्रा के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखने के बाद इंसान की सोच और नजरिया पूरी तरह बदल जाता है। शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष यात्रा के शुरुआती क्षणों को याद करते हुए कहा कि जब वह पहली बार अंतरिक्ष की ओर रवाना हुए तो उनके मन में उत्साह के साथ एक तरह का डर भी था। उन्होंने इस स्थिति की तुलना परीक्षा कक्ष से की। जिस तरह परीक्षा शुरू होने से पहले कई बार सब कुछ जानते हुए भी कुछ क्षणों के लिए दिमाग खाली-सा हो जाता है, वैसा ही अनुभव उन्हें भी हुआ। हालांकि, उन्होंने खुद को संभाला और मानसिक रूप से मजबूत होकर मिशन पर आगे बढ़े। अंतरिक्ष में रहने के दौरान शरीर और दैनिक जीवन में कई तरह के बदलाव महसूस होते हैं। सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के कारण शरीर की लंबाई कुछ बढ़ सकती है और पृथ्वी पर लौटने के बाद शरीर धीरे-धीरे अपनी सामान्य स्थिति में वापस आता है। वहां उठने-बैठने और चलने-फिरने का तरीका भी पृथ्वी से बिल्कुल अलग होता है। उन्होंने बताया कि यदि अंतरिक्ष में पानी गिराया जाए तो वह पृथ्वी की तरह नीचे नहीं गिरता, बल्कि छोटी-छोटी गोल बूंदों के रूप में तैरता रहता है। यही परिस्थितियां अंतरिक्ष में वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती हैं। शुभांशु शुक्ला ने बताया कि अपने मिशन के दौरान उन्होंने कई प्रयोग किए, जिनके माध्यम से सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण का मानव शरीर और आसपास के वातावरण पर प्रभाव समझने का प्रयास किया गया। लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने से मांसपेशियों पर भी असर पड़ता है। पृथ्वी की तरह शरीर को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध काम नहीं करना पड़ता, इसलिए मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। इसी कारण अंतरिक्ष यात्रियों को नियमित व्यायाम करना पड़ता है। अंतरिक्ष यान के भीतर हवा, तापमान और पर्यावरण को भी नियंत्रित परिस्थितियों में रखा जाता है।

## पीएचडी नॉन-जेआरएफ छात्रों को मिलेगा रु. 5,000 का वजीफा

▸ आर्ट्स कॉलेज का गौरवशाली इतिहास : प्रोफेसर आलोक

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



लखनऊ विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स में पीएचडी करने वाले ऐसे छात्रों को आर्थिक सहायता दी जाएगी, जिन्हें जेआरएफ छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। कॉलेज के प्रोफेसर आलोक कुमार कुशवाहा ने फ्रेशर्स के लिए आयोजित विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शोध मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत पात्र नॉन-जेआरएफ पीएचडी छात्रों को ?5,000 का वजीफा दिया जाएगा। कॉलेज में मंगलवार को मेंटोर-मेंटी प्रोग्राम के तहत फ्रेशर्स के लिए विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बीवीए प्रथम वर्ष, एमवीए प्रथम वर्ष और पीएचडी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने मुख्य रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन अतुल हुंडू ने किया, जबकि पल्लवी सिंह ने को-होस्ट के रूप में सहयोग किया। कार्यक्रम में इंचार्ज आलोक कुमार कुशवाहा ने कॉलेज के इतिहास, विकास और गौरवशाली विरासत पर प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि कॉलेज की स्थापना 1892 में विंग फील्ड मंजिल बनारसी बाग में हुई उसके पश्चात या बांस मंडी चौराहा इंडस्ट्रियल कॉलेज में स्थापित हुआ और 1911 से यह इस परिसर में आयोजित हो रहा है। उन्होंने संस्थान के पहले ब्रिटिश प्रिंसिपल नेथेनियल हर्ड और पहले भारतीय प्रिंसिपल असित कुमार हल्दार के योगदान के बारे में भी बताया। असित कुमार हल्दार ने करीब 20 वर्षों तक संस्थान में सेवाएं दीं और अपनी खास वॉश तकनीक की चित्रकला के लिए प्रसिद्ध रहे। उन्होंने बताया कि कई महत्वपूर्ण कलाकार इस संस्थान से जुड़े रहे हैं और कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# सात दिवसीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन और समस्या निवारण मेले का आयोजन

**प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण को प्रतिबद्धः अरविंद सिंह**



**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**

रौजा सहकारी गन्ना समिति लिमिटेड में चीनी मिल के गन्ना किसानों के लिए सात दिवसीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन और समस्या निवारण मेले का आयोजन किया गया है। ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने मेले का उद्घाटन किया। रौजा सहकारी गन्ना विकास समिति में यह मेला 15 से 22 सितंबर तक चलेगा। पहले दिन 150 किसानों ने अपना रिकॉर्ड चेक किया। कुछ किसानों ने शिकायतें दर्ज कराई, जिनमें से सभी का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। उन्होंने सभी किसानों से मेले का लाभ उठाने की अपील की है। जिला गन्ना अधिकारी डा. अनिल कुमार भारती ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य आगामी पेराई सत्र के लिए गन्ना किसानों के सट्टा एवं सर्वे आंकड़ों की त्रुटियों को दुरुस्त करते हुए अंतिम आंकड़े तैयार करना है, जिससे पेराई सत्र के दौरान कृषकों को कोई समस्या न हो तथा वह अपनी गन्ना आपूर्ति की पर्चियों पर निर्बाध रूप से गन्ने की आपूर्ति कर सकें। इस अवसर पर विधायक अरविन्द सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण एवं समय से गन्ना मूल्य भुगतान के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अध्यक्ष कुंवर त्रिवेन्द्र सिंह ने कृषकों से अनुरोध किया गया कि वह अपने सट्टे की भली-भांति जांच कर संतुष्ट हो लें तथा यदि कोई त्रुटि हो तो उसे भी ठीक करा लें क्योंकि यह सुधार का अंतिम अवसर है तथा एक बार आंकड़े अंतिम हो जाने के बाद फिर सुधार किया जाना संभव नहीं होगा। मेले में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रौजा लालचंद उपाध्याय, सचिव गन्ना समिति रौजा मानवेन्द्र त्रिपाठी, संचालक मंडल सदस्य आनन्द सिंह, चीनी मिल रौजा से अनिल चैहान, सत्येन्द्र मिश्रा, जानेन्द्र सिंह एवं रोहित राणा, चीनी मिल निगोही से राजेन्द्र सिंह, चीनी मिल लोनी से आनन्द सिंह, अजबापुर चीनी मिल से आदित्य सिंह सहित समस्त राजकीय एवं चीनी मिल स्टाफ उपस्थित रहा।

## स्वरोजगार से जोड़ने हेतु चार माह के सामूहिक प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**शाहजहांपुर।** उद्योग निदेशालय उ.प्र. कानपुर द्वारा संचालित योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति–जनजाति वर्ग के युवक–युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने एवं उनके कौशल विकास के उद्देश्य से चार माह का सामूहिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इसके लिए इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रशिक्षण में मेडिकल नर्सिंग, ब्यूटीशियन एवं इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का जूनियर हाईस्कूल उत्तीर्ण होना तथा आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थियों के पास जूनियर हाईस्कूल उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड तथा बैंक में बचत खाता होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र एवं मानदेय भी प्रदान किया जाएगा। उक्त योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, टाउन हाल चैराहा, शाहजहाँपुर में संपर्क कर सकते हैं।

# 'हिंदी भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा'



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

जीएफ कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित 'हिंदी सप्ताह' के दूसरे दिन शुद्ध वर्तनी लेखन एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।शुद्ध वर्तनी लेखन में एमएड द्वितीय वर्ष के नीलेश कुमार चैबे को प्रथम,एमए प्रथम सेमेस्टर की सारिका मौर्या को द्वितीय और बीए तृतीय सेमेस्टर की अंशिका शर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।स्लोगन प्रतियोगिता में में एमएड द्वितीय वर्ष के नीलेश कुमार चैबे को प्रथम, बीए द्वितीय सेमेस्टर की शिवांगी को द्वितीय, बीए तृतीय सेमेस्टर की अंशिका शर्मा को तृतीय स्थान एवं एमए तृतीय सेमेस्टर की मनतशा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खाँ ने कहा कि हिंदी भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, और यह भारतीय जीवन के विभिन्न पहलुओं, जैसे सरकार, व्यवसाय, शिक्षा और मनोरंजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो फैयाज अहमद ने कहा कि हिंदी आम आदमी की भाषा के रूप में देश की एकता का सूत्र है। सभी भारतीय भाषाओं की बड़ी बहन होने के नाते हिंदी विभिन्न भाषाओं के उपयोगी और प्रचलित शब्दों को अपने में समाहित करके सही निरंतर आगे बढ़ रही है। हिंदी जन-आंदोलनों की भी भाषा रही है।हिंदी विभाग के प्रो मो. साजिद खान, प्रो मो. अरशद खान, डॉ दरख्शाँ बी,डॉ शमशाद अली, डॉ मो. काशिफ नईम तथा डॉ परवेज मुहम्मद तथा डॉ शीनुल इस्लाम मलिक ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का संचालन डा. निजामुद्दीन खान ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### पेड़ काटने का आरोप, पुलिस से शिकायत



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव शिवनगर के ग्रामीणों ने गांव में लगे शीशम के पेड़ को काटकर गायब किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक शीशम का पेड़ गिर गया था। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने पेड़ को काटकर उसकी लकड़ी बेच दी। ग्रामीणों के अनुसार पेड़ की लकड़ी की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ की लकड़ी बेचकर प्राप्त धनराशि को गांव के मंदिर में लगाए जाने की बात कही गई थी, लेकिन आरोप है कि न तो धनराशि मंदिर में लगाई गई और न ही ग्रामीणों को इसकी कोई जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने शिकायती पत्र में मामले की जांच कराकर पेड़ की लकड़ी की बिक्री से प्राप्त धनराशि का पता लगाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### नाबालिग किशोरी से बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर – शाहजहांपुर।** घर में अकेली पाकर नाबालिग किशोरी के साथ बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। पीड़ित पिता ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह बाहर रहकर मजदूरी करता है। घर पर उसकी पत्नी बच्चो के साथ रहती है ! बीती पांच सितंबर को उसकी पत्नी मायके गई थी घर पर उसकी 16 वर्षीय नाबालिक बेटी अकेली थी ! आरोप है कि इसी दौरान अपरान्ह करीब चार बजे गांव खानपुर निवासी आकाश सिंह पुत्र झडी सिंह उसके घर में घुस आया ! और बेटी को जबरदस्ती कमरे मे खीच ले गया और उसके साथ बलात्कार किया ! अगले दिन जब उसकी पत्नी घर लौटी तो बेटी ने उसे आपबीती सुनाई। 13 सितम्बर को जब वह मजदूरी करके घर लौटा तो पत्नी ने उसे घटना की जानकारी दी ! पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के मद्देनजर वन स्टाप सेंटर भेज दिया गया।

### ग्रामीण को घेर कर कांता-लाठी से प्रहार कर किया मरणासन्न

**तिलहर–शाहजहांपुर।** गांव धन्योरा निवासी आराधना सिंह पत्नी सानू सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 10 सितंबर को शाम करीब 6 बजे उसके पति खेत में लैट्रीन कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही ऋषिपाल सिंह व सत्यभान सिंह पुत्र बादाम सिंह व ऋषि पाल सिंह के बेटे आनंद सिंह व प्रकाश सिंह और सत्यभान सिंह के बेटे जितिन सिंह ने अचानक आकर घेर लिया। आनन्द सिंह ने सिर मे काता मार दिया तथा जितिन सिहं ने सिर मे लाठियो से प्रहार कर मरणासन्न कर दिया। खबर मिलने पर वह व माता मुन्नी देवी मौके पर पहुंची तो उन्हें भी मारा पीटा और साड़ी फाड़ दी। आरोप है कि दो दिन बाद झगड़ा करने के लिए रिश्तेदार बुला लिया। और जान से मारने की एलानिया धमकी दी। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बच्चियों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया



**शाहजहांपुर।** उड़ान एक उम्मीद संस्था ने संजय विद्या मन्दिर में सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण के लिए जागरूकता अभियान आयोजित किया। डा.संगीता मोहन ने सभी बच्चियों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया और बच्चियों में होने वाली अन्य बीमारियों और समस्याओं के विषय में जानकारी दी और बचाव के उपाय भी बताए बच्चियों में खासा उत्साह दिखा। संस्था अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने भी बच्चियों को स्त्रियों और बच्चियों में होने वाली बीमारियों से सावधानी बरतने को प्रेरित किया। ज्ञात हो कि संस्था पिछले वर्ष से ही सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण का जागरूकता अभियान चला रही है पर तब सरकार द्वारा टीकाकरण नहीं किया जा रहा था। अब सरकार ने टीकाकरण पूर्ण रूप से नि:शुल्क कर रही है, जिसके लिए संस्था जागरूकता अभियान चलाकर बच्चियों को एकत्र करके कैम्प लगाकर टीकाकरण करवा रही है। संस्था अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष डा. संगीता मोहन ने आम लोगों से अपील की है कि चैदह वर्ष की बालिकाओं को टीकाकरण अवश्य कराए और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सत्येंद्र श्रीवास्तव, शिक्षिका स्नेहलता, उपस्थित रही।

### बाइक से गिरकर युवक गंभीर घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर – शाहजहांपुर।** बाइक से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और सीएचसी लेकर गए।जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक सोमवार देर रात साढ़े ग्यारह बजे नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी 25 वर्षीय संजू अपनी बाइक से रस्तोगी धर्मशाला में बर्थडे पार्टी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक रोड पर फिसल जाने से अनियंत्रित होकर रोड पर गयी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। खबर मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में संजू को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# अनुदेशकों ने पूर्व जिपं अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन, स्थायीकरण की मांग

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव से मुलाकात की और मुख्यमंत्री संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी लंबे समय से लंबित मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया है और उनके शीघ्र समाधान की मांग की है।घ्ज्ञापन में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत अनुदेशकों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को विस्तार से बताया गया है। सुप्रीम कोर्ट के 4 फरवरी 2026 के आदेशानुसार अनुदेशक पद का सृजन कर समस्त अनुदेशकों को नियमित किया जाए।घ्सुप्रीम कोर्ट के उसी आदेश के तहत प्रत्येक अनुदेशक को देय बकाया एरियर का भुगतान तत्काल किया जाए। घ्वर्तमान में जारी वार्षिक नवीनीकरण और बांड व्यवस्था को समाप्त कर स्थायी सेवा व्यवस्था लागू की जाए। घ्समस्त अनुदेशकों को 12 माह का पूर्ण वेतन प्रदान किया जाए। घ्महिला एवं पुरुष अनुदेशकों को उनकी पारिवारिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निवास के निकट विद्यालय में समायोजन और स्थानांतरण का लाभ दिया जाए। घ्महिला अनुदेशकों को सीसीएल और मिसकैरेज अवकाश का लाभ प्रदान किया जाए। घ्पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि वह इन मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुँचाएंगे। उन्होंने कहा कि अनुदेशकों की मांगें जायज हैं और वह उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी इस आश्वासन के लिए उनका आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। घ्ज्ञापन सौंपने वालों में एसोसिएशन के कई प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे। इस अवसर की एक तस्वीर भी उपलब्ध है, जिसमें अजय प्रताप सिंह यादव ज्ञापन स्वीकार करते हुए नजर आ रहे हैं और उनके साथ एसोसिएशन के अन्य सदस्य उपस्थित हैं।

## निकाह का झांसा देकर युवती से संबंध बनाने का आरोप, डॉक्टर पर मुकदमा

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने कैहमारिया गांव निवासी डॉक्टर सुफियान पुत्र मोहम्मद आलम के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। युवती का कहना है कि दवा देने के बहाने घर आने–जाने के दौरान डॉक्टर ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोप है कि निकाह का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए गए, लेकिन बाद में शादी से इनकार कर दिया गया। पुलिस को

**शादी से इनकार करने पर मारपीट और धमकी का भी आरोप**

दी गई तहरीर के अनुसार, दो सितंबर की रात करीब 12 बजे आरोपी युवती के घर पहुंचा। उस समय वह घर में अकेली थी। युवती का आरोप है कि इसी दौरान निकाह का आश्वासन देकर उसके साथ संबंध बनाए गए। युवती ने बताया कि 12 सितंबर को डॉक्टर ने उसे अपने घर बुलाया। गांव में लोगों की नजर पड़ने की आशंका पर आरोपी मोटरसाइकिल से उसके घर पहुंचा और उसे साथ ले गया। वहां निकाह की बात उठाने पर कथित रूप से बताया गया कि उसके परिजन शादी के लिए राजी नहीं हैं। आरोप है कि युवती द्वारा शादी के लिए दबाव बनाए जाने पर डॉक्टर ने गाली–गलौज करते हुए हाथापाई की और घटना किसी को बताने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। बाद में युवती ने परिजनों को जानकारी दी और थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जर्जर विद्यालय भवन ढहने से शिक्षामित्र की मौत

**समृद्धि न्यूज, जैतीपुर, शाहजहांपुर।**



जैतीपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत खिरिया रतन स्थित प्राथमिक विद्यालय कुबेर गोटिया में मंगलवार सुबह एक हृदयविदारक हादसा हो गया। जर्जर विद्यालय भवन के ध्वस्तीकरण का कार्य देखने पहुंचे शिक्षामित्र सुखपाल कश्यप (50) की अचानक बीम के नीचे दबने से असमय और दर्दनाक मौत हो गई। इस भीषण दुर्घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह लगभग 10.30 बजे विद्यालय परिसर में निष्प्रयोज्य व जर्जर भवन को तोड़े जाने की प्रक्रिया चल रही थी। विद्यालय में कार्यरत शिक्षामित्र सुखपाल कश्यप कार्य का जायजा लेकर बाहर निकल ही रहे थे कि अचानक भरभराकर भारी-भरकम बीम उनके ऊपर आ गिरी। बीम के गिरने की जोरदार आवाज से पूरा परिसर थर्रा उठा और मौके पर मौजूद बच्चों में चीख-पुकार मच गई। बच्चों का शोर सुनकर भारी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े। मलबे के नीचे दबे शिक्षामित्र को निकालने के लिए ग्रामीणों ने आनन-फानन में अथक प्रयास किए और कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला। हालांकि, हादसे में उनके सिर पर अत्यधिक गंभीर व जानलेवा चोटें आई थीं। परिजन तत्काल उन्हें उपचार हेतु बरेली ले गए, जहाँ चिकित्सकों ने परीक्षण के पश्चात उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक शिक्षामित्र सुखपाल कश्यप धुबला करीमनगर के निवासी थे। इस दुखद समाचार के मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी शीला देवी, चार बेटों और दो बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद से शिक्षा विभाग, परिजनों और संपूर्ण जैतीपुर ब्लॉक क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।

## विधायक ने श्रीगणेशजी की पूजा अर्चना कर श्रीगणेशोत्सव का किया श्रीगणेश

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर शाहजहांपुर।**



कस्बे में सातवें श्रीगणेशोत्सव का श्रीगणेश मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी और ग्राम प्रधान कौशलेंद्र सिंह रघुवंशी के साथ आचार्य पंडित आशीष बाजपेई के पांडित्य कर्म में पूजा अर्चना कर किया। कस्बे में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाइवे पर पुरानी गोदाम के सामने आयोजित सातवें श्रीगणेशोत्सव कार्यक्रम के मुख्य आयोजक किराना व्यापारी मनोज गुप्ता और सराफा व्यापारी सुधीर गुप्ता ने आचार्य पंडित आशीष बाजपेई के पांडित्य कर्म में विधिवत पूजा अर्चना करवाया। आचार्य पंडित आशीष बाजपेई ने बताया कि 20 सितंबर तक चलने वाले गणेशोत्सव में प्रतिदिन सुबह गणेश पूजन किया जाएगा। अपराह्न दो बजे से श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा और रात्रि में भगवान शिव पार्वती गणेश जी की कथाओं पर आधारित प्रवचन व आरती भजन के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में उद्योगपति सुनील गुप्ता, अतुल वर्मा, अमित बजरंगी, रजत बजरंगी, अर्पित गुप्ता, हर्षित गुप्ता, अनमोल सोमवंशी, अखिलेश गुप्ता व शिवम गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

## वैज्ञानिक परिकल्पना करते हैं, मूर्त रूप इंजीनियर देते हैंः सुनील

**इंजीनियर्स-डे पर 44 यूनिट रक्तदान, हवन कर दी श्रद्धांजलि**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



इंजीनियर्स-डे के अवसर पर सोमवार को सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अवर अभियंताओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। कार्यक्रम में उप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के संरक्षक इं. अनिल दीक्षित ने कहा कि देश के प्रथम भारतीय इंजीनियर भारतरत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या के जन्मदिन को हर वर्ष इंजीनियर्स-डे के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन महासंघ के संस्थापक इं. आरके दत्ता की पुण्यतिथि भी होती है। खून की कमी से उनके निधन के कारण महासंघ द्वारा प्रतिवर्ष 15 सितंबर को पूरे प्रदेश में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। शारदा नहर खंड के अधिशासी अभियंता इं. सुनील कुमार भास्कर ने स्वयं रक्तदान कर कहा कि वैज्ञानिक परिकल्पना करते हैं, जिसे मूर्त रूप इंजीनियर देते हैं। जनपद सचिव इं. अहमद मुबीन ने रक्तदान को पुनीत कार्य बताया। ब्लड बैंक अधीक्षक डॉ. शोभा बाजपेई ने बताया कि एक यूनिट ब्लड से चार लोगों की जान बचाई जा सकती है। शिविर में कुल 44 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में अधिशासी अभियंता सुनील कुमार भास्कर, सहायक अभियंता रितुराज सिंह, सर्वेश राठौर, जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह, जनपद सचिव बृजेश कुमार, अवर अभियंता भीमराव, विपिन यादव, मो. जीशान अली, ध्रुव अरोरा, अजय यादव, संजीव कुमार, कृष्ण कुमार पटेल, लाल बहादुर, शैलेश कुमार, मनोज कुमार, कुलदीप वर्मा, योगेंद्र कुमार, इंद्रेश सिंह, मोहित कुमार, अनूप सागर, रिजवान अहमद आदि शामिल रहे। इससे पूर्व सुबह 11 बजे निरीक्षण भवन में हवन और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान जगदीश शर्मा, रंजीत सिंह, अरविंद त्रिपाठी, रामऔतार, रामपाल, फुरकान आरिफ मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. गौरी, परामर्शदाता छाया सक्सेना, लैब टेक्नीशियन महेंद्र त्रिपाठी, सतेंद्र कुमार आदि की टीम मौजूद रही।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व सेफ सिटी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय तारीन टिकली द्वितीय, शाहजहांपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं सेफ सिटी योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार के नेतृत्व में किया गया। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित द्वारा छात्र-छात्राओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सेफ सिटी परियोजना सहित अन्य योजनाओं की पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में बताया।

कार्यक्रम के दौरान बाल श्रम की रोकथाम, बाल विवाह, शिक्षा का अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण तथा बालिकाओं के कानूनी अधिकारों के विषय में भी जागरूक किया गया। छात्राओं को बताया गया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से श्रम करवाना दंडनीय अपराध है और ऐसी सूचना मिलने पर तुरंत हेल्पलाइन पर सूचित करें।

छात्राओं को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में चुप न रहने तथा हेल्पलाइन नंबर 1098 (चाइल्डलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 112 (पुलिस आपात सेवा) एवं 181 (महिला हेल्पलाइन) पर संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, शिक्षामित्र सुनीता देवी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# 'सभी श्रमजीवी पत्रकारों को मिलें समान सुविधाएं'

**यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट सम्मेलन से लौटे जिलाध्यक्ष ने दिया ब्योरा**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने नई श्रम संहिता के तहत परिभाषित सभी श्रमजीवी पत्रकारों को राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारों को दी जा रही सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। महोबा में आयोजित यूनियन के तीन दिवसीय प्रादेशिक प्रतिनिधि सम्मेलन से लौट कर जिलाध्यक्ष कुलदीप दीपक और मंडलीय महामंत्री अमित गुप्ता ने संयुक्त बयान में बताया कि सम्मेलन में पत्रकारों की समस्याओं पर खुलकर चर्चा हुई। सम्मेलन को राज्य मंत्री जल शक्ति रामकेश निषाद तथा राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन मनोहर लाल मन्नू कोरी ने संबोधित करते हुए आश्वासन दिया कि यूनियन के ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा। सम्मेलन में अधिकांश जिलों के 300 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए स सम्मेलन के अंतिम दिन प्रतिनिधियों ने विश्व प्रसिद्ध धरोहर खजुराहो का भ्रमण किया। सम्मेलन में इस बात पर चिंता व्यक्त की गई की सरकार ने सभी श्रमजीवी पत्रकारों को सरकारी अस्पतालों में राज्य कर्मचारियों के समान मिल रही चिकित्सा सुविधा को केवल मान्यता प्राप्त पत्रकारों तक सीमित कर दिया है। डेस्क कर्मियों को मिल रही मान्यता को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में राजनाथ सरकार द्वारा गठित पत्रकार बंधु का भी कोई अता पता नहीं है। केंद्र सरकार ने आपदा के अवसर



का लाभ उठाते हुए पत्रकारों को रेल यात्रा में मिल रही 50ः छूट को कोविड के दौरान समाप्त कर दिया। सम्मेलन ने उक्त सभी सुविधाओं को तुरंत बहाल करने की मांग करते हुए सरकार से मान्यता एवं गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के बीच भेदभाव को समाप्त करने का अनुरोध किया है। यूनियन के प्रादेशिक अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी द्वारा पेश किए गए ज्ञापन में पत्रकारों के लिए देशव्यापी पेंशन व्यवस्था , पीएफ के माध्यम से मिल रही न्यूनतम पेंशन को 1000 से बढ़ाकर 5000 करने की भी मांग की गई। पत्रकारों पर बढ़ रहे हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने और आकस्मिक निधन का शिकार होने वाले पत्रकारों के परिवारों को आर्थिक सहायता के लिए स्थाई व्यवस्था की भी मांग की गई स पीजीआई में राज्य मुख्यालय के पत्रकारों को मिल रही चिकित्सा सुविधा के सरलीकरण और उसका लाभ सभी पत्रकारों को दिए जाने की मांग की गई स पत्रकारों को सस्ती दर पर भूखंड आवंटन, छोटे एवं मध्य श्रेणी के अखबारों को विज्ञापन आवंटन में निश्चित प्रतिशत के बंटवारे, वेब मीडिया के लिए नीति तथा प्रदेश स्तर पर प्रेस काउंसिल बनाए जाने की भी मांग की गई। प्रदेश सरकार द्वारा पत्रकारों को आयुष्मान योजना में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए योजना की कमियों को दूर करने एवं उसे अधिक व्यापक बनाने के लिए भी सुझाव दिए गए स वक्ताओं ने पत्रकारों की अपनी कमियों को भी रेखांकित किया स जिसे दूर करने के लिए प्रतिनिधियों से लिखित सुझाव मांगे गए। सुझाव आने के बाद पत्रकारों की आचार संहिता पर सरकार से वार्ता की जाएगी। स्वागत समिति के अध्यक्ष शिवशरण सिंह ने आए हुए प्रतिनिधियों का स्वागत किया स महामंत्री देवराज सिंह ने यूनियन की एक वर्ष की गतिविधियों की रपट पेश की। सम्मेलन को आईएफडब्ल्यूजे के उपाध्यक्ष प्रेम कांत तिवारी एवं मुख्यालय सचिव के विश्वदेव राव ने संबोधित किया स महोबा जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा ने जो आयोजन समिति के अध्यक्ष भी हैं सभी का आभार व्यक्त किया। श्री मिश्र को चित्रकूट मंडल का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया। प्रतिनिधियों ने बुंदेली सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया स सम्मेलन में शाहजहांपुर से जिलाध्यक्ष कुलदीप दीपक, मंडलीय महामंत्री अमित गुप्ता, मीडिया प्रभारी राजीव रंजन, ध्रुव सक्सेना, राष्ट्रीय पार्षद अभिषेक गुप्ता आदि शामिल रहे।

# डीएम ने निजामपुर गौटिया गौशाला निरीक्षण में पकड़ी खामियां

- गौवंश के संरक्षण, चारा-पानी व साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश
- व्यवस्थाएं संतोषजनक न मिलने पर सचिव को निलंबित करने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने ददरौल के निजामपुर गोटिया स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहां गौवंश के संरक्षण एवं उनके लिए उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम गौशाला में संरक्षित गौवंश की संख्या, उनके स्वास्थ्य, चारे एवं भूसे की उपलब्धता, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई तथा गौवंश के रख-रखाव के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। चारे एवं भूसे की स्थिति का भी निरीक्षण किया तथा गौवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। गौशाला में गौवंश के संरक्षण एवं रख-रखाव की व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं पाई गईं। व्यवस्थाओं में कमी मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए गौशालाओं के संचालन एवं गौवंश के संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। साथ ही, गौशाला की व्यवस्थाएं ठीक न पाए जाने पर संबंधित ग्राम सचिव को निलंबित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि गौशालाओं में संरक्षित गौवंश की देखभाल में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। गौवंश को समय से पर्याप्त मात्रा में चारा एवं भूसा उपलब्ध कराया जाए तथा उनके लिए स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गौशाला परिसर में नियमित रूप से साफसफाई कराने तथा बीमार अथवा कमजोर पशुओं की पहचान कर उनका तत्काल उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशाला में रहने वाले प्रत्येक गौवंश की उचित देखभाल सुनिश्चित की जाए और व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को तत्काल दूर करते हुए गौशाला की व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार किया। डीएम ने अधिकारियों को गौशाला की व्यवस्थाओं की नियमित रूप से समीक्षा एवं निरीक्षण करने तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप गौवंश को सुरक्षित, स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध हो। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि गौशालाओं में गौवंश के संरक्षण एवं देखभाल में किसी भी प्रकार की उदासीनता अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी सिटी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** एसपी के निर्देशन में एसपी सिटी देवेंद्र कुमार द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गयी। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों के टर्नआउट एवं अनुशासन का निरीक्षण किया गया तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने हेतु नियमित व्यायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके उपरान्त अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा पुलिस लाइन स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में रखे गए रजिस्टरों एवं अभिलेखों का अवलोकन एवं चेकिंग की गयी तथा उनके उचित एवं अद्यावधिक रख-रखाव के संबंध में संबंधित अधिकारीध्कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यालयों में साफ-सफाई, अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा शासकीय कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित किए जाने पर विशेष जोर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार द्वारा पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने तथा आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### किसान दिवस बैठक आज

**शाहजहांपुर।** माह सितम्बर में आज बुधवार को किसान दिवस बैठक का आयोजन किया जाजगा। जोकि कृषि विज्ञान केन्द्र नियामतपुर में प्रस्तावित था, जिसे डीएम के अनुमोदनोपरान्त अब विकास भवन सभागार में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा, जिसमें जनपद के कृषक प्रतिनिधि, प्रगतिशील कृषक एवं समस्त सम्बन्धित विभागीय अधिकारी मौजूद रहेगें। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने कहा कि जनपद के कृषक प्रतिनिधियों, प्रगतिशील कृषकों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों से अनुरोध है कि उपरोक्त किसान दिवस बैठक में निर्धारित तिथि को ससमय भाग ले।

### लोईखेड़ा के प्राचीन बालाजी के मंदिर पर लगा मेला



**रोजा,शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम लोईखेड़ा स्थित प्रसिद्ध बालाजी मंदिर में मंगलवार वार्षिक मेले का आयोजन हुआ। देर शाम को लगे इस मेले को लेकर स्थानीय लोगों में बड़ा उत्साह देखने को मिला। बच्चों से लेकर बड़े ने मेले में जमकर खरीदारी की। मेले में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने बालाजी मंदिर में दर्शन कर मनोकामना मांगी। इस अवसर पर बालाजी मंदिर के आसपास कई छोटी-बड़ी दुकानें भी सजी जो मेले में आकर्षण का केंद्र भी रही। मेले में बच्चों के लिए झूले लगाए गए। मेले में ग्राम पंचायत रामापुर बरकतपुर द्वारा पानी, रोशनी, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। इस मौके पर महंत श्री लक्कड़ दास ने बताया कि बरसों पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए प्रत्येक भाद्रपद माह में मेले का आयोजन किया जाता रहा है। उसी भाद्रपद के तहत यहां मंगलवार को भी मेले का आयोजन किया गया। सुंदरकांड के बाद पूजा कर प्रसाद वितरित किया। मेले की व्यवस्था में रामापुर बरकतपुर के प्रधानपति मानवेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान शालनी सिंह, अशोक कुमार श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र सिंह, प्रियंक त्रिपाठी, सुदेश सिंह, पारस गौतम, कुलविंदर सिंह खालसा, मोहित सिंह आदि मौजूद थे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय हाईवे पर मंगलवार सुबह एक हादसा हो गया। खिरिया मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से करीब 45 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। सुबह हाईवे किनारे शव पड़ा देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने मौके पर ट्रैफिक व्यवस्था संभाली ताकि हाईवे पर गाड़ियों की आवाजाही पर असर न पड़े। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उपनिरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि हादसा सुबह करीब पांच बजे के आसपास होने की आशंका है। मृतक की पहचान कराने की कोशिशें जारी हैं।

### विशेष चेकिंग अभियान चलाया

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी के दिशा निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी खीरी के मार्ग दर्शन व यातायात प्रभारी के नेतृत्व में शहर के प्रमुख चौराहों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखा छोड़ने, तेज आवाज व बिना नम्बर प्लेट चलने वाले वाहनो के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस द्वारा 05 वाहनों को पकड़कर, जिनके साइलेंसर नियमों के विरुद्ध बदले गए थे। इन वाहनों से भारी ध्वनि प्रदूषण फैलाया जा रहा था, जिससे बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों और आम राहगीरों को भारी असुविधा हो रही थी। पुलिस ने इन सभी 05 वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब्त कर सीज की गयी है तथा 36,500 रूपये जुर्माना अधिरोपित किया गया।

## जेब से रुपये निकालते बाल अपचारी पकड़ा

- सीएचसी गार्ड ने मोर्चरी में किया बंद

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



सीएचसी में दवा लेने के लिए लाइन में लगे एक व्यक्ति ने उसकी जेब से रुपये निकालते एक बाल अपचारी को रंगे हाथ धर दबोचा। शोर शराबा सुनकर पहुंचे सिक्यूरीटी गार्ड ने आरोपी को मोर्चरी में बंद कर पुलिस को इत्तिला दी और पुलिस उसे कोतवाली ले गयी। इस दौरान खासा हुजूम लग गया।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर सीएचसी में दवा काउंटर पर लाइन में लगे एक व्यक्ति की जेब से एक किशोर ने रुपये निकालने के लिए जैसे ही हाथ उसकी जेब में डाला कि सजग व्यक्ति ने तत्काल उसे धर दबोचा। इससे अफरा-तफरी मच गयी। शोर शराबा सुनते ही सीएचसी सिक्यूरिटी गार्ड ने आरोपी किशोर को कब्जे में लेकर मोर्चरी में बंद कर दिया! और पुलिस को इत्तिला दी। मौजमपुर चौकी इंचार्ज एसआई देवेश कुमार कांस्टेबल तुषांत चौधरी के साथ मौके पर पहुंचे और बाल अपचारी को मोर्चरी से बाहर निकलवाया और कब्जे में ले कोतवाली पहुंचे! उधर पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बीते दिन जब वह दवा लेने के लिए लाइन में लगा था तो उसकी जेब से तीन हजार रुपये निकल गए थे। इसी लिए वह उसे पकड़ने के लिए ही लाइन में लगे थे। फ़िलहाल समाचार भेजे जाने तक बाल अपचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

## नगरायुक्त ने सुनी संभव में शिकायतें एक समस्या का निस्तारण

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 02 बजे तक सिस्टेमैटिकन एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों,कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 4 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके ही 1 समस्या का निस्तारण किया गया तथा शेष के निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, मुख्य अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण, जन-प्रतिनिधिगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

## जेसीआई जनसंपर्क सप्ताह के छठवें दिन डांस दिल से प्रतियोगिता आयोजित

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी**



जेसीआई लखीमपुर खीरी द्वारा आयोजित जेसीआई जनसंपर्क सप्ताह के छठवें दिन एकल नृत्य प्रतियोगिता झंकार ÷डांस दिल से÷ आयोजित हुयी। चार समूहों में आयोजित इस प्रतियोगिता में 160 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम दिन में इस प्रतियोगिता का आडीशन राउंड हुआ जिसमें 47 प्रतिभागी फाइनल मुकाबले के लिए चयनित हुये। आडीशन में चयनित प्रतिभागियों का फाइनल मुकाबला देर रात तक चलता रहा। फाइनल मुकाबले में निर्णायक की भूमिका मुद्रिका मिश्रा, आरती श्रीवास्तव व आकांक्षा त्रिपाठी द्वारा निभाई गयी, जबकि आडीशन चक्र में यह कार्य पूर्णिमा इन्द्र, वेदांशी श्रीवास्तव, व ऐश्वर्या सक्सेना द्वारा निभाया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश वर्मा व मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम के प्रायोजक ब्रेड एण्ड बास्केट के संचालक विक्रम सचदेवा शामिल हुये। संचालन संस्था के पूर्वाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी आर्येन्द्र पाल सिंह द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम अर्चित महेंद्र व अंकित मित्तल के निर्देशन एवं कुलदीप गुप्ता व तुषार गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

सभी वर्गों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। निर्णयोंपरान्त झंकार एकल नृत्य प्रतियोगिता के जूनियर (विशेष) वर्ग में पलाक्षी बुधराजा ने प्रथम, ख्याति खन्ना ने द्वितीय व श्रृष्टि सिंह ने तृतीय स्थान के साथ ही काव्या श्रीवास्तव व दिया कश्यप ने सांत्वना पुरस्कार अर्जित किये। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में इशानी मिश्रा विजेता, वान्या अवस्थी उपविजेता बने। इस वर्ग के तृतीय स्थान पर श्रेया भारद्वाज रहीं जबकि प्रोत्साहन पुरस्कार आरुष व अथर्व वर्मा को मिला। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में तनिबा अली खान ने विजय पताका फहराई। कुहू सिंह राना को द्वितीय व साक्षी कुरील को तृतीय स्थान हासिल हुआ। माही गुप्ता व पलक मिश्रा को प्रोत्साहन पुरस्कार दिये गये। प्रतियोगिता के सीनियर (विशेष वर्ग) में अपनी शानदार प्रस्तुति के दम पर प्रशान्त शर्मा विजेता व लविशा तिवारी उपविजेता काबिज हुयीं। कमल गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे जबकि प्रोत्साहन पुरस्कार कशिश पॉप व अनुष्का बाजपेयी को मिला। इसके अतिरिक्त सभी प्रतियोगियों को प्रशस्ति पत्र व मैडल भी दिये गये। देर रात तक दर्शकों का हुजूम भी प्रतियोगिता से जुड़ा रहा। कार्यक्रम के बीच-बीच दर्शकों को भी पिक्सल्स एण्ड प्लेट्स के गेमिंग गिफ्ट कूपन देकर जोड़े रखा गया । इस कार्यक्रम में सप्ताह संयोजक विश्वास सेठ, अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, सप्ताह प्रभारी राजेश पटेल व सौरभ वर्मा, समन्वयक कनिष्क बरनवाल, मीडिया व जनसम्पर्क प्रभारी आर्येन्द्र पाल सिंह, विशाल सेठ, कुलदीप गुप्ता, तुषार गर्ग, अंकित मित्तल, अर्चित महेंद्र, अमर सिंह, दिनेश कुमार गुप्ता, अमित मिश्रा, राममोहन गुप्ता, योगेश जोशी, शुभम टण्डन, ज्योति जोशी, पारुल गर्ग, अलका अग्रवाल, मोनिका डोगराआदि की सक्रिय उपस्थिति रही।

## शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक सम्मान समारोह सम्पन्न



**सीतापुर।** स्थानीय भूमिजा बहुउद्देशीय हॉल में बेसिक एवं जूनियर विद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्नातक क्षेत्र के एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह पटेल ने शिक्षक समुदाय को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए एमएलसी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि शिक्षक समाज के सजग प्रहरी हैं। शिक्षक केवल वेतन के लिए कार्य नहीं करता, बल्कि अपने ज्ञान और अनुभव के माध्यम से समाज की आने वाली पीढ़ियों को दिशा देने का काम करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके सम्मान से समाज का सम्मान जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार द्वारा विद्यालयों में संसाधनों के विस्तार के साथ शिक्षकों के हित में भी लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षक समुदाय को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह उन्हें अपना प्रतिनिधि मानते हैं और शिक्षकों की ओर से सौंपे जाने वाले दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल, कार्यक्रम संयोजक सुधाकर शुक्ल, शिक्षक एमएलसी प्रतिनिधि पंकज पांडेय सहित विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने शिक्षकों को उनके स्थान पर पहुंचकर सम्मानित किया। समारोह के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों एवं सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर फुटबॉल मैच आयोजित



**लखीमपुर खीरी।** विद्यार्थियों खीरी द्यमें लोकतांत्रिक मूल्य को बढ़ावा देने और भारतीय संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मूल अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य के तहत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में विद्यालय की ए और बी फुटबॉल टीमों के मध्य एक प्रदर्शनी मैच आयोजित हुआ। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। प्रदर्शनी मैच में ए टीम के खिलाड़ी शुभम अवस्थी ने पहले हाफ में गोल करके अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई लेकिन दूसरे हाफ में बी टीम के खिलाड़ी कुनाल ने गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर पहुंचा दिया मैच के अंतिम क्षणों में ए टीएम के कप्तान प्रखर ने गोल कर अपनी टीम को 2-1 से विजेता बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैच में अंपायरिंग का दायित्व वीरेंद्र कुमार भारद्वाज और सरोज कुमार वर्मा ने निभाया। समापन पर मुख्य अतिथि के साथ प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनकर तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## ग्रामीणों की समस्याएं सुनने गांव पहुंचे डीएम, विकास कार्यों का लिया जायजा

- जगना में पंचायत भवन, राशन दुकान का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**



ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण और गांव में संचालित विकास कार्यों की हकीकत परखने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने विकासखंड ऐलिया के ग्राम पंचायत जगना का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सबसे पहले पंचायत भवन का निरीक्षण किया। यहां पुस्तकालय, सचिव कक्ष और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुस्तकालय की व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता मिलने पर उन्होंने ग्राम सहायक और सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सचिव कक्ष में सीसीटीवी, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र से संबंधित रजिस्टर और ऑनलाइन पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। पंचायत भवन में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए। इसके बाद डीएम ने पेंशन रजिस्टर की जांच कर वृद्धावस्था पेंशन के संबंध में जानकारी ली। मनरेगा के तहत कराए जा रहे तालाब और चकमार्ग पटाई के कार्यों से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन करने के साथ ही मौके पर पहुंचकर तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गांव में भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने जलभराव, बिजली, पेंशन, राशन, पेयजल समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में ग्रामीणों से सीधे जानकारी ली। साथ ही इंटरलॉकिंग कार्य, राशन की दुकान, कूड़ा घर, पानी की टंकी, आंगनबाड़ी केंद्र और खेल मैदान का भी निरीक्षण किया।

**आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में धीमी प्रगति पर जतायी नाराजगी:** निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र के कार्य में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था और जेई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं कूड़ा घर के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। ग्रामीणों द्वारा व्यवस्था संतोषजनक बताए जाने पर उन्होंने नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। खेल मैदान को और बेहतर विकसित करने के लिए खंड विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन समस्याओं के समाधान में समय लगना है, उनके लिए एस्टीमेट तैयार कर नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करते हुए कार्य शीघ्र कराया जाए।

## डाकघर में घुसा वन्यजीव एक घंटे में वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**पीलीभीत।** गजरौला कलां थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक जंगली वन्यजीव अचानक डाकघर परिसर में पहुंच गया। करीब दो बजे वन्यजीव को परिसर में घूमते देखकर डाकघर कर्मचारियों और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में मौके पर तमाशबीनों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने वन्यजीव को 'कब्र बिज्जू' बताया। बताया गया कि जंगल से रास्ता भटकने के कारण वह आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच गया और डाकघर में जा घुसा। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस के साथ वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू टीम ने सबसे पहले भीड़ को मौके से दूर कराया और लोगों को वन्यजीव से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की हिदायत दी। टीम ने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति उसे घेरने या पकड़ने का प्रयास न करे, क्योंकि घबराहट में वन्यजीव आक्रामक हो सकता है। इसके बाद वन विभाग और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान शुरू किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद वन्यजीव को सुरक्षित पकड़ लिया गया। वन विभाग के कर्मचारी अमित कुमार ने बताया कि वन्यजीव संभवतः जंगल से भटककर आबादी में आ गया था।

## सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा ने कसी कमर, जिले में होंगे सेवा कार्य

- पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होगा अभियान

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित किए जाने वाले सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर महत्वपूर्ण जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान को जिलेभर में प्रभावी ढंग से संचालित करने और अधिक से अधिक लोगों को सेवा कार्यों से जोड़ने को लेकर पदाधिकारियों ने मंथन किया। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद पार्टी पदाधिकारियों ने अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। यह अवसर संगठन और कार्यकर्ताओं के लिए सेवा एवं जनकल्याण के संकल्प को और मजबूत करने का है। इसी उद्देश्य से संगठन के आह्वान पर जिले में सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा की भावना के साथ पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। इसके तहत वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान सहित विभिन्न सेवा एवं जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अभियान के सुचारू संचालन के लिए जिला उपाध्यक्ष आयुष मिश्रा को संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी देखरेख में जिले में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर उन्हें निर्धारित समय के अनुसार आयोजित कराया जाएगा। बैठक में पदाधिकारियों ने अभियान को लेकर अपने सुझाव भी रखे और सेवा गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री महादेव गाईन, जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती, मानसिंह राठौर, रेखा सिंह परिहार, विकास श्रीवास्तव, अतिंदर पाल सिंह, जिला मंत्री विकास वाल्मीकि, जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार, शरद पाल सिंह और विवेक शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सतेन्द्र मौर्य ने बूथ स्तर पर कराई पीडीए जन पंचायत, भाजपा सरकार पर साधा निशाना

- महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेरा

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**




समाजवादी पार्टी ने 127 विधानसभा पीलीभीत क्षेत्र में बूथ स्तर पर जनसंपर्क और संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में ग्राम स्तर पर पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सतेन्द्र मौर्य ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जन पंचायत की और पार्टी की नीतियों को लेकर संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान सतेन्द्र मौर्य ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा समय में महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे मुद्दों से आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर और नौजवान लगातार विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में समाजवादी पार्टी बूथ स्तर तक पहुंचकर जनता के बीच इन मुद्दों को मजबूती से उठा रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए अभियान समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट कर उनके अधिकारों और समस्याओं को सामने लाने का माध्यम है। जन पंचायत के माध्यम से गांव-गांव लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है और उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत कराया जा रहा है। सतेन्द्र मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, महिलाओं को 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने तथा बच्चों को पहले की तरह लैपटॉप और छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

**सूचना**

मैं MADHUSMITA NAYAK मेरे पति आर्मी नं.-JC-562720M रैंक-NB/SUB HEMENDRA PRASAD NAYAK के सैन्य दस्तावेज में मेरी जन्मतिथि-20.07.1991 त्रुटिवश गलत अंकित हो गयी है, जबकि वास्तविक सही जन्मतिथि-10.07.1993 है। VILL/PO- KHUNTA PADA TEH-RARUAN DISTT-MAYURBHANJ STATE-ODISHA, PIN CODE-757035 MOB. NO-7970553606

## पाकिस्तान का छलावा

आतंकवाद पर कार्रवाई का दिखावा करके दुनिया को गुमराह करने की कोशिश, एफएटीएफ को कागजी कदमों के बजाय आतंकी ढांचे पर कार्रवाई का हिसाब लेना होगा पाकिस्तान का आतंकवाद के प्रति रवैया दुनिया के सामने एक बार फिर बेनकाब हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय दबाव पड़ता है तो वह आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का दिखावा करता है और दबाव कम होते ही उन्हीं आतंकी संगठनों को फिर से सक्रिय होने का अवसर मिल जाता है, जिन्हें वह सार्वजनिक रूप से प्रतिबंधित बता चुका होता है। एफएटीएफ की आगामी बैठक से पहले भारत में वांछित आतंकी सरगना मसूद अजहर पर इनामी राशि 50 लाख से बढ़ाकर 70 लाख रुपये किया जाना इसी विरोधाभासी नीति का ताजा उदाहरण है। सवाल यह नहीं है कि मसूद अजहर पर इनाम कितना बढ़ाया गया, सवाल यह है कि जब उसके पाकिस्तान में होने की आशंका लगातार जताई जाती रही है तो उसे गिरफ्तार करने के लिए पाकिस्तान ने अब तक क्या ठोस कदम उठाए हैं? मसूद अजहर कोई सामान्य अपराधी नहीं है। जैश-ए-मोहम्मद का यह सरगना भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों से लंबे समय से जुड़ा रहा है। उसके संगठन पर भारत में कई बड़े आतंकी हमलों में भूमिका के आरोप हैं। इसके बावजूद पाकिस्तान की ओर से उसके खिलाफ ऐसी प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं देती, जिससे यह भरोसा पैदा हो कि वह वास्तव में आतंकवाद के खिलाफ गंभीर है। इसके उलट जब अंतरराष्ट्रीय निगरानी संस्था की बैठक सामने आती है, तब इनाम बढ़ाने जैसे कदम उठाकर यह संदेश देने की कोशिश की जाती है कि कार्रवाई हो रही है। यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय की आंखों में धूल झोंकने का तरीका ही कहा जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई कागजों पर नहीं लड़ी जाती। किसी आतंकी के नाम पर इनाम घोषित कर देना आसान है, लेकिन उसके संगठन का वित्तीय नेटवर्क तोड़ना, उसके ठिकानों पर कार्रवाई करना, उसके सहयोगियों को गिरफ्तार करना और उसकी भर्ती तथा चंदा जुटाने की व्यवस्था खत्म करना वास्तविक कार्रवाई है। पाकिस्तान इन कसौटियों पर कितना खरा उतरता है, इसका मूल्यांकन होना चाहिए। पाकिस्तान की नई आतंकी सूची भी इसी संदेह को मजबूत करती है। यदि प्रतिबंधित या वांछित आतंकियों की सूची में पहले मौजूद तस्वीरें हटा दी जाती हैं और उनके आतंकी संगठनों से संबंधों का विवरण गायब कर दिया जाता है तो इससे आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई मजबूत नहीं, बल्कि संदिग्ध होती है। आतंकियों की पहचान छिपाने या उनके संगठनात्मक संबंधों को अस्पष्ट करने से किसका हित सधता है? यह प्रश्न पाकिस्तान से ही नहीं, उन सभी देशों से पूछा जाना चाहिए जो उसकी ऐसी कार्रवाइयों को स्वीकार कर लेते हैं। एफएटीएफ ने 2022 में पाकिस्तान को अपनी ग्रे सूची से बाहर कर दिया था। उस समय यह माना गया कि पाकिस्तान ने आतंकवाद के वित्तपोषण और धनशोधन से जुड़े मानकों को पूरा करने की दिशा में पर्याप्त प्रगति की है। यह निर्णय अपने स्थान पर उचित हो सकता है, लेकिन उसके बाद की परिस्थितियों की समीक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। किसी देश को एक बार मानकों के अनुरूप घोषित कर देना यह प्रमाणपत्र नहीं हो सकता कि वह भविष्य में भी आतंकवाद के वित्तीय नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई करता रहेगा। यही वह बिंदु है जहां एफएटीएफ को अधिक कठोरता दिखानी होगी। आतंकवाद के वित्तपोषण पर रोक लगाने का अर्थ केवल बैंक खातों पर निगरानी या कुछ संस्थाओं को प्रतिबंधित करना नहीं है। यह भी देखना होगा कि आतंकी संगठनों को चंदा कहां से मिलता है, भर्ती कौन करता है, उनके प्रशिक्षण और प्रचार का खर्च कौन उठाता है तथा प्रतिबंध के बाद वे किस नए नाम या संस्था के माध्यम से काम शुरू कर देते हैं। जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों की सक्रियता को लेकर भारत की चिंताएं पुरानी हैं। पाकिस्तान में आतंकी संगठनों की मौजूदगी को केवल भारत-पाकिस्तान के विवाद के चश्मे से देखना भी खतरनाक भूल होगी। आतंकवाद की प्रकृति अब स्थानीय सीमाओं में बंधी नहीं है। एक देश में पनपा कट्टरपंथ दूसरे देश में हिंसा का कारण बन सकता है और इंटरनेट तथा अंतरराष्ट्रीय वित्तीय नेटवर्क के माध्यम से उसका प्रभाव दुनिया के किसी भी हिस्से तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान जिस आतंकवाद को रणनीतिक हथियार समझता आया है, वही अंततः उसके लिए भी संकट पैदा कर सकता है। आतंकवादी संगठनों को संरक्षण देने का सबसे बड़ा खतरा यही है कि एक समय के बाद वे अपने कथित संरक्षकों के नियंत्रण से बाहर हो जाते हैं। अफगानिस्तान में पैदा हुई परिस्थितियां इसका उदाहरण हैं। यदि पाकिस्तान आतंकी ढांचे को खत्म करने के बजाय उसके साथ सुविधा के अनुसार व्यवहार करता रहा तो वैश्विक जिहादी नेटवर्क को इससे नया जीवन मिल सकता है। इस खतरे को अमेरिका और पश्चिमी देशों को भी गंभीरता से समझना होगा।

### दो टूक




# यूनीफॉर्म सिविल कोड का फायदा या नुकसान?


नीरज कुमार दुबे

मुंबई में अमित शाह ने कहा कि 2029 से पहले भाजपा-एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि तीन तलाक खत्म कर मुस्लिम महिलाओं को समान अधिकार देने की दिशा में कदम उठाया गया है और कई राज्यों में UCC की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। समान नागरिक संहिता पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बाद देश की राजनीति में जैसे भूचाल-सा आ गया है लेकिन हंगामा कर रहे लोगों को समझना चाहिए कि Uniform Civil Code का विचार आज की राजनीतिक बहस की उपज नहीं है। संविधान निर्माताओं ने ही इसकी कल्पना की थी और संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य को पूरे देश में समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करने का निर्देश दिया गया। संविधान सभा में डॉ. बी.आर. आंबेडकर ने भी स्पष्ट किया था कि विवाह और उत्तराधिकार जैसे क्षेत्रों को समान नागरिक कानून के दायरे में लाने की संवैधानिक मंशा है। यानी CC संविधान की मूल बहस का हिस्सा था, कोई अचानक सामने आया राजनीतिक एजेंडा नहीं। इसके बावजूद आजादी के बाद लंबे समय तक वोट बैंक की राजनीति और तुष्टिकरण की नीति के चलते कांग्रेस तथा उसके समर्थन वाली सरकारें विभिन्न समुदायों के निजी कानूनों को छूने से बचती रहीं। मगर नरेंद्र मोदी सरकार इस मुद्दे पर चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ताजा बयान इस संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। मुंबई में अमित शाह ने कहा कि 2029 से पहले भाजपा-एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि तीन तलाक खत्म कर मुस्लिम महिलाओं को समान अधिकार देने की दिशा में कदम उठाया गया है और कई राज्यों में CC की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। शाह का संदेश साफ है कि मोदी सरकार CC को केवल चुनावी घोषणा बनाकर छोड़ने के मूड में नहीं है, बल्कि राज्य सरकारों के जरिए इसे विस्तार देने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। उधर, अमित शाह के इस ऐलान के साथ ही विपक्ष ने इसे राजनीतिक मुद्दा बनाने में देर नहीं की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा है कि किसी भी विचारधारा को संविधान से ऊपर नहीं रखा जा सकता। उन्होंने उत्तराखंड और दूसरे राज्यों में लागू या प्रस्तावित UCC को उच्च न्यायपालिका की कसौटी पर परखे जाने की बात कही और कहा कि मौलिक अधिकार तथा धार्मिक स्वतंत्रता जैसे सवालों पर अंतिम निर्णय अदालतों को करना होगा। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने इससे भी आगे बढ़कर सवाल किया कि CC से बेरोजगारी, महंगाई या पेट्रोल-डीजल की कीमतों जैसी आर्थिक समस्याएं कैसे दूर होंगी। उनका आरोप है कि सरकार इस मुद्दे के जरिए मुसलमानों को निशाना बनाने की राजनीति कर रही है। देखा जाये तो यहीं से CC की असली राजनीतिक लड़ाई सामने आती है। एक पक्ष इसे समानता, लैंगिक न्याय और एक समान नागरिक अधिकारों की दिशा में संवैधानिक कदम बता रहा है, तो दूसरा पक्ष इसे धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक अधिकारों से जोड़कर देख रहा है। लेकिन राजनीतिक आरोपों से अलग इस पूरे विवाद का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि UCC का संवैधानिक आधार मौजूद है और व्यक्तिगत कानूनों से जुड़े विषयों पर कानून बनाने का अधिकार राज्यों और केंद्र दोनों के पास है। विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और दत्तक ग्रहण जैसे विषय संविधान की सातवीं अनुसूची की समवर्ती सूची में आते हैं। इसलिए केवल संसद से केंद्रीय कानून की प्रतीक्षा करने की बजाय राज्य भी अपने-अपने स्तर पर कानून बना सकते हैं। सबसे अहम बात यह है कि अब CC को लेकर बहस केवल राजनीतिक मंचों तक सीमित नहीं है।



मार्च 2026 में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 के उन प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा था कि CC का समय आ गया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने यह भी संकेत दिया था कि अगर मुस्लिम उत्तराधिकार कानून के किसी प्रावधान को रद्द कर दिया गया तो वैधानिक व्यवस्था में खालीपन पैदा हो सकता है। अदालत ने यह सवाल भी उठाया था कि ऐसे व्यापक बदलाव का रास्ता न्यायपालिका की बजाय विधायिका के माध्यम से क्यों न निकले। यानी सुप्रीम कोर्ट ने CC की संवैधानिक बहस को नकारा नहीं, बल्कि व्यापक कानून बनाने की जिम्मेदारी विधायिका की ओर इंगित की। यही नहीं, विधि आयोग का रिकॉर्ड भी इस बहस को एकतरफा नहीं रहने देता। 21वें विधि आयोग ने 2018 में 'Reforms of Family Law' परामर्श पत्र जारी किया था। बाद में 22वें विधि आयोग ने जून 2023 में UCC पर नए सिरे से जनता, धार्मिक संगठनों और दूसरे हितधारकों से सुझाव मांगे। सरकार के अनुसार 21वें आयोग ने अंतिम रिपोर्ट नहीं दी और 22वां आयोग भी CC पर अपनी रिपोर्ट पूरी नहीं कर सका। इस तरह यह मामला व्यापक परामर्श और विधायी विकल्पों की पड़ताल की प्रक्रिया में रहा है। अब सवाल यह है कि CC वास्तव में जमीन पर कैसा दिखता है? उत्तराखंड इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। 27 जनवरी 2025 से वहां UCC लागू है और विवाह, तलाक, भरण-पोषण तथा उत्तराधिकार जैसे मामलों के लिए धर्म के आधार पर अलग-अलग व्यवस्था के स्थान पर एक समान ढांचा लागू किया गया है। राज्य का आधिकारिक UCC पोर्टल लगातार विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और अन्य सेवाओं के पंजीकरण के आंकड़े उपलब्ध करा रहा है। यानी यह केवल कागज पर बना कानून नहीं है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था के स्तर पर काम कर रहा है। इसके बाद गुजरात ने मार्च 2026 में CC विधेयक पारित किया। करीब आठ घंटे की बहस और विपक्ष के विरोध के बीच पारित इस कानून का उद्देश्य विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और live-in relationships से जुड़े मामलों के लिए समान कानूनी ढांचा तैयार करना है। इसके बाद मई 2026 में असम विधानसभा ने भी UCC विधेयक पारित कर दिया। असम का कानून बहुविवाह पर रोक, विवाह और लिव-इन-रिलेशनशिप के पंजीकरण तथा उत्तराधिकार में समानता जैसे प्रावधानों पर केंद्रित है। अनुसूचित जनजातियों को उनकी संवैधानिक और प्रथागत व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए इसके दायरे से बाहर रखा गया है। गोवा का उदाहरण भी इस बहस में अक्सर निर्णायक रूप से सामने आता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

# जिनपिंग का दिया गया भरोसा भारत के लिए मात्र अवसर

डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात ने भारत-चीन संबंधों को लेकर नई उम्मीद पैदा की है। दोनों नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बनी कि मतभेदों को विवाद में नहीं बदलने दिया जायेगा। सीमा विवाद का निष्पक्ष और दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान तलाशने, व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंधों को आगे बढ़ाने तथा दोनों देशों के लोगों के बीच आवाजाही बढ़ाने पर भी सहमति दिखाई दी। आर्थिक और व्यापारिक चिंताओं का समाधान खोजने तथा क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहयोग बढ़ाने की बात भी सामने आई। इस मुलाकात का एक महत्वपूर्ण पहलू संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार का मुद्दा रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा परिषद में बदलाव और व्यापक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता पर जोर दिया और चीन की ओर से भी सकारात्मक संकेत दिखाई दिया। ब्रिक्स सम्मेलन के अंतिम दिन प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन सुनने के बाद शी जिनपिंग का उनके साथ ग्रुप फोटो में शामिल होना भी कूटनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण संदेश माना जा रहा है। तस्वीर में मोदी के एक ओर जिनपिंग और दूसरी ओर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का खड़ा होना बदलते वैश्विक समीकरणों का प्रतीक जरूर है। इन सकारात्मक संकेतों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है- क्या चीन की बदलती भाषा को उसकी बदलती नीति का प्रमाण मान लिया जाए? भारत के लिए यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि चीन के साथ संबंधों का इतिहास भरोसे और अविश्वास, दोनों से भरा रहा है। 1962 का भारत-चीन युद्ध आज भी भारतीय जनमानस में गहरे घाव की तरह मौजूद है। उस समय 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा था लेकिन दोनों देशों के बीच युद्ध ने यह साबित कर दिया कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में मित्रता के नारों से अधिक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हित और रणनीतिक तैयारी होती है। इसके बाद भी सीमा विवाद समाप्त नहीं हुआ। दशकों तक बातचीत चलती रही, कई समझौते हुए लेकिन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। गलवान घाटी की घटना ने एक बार फिर दोनों देशों के बीच गहरे



अविश्वास को सामने ला दिया। इसके बाद सीमा पर सैन्य तैनाती और तनाव ने स्पष्ट कर दिया कि चीन के साथ संबंधों में भारत को हमेशा सतर्क रहना होगा। यही कारण है कि इस बार जिनपिंग की ओर से दिए गए भरोसे को भारत को अवसर के रूप में देखना चाहिए, अंतिम समाधान के रूप में नहीं। कूटनीति में बयान महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण होता है उनका जमीन पर दिखाई देना। यदि चीन वास्तव में भारत के साथ संबंध सामान्य करना चाहता है तो इसका पहला प्रमाण सीमा पर मिलना चाहिए। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव कम होना, सैनिकों की तैनाती में कमी, पूर्व सहमत व्यवस्थाओं का पालन और सीमा विवाद को बातचीत के जरिए आगे बढ़ाना ही चीन की नीयत की वास्तविक परीक्षा होगी।

व्यापार के क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। भारत और चीन दोनों बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं और व्यापारिक संबंधों में सुधार से दोनों को लाभ हो सकता है लेकिन भारत को यह ध्यान रखना होगा कि व्यापार बढ़ाने के नाम पर चीन पर अत्यधिक आर्थिक या तकनीकी निर्भरता न पैदा हो। भारत को चीन के साथ व्यापार चाहिए लेकिन संतुलित व्यापार चाहिए। सांस्कृतिक संबंधों और लोगों के बीच आवाजाही को बढ़ावा देना भी सकारात्मक कदम है। दोनों देशों के बीच प्राचीन सभ्यतागत संबंध रहे हैं। शिक्षा, पर्यटन, बौद्ध संस्कृति और जनसंपर्क के माध्यम से रिश्तों को बेहतर बनाया जा सकता है।

लेकिन इसके लिए जरूरी है कि राजनीतिक और सुरक्षा वातावरण भी भरोसेमंद हो।संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के मुद्दे पर चीन का सकारात्मक रुख भी भारत के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। भारत लंबे समय से सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता और वैश्विक संस्थाओं में अधिक प्रतिनिधित्व की मांग करता रहा है। यदि चीन इस मुद्दे पर वास्तव में भारत के साथ खड़ा होता है तो यह संबंधों में वास्तविक बदलाव का महत्वपूर्ण संकेत होगा। लेकिन यहां भी भारत को शब्दों से अधिक कार्रवाई पर नजर रखनी चाहिए। मोदी-जिनपिंग-पुतिन की ग्रुप फोटो इसलिए चर्चा में है क्योंकि तस्वीर कभी-कभी कूटनीति का प्रतीक बन जाती है। लेकिन तस्वीर संबंधों की मंजिल नहीं होती। वह केवल यह बताती है कि बातचीत के दरवाजे खुले हैं। असली सवाल यह है कि इन खुले दरवाजों से दोनों देश आगे किस दिशा में चलते हैं। भारत को इसलिए न तो चीन के प्रति अंधा अविश्वास रखना चाहिए और न ही आंखें बंद करके भरोसा करना चाहिए।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

### कोरस


हरिमोहन वाजपेयी 'माधव'

## वो मेरे पीछे गिनाता है ख़ामियां मेरी

बखान करता है जो मुँह पे खूबियाँ मेरी,
वो मेरे पीछे गिनाता है ख़ामियाँ मेरी।

नसीहतें जो मिलीं थीं कभी बुजुर्गों से,
तमाम बार बनीं आके सीढ़ियाँ मेरी।

दुआएं माँ की मुझे लायी हैं किनारे तक,
वही तो बनती हैं हर सिम्त कश्तियाँ मेरी ।

किया क्या मैंने जो सदियों के काम आएगा ,
रखेंगी याद यही सब तो पीढ़ियाँ मेरी।

किसी का खुलके बढ़ाता हूँ हौसला जब भी,
मुझे ही लौट के मिलती हैं तालियाँ मेरी।

उठेगा एक समुन्दर तुम्हारे भीतर भी,
पढ़ोगे जब भी किसी शाम चिट्ठियाँ मेरी।

बचा के लाती हैं जब तब मुझे सफ़ाई से,
तमाम बार तलातुम से नेकियाँ मेरी।



# मानसिक स्वास्थ्य की पहली चौखट बनता एआई

डॉ. प्रियंका सौरभ



मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों के बीच अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आधारित चैटबॉट लोगों के लिए तेजी से संपर्क का पहला माध्यम बनते जा रहे हैं। अकेलापन, चिंता, तनाव, अवसाद, रिश्तों की उलझन या भावनात्मक संकट के क्षणों में कई लोग पहले किसी चिकित्सक के पास जाने के बजाय एआई से बातचीत करना पसंद कर रहे हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहां मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अभी भी असमान है, एआई तकनीक एक नई संभावना प्रस्तुत करती है। हालांकि, यह समझना आवश्यक है कि एआई मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने का माध्यम हो सकता है, उनका विकल्प नहीं। भारत में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की सबसे बड़ी चुनौतियों में प्रशिक्षित विशेषज्ञों की सीमित उपलब्धता, ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में सेवाओं का अभाव, उपचार की लागत तथा मानसिक बीमारी से जुड़ा सामाजिक कलंक शामिल हैं। ऐसे वातावरण में एआई की चौबीसों घंटे उपलब्धता महत्वपूर्ण अवसर पैदा करती है। व्यक्ति जब चाहे अपनी समस्या साझा कर सकता है और प्रारंभिक स्तर पर जानकारी, भावनात्मक सहारा तथा स्व-सहायता संबंधी सुझाव प्राप्त कर सकता है। एआई आधारित डिजिटल मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म इस दिशा में उपयोगी भूमिका निभा सकते हैं। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के प्रति सामाजिक झिझक भी एआई के उपयोग को बढ़ावा दे सकती है। अनेक लोग परिवार, मित्र या चिकित्सक के सामने अपनी भावनाएं व्यक्त करने में संकोच करते हैं। अपेक्षाकृत गुमनाम डिजिटल बातचीत उन्हें अपनी चिंता, डर और परेशानियों को शब्द देने का अवसर देती है। इस प्रकार चैटबॉट मानसिक स्वास्थ्य संबंधी संवाद की पहली सीढ़ी बन सकते हैं और व्यक्ति को आवश्यकता होने पर आगे पेशेवर सहायता लेने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। एआई का एक महत्वपूर्ण लाभ शुरुआती स्क्रीनिंग में भी है। व्यक्ति के संवाद, व्यवहार और कुछ डिजिटल संकेतों का विश्लेषण करके एआई संभावित चिंता, अवसाद या अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों की पहचान में सहायता कर सकता है। हालांकि ऐसी स्क्रीनिंग को अंतिम चिकित्सकीय निदान नहीं माना जाना चाहिए। इसका उद्देश्य केवल संभावित जोखिम को पहचानकर व्यक्ति को उचित विशेषज्ञ तक पहुंचाने में सहायता करना होना चाहिए। भारत की भाषाई विविधता को देखते हुए बहुभाषी एआई तकनीक भी विशेष महत्व रखती है। यदि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और प्रारंभिक सहायता केवल अंग्रेजी या कुछ सीमित भाषाओं तक रहेगी, तो बड़ी आबादी इससे बाहर रह जाएगी। भाषा-तकनीक और भारतीय भाषाओं के लिए विकसित डिजिटल प्रणालियां इस अंतर को कम कर सकती हैं। भविष्य में ऐसी सेवाओं को टेली-मानस जैसी सरकारी मानसिक स्वास्थ्य पहलों के साथ जोड़कर दूरदराज के क्षेत्रों तक प्रारंभिक सहायता पहुंचाई जा सकती है। व्यक्तिगत सहायता भी एआई की एक उपयोगी विशेषता हो सकती है। दवा लेने की याद दिलाना, नींद और दिनचर्या पर ध्यान देने के लिए प्रेरित करना, तनाव कम करने के अभ्यास सुझाना या संज्ञानात्मक व्यवहार चिकित्सा आधारित संरचित स्व-सहायता गतिविधियों में मार्गदर्शन देना कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां एआई सहयोगी भूमिका निभा सकता है। चिकित्सकों के लिए भी एआई मरीजों की नियमित निगरानी, जोखिम वाले मामलों की पहचान और प्राथमिकता तय करने में सहायक हो सकता है। इससे सीमित मानव संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग संभव हो सकता है। अवसरों के साथ जोखिम भी गंभीर हैं। भावनात्मक संकट में व्यक्ति अत्यधिक संवेदनशील स्थिति में होता है। यदि एआई गलत, अधूरी या संदर्भहीन जानकारी देता है तो वह व्यक्ति की समस्या को और बढ़ा सकता है। किसी नकारात्मक या भ्रमपूर्ण धारणा को चुनौती देने के बजाय चैटबॉट अनजाने में उसे मजबूत कर दे, तो परिणाम गंभीर हो सकते हैं। यही कारण है कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े एआई सिस्टम में सामान्य सूचना देने वाले चैटबॉट और चिकित्सकीय सहायता देने वाले प्रमाणित उपकरणों के बीच स्पष्ट अंतर होना चाहिए। सबसे बड़ा खतरा तब पैदा होता है जब व्यक्ति एआई को वास्तविक चिकित्सक का विकल्प समझने लगता है। लगातार बातचीत के कारण भावनात्मक निर्भरता भी विकसित हो सकती है। व्यक्ति यह मान सकता है कि मशीन उसकी भावनाओं को पूरी तरह समझती है, जबकि एआई के पास मानवीय अनुभव, नैतिक निर्णय, नैदानिक विवेक और वास्तविक सामाजिक संदर्भ को समझने की सीमाएं हैं। आत्महत्या या आत्महानि जैसे संकटपूर्ण मामलों में यह सीमा और अधिक गंभीर हो जाती है। व्यक्ति हमेशा सीधे शब्दों में अपनी स्थिति व्यक्त नहीं करता। उसके संकेत अप्रत्यक्ष, अस्पष्ट या सांस्कृतिक संदर्भों में छिपे हो सकते हैं। यदि एआई ऐसी चेतावनियों को पहचानने में विफल रहता है या समय पर मानवीय सहायता से नहीं जोड़ता, तो नुकसान की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए उच्च जोखिम वाले मामलों में चैटबॉट को बातचीत जारी रखने के बजाय प्रशिक्षित व्यक्ति, हेल्पलाइन या आपातकालीन सेवा की ओर तत्काल मार्गदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए। गोपनीयता भी एक बड़ी चिंता है। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बातचीत अत्यंत निजी होती है। व्यक्ति अपनी भावनाएं, पारिवारिक परिस्थितियां, संबंध, भय और व्यक्तिगत अनुभव डिजिटल प्रणाली के साथ साझा कर सकता है। ऐसे संवेदनशील डेटा का संग्रह, भंडारण, उपयोग और साझा किया जाना स्पष्ट नियमों तथा मजबूत डेटा सुरक्षा के अधीन होना चाहिए। भारत में डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण संबंधी व्यवस्था के संदर्भ में मानसिक स्वास्थ्य डेटा के लिए विशेष सावधानी आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, एआई में मौजूद एल्गोरिद्मिक पक्षपात भी चिंता का विषय है। भारत की भाषाई, सांस्कृतिक, लैंगिक और सामाजिक विविधता इतनी व्यापक है कि एक ही मॉडल सभी समुदायों की मानसिक स्वास्थ्य जरूरतों को समान रूप से नहीं समझ सकता। किसी एक भाषा, वर्ग या सांस्कृतिक संदर्भ पर आधारित प्रशिक्षण से तैयार प्रणाली दूसरे समुदाय के लिए अनुपयुक्त सलाह दे सकती है।

इसलिए आगे का रास्ता एआई को रोकना नहीं बल्कि उसे जिम्मेदारी के साथ विकसित करना है। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी एआई प्रणालियों के लिए स्वतंत्र नैदानिक परीक्षण, नियमित सुरक्षा ऑडिट, स्पष्ट जवाबदेही और संकट-स्थिति में मानव विशेषज्ञ तक पहुंचाने के अनिवार्य प्रोटोकॉल होने चाहिए। उच्च जोखिम वाले मामलों में मानव हस्तक्षेप को वैकल्पिक नहीं बल्कि अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। साथ ही, डिजाइन के स्तर पर ही गोपनीयता, डेटा न्यूनतमकरण और सुरक्षित उपयोग को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

भारत में एआई मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहली चौखट को व्यापक बना सकता है। वह उस व्यक्ति तक पहुंच सकता है जो दूरी, खर्च, भाषा या सामाजिक कलंक के कारण चिकित्सक तक नहीं पहुंच पा रहा। लेकिन पहली चौखट और अंतिम मंजिल में अंतर है। मानसिक स्वास्थ्य केवल सूचना या बातचीत का विषय नहीं बल्कि मानवीय संवेदना, नैदानिक समझ और निरंतर देखभाल का क्षेत्र है। इसलिए भविष्य की सही दिशा 'एआई बनाम चिकित्सक' नहीं बल्कि 'एआई के साथ चिकित्सक' होनी चाहिए। तकनीक पहुंच का विस्तार करे, प्रारंभिक संकेत पहचाने और सहायता की राह आसान बनाए; अंतिम निर्णय और देखभाल में प्रशिक्षित मानव विशेषज्ञ केंद्र में रहें। यही संतुलन भारत में सुरक्षित, सुलभ और मानवीय मानसिक स्वास्थ्य व्यवस्था की आधारशिला बन सकता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### गांजा बरामदगी में अभियुक्त को सात माह की कठोर कारावास

**मुस्करा (हमीरपुर)।** प्रभावी पैरवी के चलते एनडीपीएस एक्ट के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को सात माह के कठोर कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मुस्करा थाने में 24 अगस्त 2019 को राम गोपाल राजपूत पुत्र परीक्षित राजपूत निवासी चारथोक, कस्बा मुस्करा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक किलो 250 ग्राम गांजा बरामद किया था। ऑपरेशन कनविक्शन के तहत अभियोजन विभाग से समन्वय कर साक्षियों की समयबद्ध गवाही और प्रभावी पैरवी कराई गई। इसके परिणामस्वरूप 15 सितंबर 2026 को एडीजे एफटीसी-2 (एनडीपीएस) न्यायालय ने अभियुक्त को दोषसिद्ध कर सजा सुनाई। मामले के विवेचक उपनिरीक्षक अनिल कुमार, विशेष लोक अभियोजक प्रवीण सिंह भदौरिया और पैरोकार कांस्टेबल श्यामनारायण रहे।

### 11 पेटी अवैध देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**राठ (हमीरपुर)।** आबकारी विभाग और चिकासी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को बंधौली पुलिया के पास एक युवक को 11 पेटी अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सरीला क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक कुलदीप सिंह और चिकासी थानाध्यक्ष मयंक चंदेल ने बताया कि टीम ने बंधौली गांव निवासी श्रीकान्त (40) पुत्र चन्द्रशेखर को पकड़ा। तलाशी में उसके कब्जे से 11 पेटी देशी शराब बरामद हुई। इसमें मस्तीह और बिन्डीज ब्रांड की शराब शामिल है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में कांस्टेबल वकील खान,अबुकहाफा, उपनिरीक्षक रामकिशोर यादव, कांस्टेबल महेन्द्र कुमार और गिरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

### दहेज उत्पीड़न मुकदमे के बीच युवक का मिला शव

**बिवांर (हमीरपुर)।** छानी-इंगोहटा मार्ग से करीब सौ मीटर दूर खेत में नीम के पेड़ के नीचे बुधवार को युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान स्वासा खुर्द निवासी आशुतोष उर्फ संतलाल (35) पुत्र महेश्वरीदीन के रूप में हुई। छानी निवासी रामभजन खेत में तिल की फसल काटने गए थे। शव देखकर उन्होंने चरवाहों को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीओ मौदहा राजकुमार पांडेय और डॉग स्क्वायड ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। शव के पास रुपये बिखरे और कुछ दूरी पर चप्पलें मिलीं। पास में उल्टी भी पड़ी थी, जिससे जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई गई है। पुलिस के अनुसार युवक का पत्नी से विवाद चल रहा था। पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था,जो न्यायालय में लंबित है। पत्नी करीब चार माह से मायके में थी। थाना प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### विकास कार्यों पर चेयरमैन ने प्रेसवार्ता कर विवाद पर दी सफाई



**कुरारा (हमीरपुर)।** नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने मंगलवार को मीटिंग हाल में प्रेसवार्ता कर कस्बे में कराए गए विकास कार्यों और जल निकासी विवाद पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लालमन पुलिया के पास पुल निर्माण, माही नाला की सफाई, लालमन पुलिया से भौली रोड तक सीसी रोड निर्माण तथा नाला-नालियों का निर्माण कराया गया है। पेयजल व्यवस्था के लिए 22 स्थानों पर टंकियां रखकर पाइपलाइन से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। वार्ड नौ के जल निकासी विवाद पर चेयरमैन ने पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि पर लोगों को परेशान करने और जल निकासी बाधित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों के साथ अभद्रता और धमकी दी गई। चेयरमैन ने वार्ड नौ में जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने का भरोसा दिया।

### पानी में डूबने से दो की मौत

**महोबा।** जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर एक युवक और एक बालिका की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई है दोनों के शवों को पानी से निकाल कर पुलिस ने पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है जिले के कबरई थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी मानवी 14 वर्ष पुत्री विक्रम अपनी दादी सरोज के साथ हरित तालिका तीजा पर्व मनाने के बाद सुबह वर्मा तालाब में नहाने गई थी इसी दौरान वह डूब गई देखते ही देखे उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन बचा नहीं पाए और मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस की मदद से वर्मा तालाब से बालिका के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं जिले के अजनर थाना क्षेत्र अंतर्गत लमोरा ग्राम निवासी हुकुम सिंग 20 वर्ष पुत्र शंकर लाल गाँव के मोक्षधाम के पास से गुजर रहा था जिसे मिर्गी के दौरे आते थे वह मोक्ष धाम के पास पानी के भरे गड्ढे में मिर्गी का दौरा आ जाने के कारण उसमें गिर गया और डूब गया आसपास के लोगों के द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया गया लेकिन जब तक उसे पानी से बाहर निकाला उसकी मौत हो गई थी घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने को पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### युवक ने जहर खा कर जान दी

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के चुन्नीलाल पुरवा निवासी हिमांशु (26) पुत्र रामबाबू ने सोमवार की दोपहर बिना बताए घर से निकल गया। घर से निकलने के बाद जहर खाकर चचेरे भाई सुधांशु को जानकारी दी। सूचना पाकर कालू कुआ पहुंचे परिजनों ने उसे सड़क किनारे बेहोशी हालत में पड़ा देखा। जिला अस्पताल से उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता ने बताया कि हिमांशु स्नातक छात्र था। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के मरौली गांव के मजरा भुराने पुरवा निवासी अनिरूद्ध (22) पुत्र राजा यादव ने सोमवार की रात कमरे के अंदर बांस की बल्ली में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर मां साहस रानी ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई श्रीकांत ने बताया कि अनिरूद्ध शराब का लती था। शराब पीकर घरवालों के साथ अक्सर मारपीट करता था। अनिरुद्ध वापी (गुजरात) में रह कर मजदूरी करता था।

# खाद की कालाबाजारी रोकें, रोस्टर से बिजली दें: प्रभारी मंत्री

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों, सीएम डैशबोर्ड, जनकल्याणकारी योजनाओं और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा अनावश्यक कटौती रोकने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त पोल, तार और ट्रांसफार्मर प्राथमिकता से ठीक कराने को कहा। खाद वितरण में पारदर्शिता बरतते हुए कालाबाजारी और ओवररेटिंग पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए। वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों को समयबद्ध गड्ढामुक्त करने तथा विद्यालयों, आबादी और अधिक आवागमन वाले मार्गों को प्राथमिकता देने को कहा। सभी पात्र किसानों को सम्मान निधि और पात्र पेंशन लाभार्थियों को नियमित पेंशन दिलाने के निर्देश दिए। थाना एवं अधिकारी स्तर पर प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई कराने को कहा। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष शकुंतला गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, सदर विधायक मनोज प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, डीएम अभिषेक गोयल, एसपी मृगांक शेखर पाठक समेत अधिकारी मौजूद रहे।

## सेवा संकल्प अभियान में जन भागीदारी के साथ सेवा सेतु शिविरों में पात्रों को दिलाये लाभ



**हमीरपुर।** प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री जल शक्ति रामकेश निषाद ने कलेक्ट्रेट सभागार में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता और स्थानीय कलाकारों को अवसर देने के निर्देश दिए। अभियान के तहत 13 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे। 'सेवा सेतु' शिविरों में पात्र लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। स्वास्थ्य मेले, दिव्यांग कल्याण शिविर, रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता, साइबर सुरक्षा और नशामुक्ति जैसी गतिविधियां भी होंगी। 7 अक्टूबर को डिजिटल एवं ग्रामीण पुस्तकालयों का लोकार्पण कराया जाएगा। 17 अक्टूबर को 'सुशासन सेवा संवाद' और 'जनसेवा महाकुंभ' होगा। प्रभारी मंत्री ने जलभराव वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीमों को तत्काल भेजने के निर्देश दिए। डीएम अभिषेक गोयल ने कार्यक्रमों की नियमित मॉनीटरिंग पर जोर दिया।

## गांवों में चौपाल केवल औपचारिकता न बनें उनका समाधान भी हो: डीएम

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने जनसुनवाई के दौरान आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए 20 से अधिक शिकायतों वाले चिन्हित गांवों में आयोजित चौपालों की प्रगति जानी। उन्होंने निर्देश दिए कि चौपाल केवल औपचारिकता न बनें, बल्कि गांव की वास्तविक और मूलभूत समस्याओं की पहचान कर उनका स्थायी समाधान कराया जाए। चकबंदी, राजस्व, नक्शे, लेखपाल, ग्राम प्रधान एवं विकास संबंधी समस्याओं की गांववार विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने को कहा। चौपाल की फोटो सहित तथ्यपरक रिपोर्ट न देने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी की जवाबदेही तय होगी। प्रत्येक गांव के लिए मूल कारणों के आधार पर स्थायी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उपजिलाधिकारियों को अगले सप्ताह तक चिन्हित गांवों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## सड़क हादसा कार-बाइक की भिड़ंत में दो की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** राठ-पनवाड़ी मार्ग पर सैदपुर गांव के पास सोमवार शाम तेज रफ्तार कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों की उरई मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। राठ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ने बताया कि नौहाई गांव निवासी धर्मेंद्र अहिरवार (35) पुत्र गोविंददास और पीआरडी जवान डालचंद अहिरवार (55) पुत्र डमरू अहिरवार बाइक से गांव जा रहे थे। सैदपुर के पास उनकी बाइक की चार पहिया वाहन से टक्कर हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी राठ पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने हादसा करने वाले वाहन को कब्जे में ले लिया है। तहरीर के आधार पर नामजद चालक के खिलाफ धारा 218/125(बी) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# तीजा महोत्सव में दंगल के साथ गूंजा आल्हा गायन



**सुमेरपुर।** तीजा महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को पशु बाजार मेला मैदान में विशाल दंगल हुआ। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और नेपाल से आए नामी पहलवानों ने रोमांचक मुकाबलों में दांव-पेंच दिखाकर खूब तालियां बटोरीं। शनि इटरा ने नीरज आगरा को तथा अंकित इंगोहटा ने अहमद उन्नाव को चित किया। हनुमानगढ़ी अयोध्या के बाबा रविदास ने राजस्थान के लालू को पटखनी दी। उपेंद्र जालौन-हर्ष कानपुर और अंश कानपुर-विजय महुआ की कुश्ती बराबरी पर छूटी। दंगल का संचालन सुरेश यादव ने किया। रेफरी पूर्व बुंदेलखंड केसरी बाबूलाल पहलवान और सूरजपाल सिंह रहे। रामलीला मैदान में बुंदेलखंड के प्रसिद्ध आल्हा गायकों ने आल्हा विवाह का वृतांत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# खनन कारोबारियों पर कार्रवाई, चार करोड़ से अधिक की धनराशि होगी जमा

- अवैध खनन-परिवहन के खिलाफ 284 छापे
- करीब 97 लाख रुपये का खनन राजस्व वसूला

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर जिला स्तरीय टीम ने खनन क्षेत्रों और भंडारण स्थलों पर छापामार कार्रवाई की। अनियमितता मिलने पर विभिन्न भंडारणकर्ताओं पर चार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अधिरोपित कर जमा करने के आदेश दिए गए हैं।गरौठा के देवरी में राघवेंद्र सिंह का खनन पट्टा 1.97 करोड़ रुपये की अधिरोपित धनराशि जमा न करने पर निरस्त कर दिया गया। वहीं मोंठ के सुल्तानपुरा में अभिलाष गौर पर 74.60 लाख, सिया में पीएस माइन्स एलएलपी पर 3.69 करोड़ और गरौठा के डुडी में साक्षी इंटरप्राइजेज पर 28.51 लाख रुपये की धनराशि अधिरोपित की गई।अगस्त से 15 सितंबर तक अवैध खनन-परिवहन के खिलाफ 284 छापे मारकर 96.87 लाख रुपये का खनन राजस्व वसूला गया। टीम ने मोंठ, सिया, बरखरी और टहरौली के पिपरा में भंडारण स्थलों की जांच भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन, ओवरलोडिंग और नियमविरुद्ध भंडारण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# नौकरी तलाशने वाले नहीं, नौकरी देने वाले युवा बनें: कुलपति

- इंजीनियर्स डे पर तकनीकी रचनात्मक और खेल प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थी सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति मुकेश पांडेय ने विद्यार्थियों से कहा कि वे केवल नौकरी पाने का लक्ष्य न रखें, बल्कि नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता के माध्यम से नौकरी देने वाले युवा बनने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि इंजीनियर की पहचान केवल तकनीकी ज्ञान से नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं के वैज्ञानिक और उपयोगी समाधान विकसित करने की क्षमता से होती है।वह मंगलवार को इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की ओर से गांधी सभागार में आयोजित इंजीनियर्स डे 2026 समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री और रोजगार तक सीमित नहीं होना चाहिए। विद्यार्थियों को स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए तकनीक और उत्पाद विकसित करने चाहिए, जिससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा हों। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री मनीष कुमार राय ने कहा कि इंजीनियरिंग के माध्यम से सामाजिक समस्याओं और कुरीतियों के वैज्ञानिक समाधान खोजे जा सकते हैं। निदेशक इंजीनियरिंग डीके भट्ट ने विद्यार्थियों को प्रोटोटाइप तैयार कर उसके परीक्षण और फीडबैक के आधार पर सुधार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यही प्रक्रिया आगे चलकर सफल स्टार्टअप का आधार बन सकती है। इंजीनियर्स डे के तहत 12 से 15 सितंबर तक तकनीकी, रचनात्मक और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। तकनीकी क्विज में हर्ष पांडेय प्रथम, दिशा ओझा द्वितीय और सिवेश कर्मा तृतीय रहे। परिपथ निर्माण में हर्ष पांडेय ने स्मार्ट लॉक सिस्टम तैयार कर पहला स्थान हासिल किया। कोड ट्रैकर में कर्मा देव प्रथम, शिखा गुप्ता द्वितीय और अवनीश कुमार जायसवाल तृतीय रहे।खेल प्रतियोगिताओं में कैरम में रवि आर्या, आयुष कुमार और अंशिका शर्मा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। शतरंज में अवनीश कुमार एवं अभिषेक कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुडोकू में कौशिक सिंह प्रथम, आदर्श सिंह व आयुष ब्रह्मावत संयुक्त रूप से द्वितीय और सुरभि विश्वकर्मा तृतीय रहीं। सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अंजिता श्रीवास्तव, डॉ. अंजली श्रीवास्तव, डॉ. साक्षी दुबे एवं डॉ. शुभांगी निगम ने किया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक डॉ. अतुल मकराड़िया ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इं. यशवंत द्विवेदी , डॉ. जाकिर अली, इं. विजय वर्मा, इं. महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. राहुल शुक्ला, डॉ. सत्येंद्र उपाध्याय, डॉ. शालिनी त्रिपाठी, इं. चंपका, इं. गौरव, इं. अनुराग गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सत्यापन रिपोर्ट एक सप्ताह में दें लापरवाही पर अधिकारियों को चेतावनी



- 57 निर्माण कार्यों की सत्यापन रिपोर्ट लंबित मिलने पर डीएम नाराज

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**

जिलाधिकारी गौरांग राठी ने विकास भवन सभागार में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए करीब एक दर्जन अधिकारियों को चेतावनी दी। उन्होंने 57 कार्यों की लंबित सत्यापन रिपोर्ट फोटोग्राफ सहित एक सप्ताह में डीएसटीओ कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुबंध में निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। बजट के अभाव में प्रभावित कार्यों के लिए संबंधित संस्थाएं तत्काल शासन को पत्र भेजकर बजट की मांग करें।

बैठक में रेड, येलो और ग्रीन कैटेगरी के आधार पर निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम का विशेष फोकस रेड कैटेगरी के धीमे या रुके हुए कार्यों पर रहा। उन्होंने उत्तर प्रदेश जल निगम की मऊरानीपुर एवं चिरगांव पुनर्गठन पेयजल योजनाओं और झांसी वाटर सप्लाई ऑर्गेनाइजेशन स्कीम फेस-2 को निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिए।

**सड़क परियोजनाओं में तेजी के निर्देश:** वित्तीय वर्ष 2025-26 की सड़क परियोजनाओं की समीक्षा में झांसी-गंगावली 11.250 किलोमीटर संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की जानकारी ली गई। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि इसका कार्य इसी माह पूरा कर लिया जाएगा। इम्लोटा से नहर रोड तक मार्ग निर्माण की भी समीक्षा हुई। इसके अलावा मोंठ-भांडेर मार्ग से भरोसा-छपार-पुलगहना-शाहजहांपुर-खजूरी होते हुए मध्य प्रदेश सीमा तक मार्ग के दो लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि सड़क परियोजनाएं समय से पूरी होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन बेहतर होगा और लोगों को सुविधा मिलेगी।राजकीय मेडिकल कॉलेज में टाइप-4 के 29 आवासों के जीर्णोद्धार की 50 प्रतिशत प्रगति पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए यूपीपीसीएल को कार्य में तेजी लाकर गुणवत्ता के साथ पूरा कर हैंडओवर करने के निर्देश दिए। वीरांगना झलकारी बाई राजकीय महिला पॉलिटेक्निक और डायट में गर्ल्स हॉस्टल के निर्माण की भी समीक्षा की गई। गर्ल्स हॉस्टल की मात्र 10 प्रतिशत प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्य तेज करने के निर्देश दिए गए।


## न्यायिक अनुश्रवण समिति ने शहर के शेल्टर होम की परखी व्यवस्थायें

**उरई(जालौन)।** न्यायिक अनुश्रवण समिति के अधिकारियों ने मंगलवार को नगर में संचालित दो शैल्टर होम का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने राठ रोड स्थित वृद्धाश्रम व मोहल्ला लहरियापुरवा स्थित आश्रय-गृह पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान संवासियों के रहन-सहन, खानपान, चिकित्सा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली गई। राठ रोड स्थित समाज कल्याण विभाग के वृद्धाश्रम में 122 संवासी उपस्थित मिले। इस दौरान कई वृद्धजन हॉल में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करते पाए गए। उपस्थित पंजिका का अवलोकन कर कर्मचारियों की उपस्थिति भी जांची गई।

# सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य जनसेवा की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है: संजय गंगवार

- मंत्री ने 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों को अधिकारियों के कसे पेंच

**समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।**



प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री गन्ना, विकास एवं चीनी उद्योग विभाग संजय सिंह गंगवार ने मंगलवार को विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर शासन की प्राथमिकताओं व आगामी 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा और इसका उद्देश्य 25 वर्षों की जनसेवा की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए नागरिकों को 'विकसित भारत-2047' के सामूहिक संकल्प से जोड़ना है। डीएम ने बताया कि अभियान में 12 प्रमुख कार्यक्रम, त्रिस्तरीय समन्वय व्यवस्था, साप्ताहिक समीक्षा व डेटा संकलन, डिजिटलाइजेशन पर विशेष जोर रहेगा। माताओं का सम्मान, स्वस्थ बेबी प्रतियोगिता व पोषण सामग्री वितरण होगा। 'सेवा की कहानी' के तहत लाभार्थियों के जीवन में आए बदलावों पर 60 सेकंड की रील बनाई जाएंगी, जबकि डिजिटल इन्फ्लुएंसर को परिवर्तनकारी परियोजनाओं का भ्रमण कराया जाएगा। इसी क्रम में 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' के माध्यम के जरिए जल, जन और सेवा का संवाद तथा 'सेवा मेरा योगदान' के तहत रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण, शिक्षा, जल संरक्षण, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति, पोषण, वोकल फॉर लोकल, गौशाला सेवा सहित 25 सेवा गतिविधियों में जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# जिले भर में सुशासन दिवस के रूप में मनेगा पीएम मोदी का जन्मदिन




- भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने बैठक कर तैयारियों की परखी हकीकत

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**

जिले भर में भाजपा 17 सितंबर (गुरुवार) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी। पार्टी कार्यालय में बैठक करते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने एक माह तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा करते हुए तैयारियों की हकीकत परखी। प्रत्येक बूथ में 60 लाभार्थियों के घरों पर दीपक जलाने का लक्ष्य निर्धारित किया। भाजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को आयोजित बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अर्चना त्रिपाठी ने सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 17 सितंबर को सभी लोग अपने व लाभार्थी परिवारों के घरों में दीपक जलाकर उनके दीर्घायु की कामना करें। बताया कि पार्टी की ओर से प्रत्येक बूथ पर 60 दीपक जलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया गया है। पार्टी पीएम मोदी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी। इस अवसर पर पूरे जिले में आशीर्वाद व रक्तदान शिविर आयोजित होंगे। ब्लाक स्तर पर शिविर लगाकर सभी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें लाभान्वित किया जायेगा। उन्होंने सभी से 17 सितंबर को शाम 7 बजे अपने अपने घरों में आशीर्वाद का दीपक जलाकर पीएम के दीर्घायु व सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना करने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने जिले में सभी कार्यक्रम सफल बनाने का भरोसा दिया। बैठक में क्षेत्रीय मंत्री विनोद कुशवाहा, सुधीर कुशवाहा, निखिल सक्सेना, ममता त्रिपाठी, आनंदी साहू, पंकज रैकवार, अमित सेठ भोलू, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चौरसिया, विष्णुप्रताप सिंह, देवेंद्र भदौरिया, संतोष नायक, रूपा चौहान, संतोष राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## सरकारी जमीन पर कब्जा हटाने पहुंचे ईओ पर हमला



**महोबा।** जिले की नगर पंचायत कुलपहाड़ में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा रुकवाने गए नगर पंचायत ईओ संजीव कुमार पर दबंगों ने हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। ईओ की शिकायत पर हत्या के प्रयास, सरकारी काम में बाधा डालने और एससी-एसटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा किया गया। गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। यह घटना कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र में हाईवे से लगी एक कीमती सरकारी जमीन पर हुई। ईओ संजीव कुमार इस जमीन को भू-माफियाओं के अवैध कब्जे से बचाने पहुंचे थे। यह घटना सोमवार शाम को हुई थी।पुलिस ने ईओ की शिकायत के आधार पर 6 नामजद और 5 अज्ञात समेत कुल 11 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना 14 सितंबर की दोपहर करीब सवा दो बजे की है। उस समय ईओ संजीव कुमार नगर पंचायत टीम के साथ कुलपहाड़-पनवाड़ी मार्ग पर बंजर सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को रुकवाने पहुंचे थे।आरोप है कि मोहल्ला टोरियापुरा निवासी मुकेश कुमार चौबे, उनके बेटे वरुण कुमार, श्रवण कुमार, बेटी प्रतीक्षा, हिमांशु चौबे और जितेंद्र पाल ने 5 अन्य अज्ञात साथियों के साथ मिलकर टीम को घेर लिया। दबंगों ने ईओ संजीव कुमार के खिलाफ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया, गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से लात-घूसों तथा लोहे की सरिया से हमला कर दिया।

# होमगार्ड के मकान पर स्कार्पियो सवार दबंगों द्वारा की गई फायरिंग के मामले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

- चार गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में असलहा भी हुआ बरामद

**समृद्धि न्यूज़, ललितपुर।**



खाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गढ़िया में दिनांक 12 सितंबर को दोपहर में एक स्कॉर्पियो में सवार होकर आये अज्ञात बदमाशों ने होमगार्ड के मकान पर ताबड़-तोड़ फायरिंग की थी और वहां से रफुचक्कर हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चार अंतर्राजीय बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से बड़े पैमाने पर असलहा भी बरामद हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार गत 12 सितंबर को ग्राम गढ़िया निवासी पुलिस विभाग में तैनात होमगार्ड तोरन सिंह पुत्र नन्हेंलाल के पुत्र सोनू को ढूंढते हुए एक स्कॉर्पियो में सवार होकर कुछ अज्ञात बंदूकधारी बदमास आए। लेकिन जब उसका मकान बंद पाया गया, तो सभी दबंगों ने बंदूकों से मकान पर कई राउंड फायरिंग की और वहां से रफू चक्कर हो गए। फायरिंग करने के बाद जब बदमाश चले गए, तब आसपास के रहने वाले लोगों ने वहां से कारतूस के खाली खोखे एकत्रित किया और होमगार्ड के बेटे बृजेंद्र सिंह को उसके सोशल मीडिया पर भेज कर घटना की जानकारी दी। गांव में हुई सरेआम फायरिंग की सूचना पर थाना बार पुलिस बड़ी मात्रा में गांव में पहुंची और मामले की पड़ताल में जुट गई है। इसके बाद होमगार्ड द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर बार पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुअस 221/2026 धारा 3(5)/109/125/324(4)/351(3) व 3/25 आर्म्स एक्ट में दर्ज किया और पड़ताल में जुट गई।

## वीडीओ की आईडी हैक कर हैकरों ने 350 से अधिक जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र किये जारी

**ललितपुर।** विकासखंड तालबेहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रमपुरा कठवर में तैनात वीडीओ का मोबाइल हैक कर 350 से अधिक जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का काम किया। जांच के दौरान जब इस मामले का खुलासा हुआ और प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए तब वीडीओ में पुलिस को शिकायती पत्र देकर अज्ञात आरोपियों पर साइबर अपराध का मामला दर्ज कराया। वीडीओ ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया। जनपद कुशीनगर के रहने वाले रमेश पुत्र राजदेव आधार क्रमांक 2553 2520 2599 वाले अज्ञात व्यक्ति ने उनकी आईडी यूपी32600आरआई हैक कर धोखाधड़ी करते हुए उनकी आईडी पासवर्ड हासिल कर करीब 363 जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र फर्जी तरीके से जारी कर दिए हैं, जो अमान्य है।

# एसएसबी जवान का शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम

- कांकेर जिले के अंतागढ़ एसएसबी कैंप में हुई थी मौत
- कुड़वार थाना क्षेत्र नेवरा गांव का निवासी था मृतक जवान

**समृद्धि न्यूज,कुड़वार सुल्तानपुर।**

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के अंतागढ़ एसएसबी कैंप में गोली लगने से मृत हुए हवलदार आनंद प्रकाश तिवारी का शव लेकर एसएसबी के जवान घर पहुंचे तो कोहराम मच गया।घर पर मौजूद हजारों लोगों की आंखे नम दिखाई पड़ी। बता दे कि स्थानीय थाना क्षेत्र के नेवरा खादर बसंतपुर गांव निवासी एसएसबी हवलदार आनंद प्रकाश तिवारी(41)पुत्र बलराम तिवारी की सोमवार को गोली लगने से मौत हो गई थी। मंगलवार को उनकी बटालियन 28 वीं एसएसबी के सूबेदार राजेंद्र अन्य लखीमपुर खीरी के जवानों के साथ शव लेकर घर पहुंचे तो कोहराम मच गया। 16 वर्षीय बेटा अनुभव तिवारी पिता के शव को तिरंगे में लिपटा देख सहम सा गया। वही मां राजेश्री,पत्नी प्रियंका साहित परिवार जन दहाड़ मार कर रो रहे थे।परिवार को क्या पता था कि एक दिन उनका बेटा तिरंगे में लिपट कर घर आएगा।घर से एसएसबी के जवान परिजनो के साथ शव लेकर स्थानीय राजघाट पहुंचे। जहां उन्हें जवानो द्वारा अंतिम सलामी दी गई। सलामी के बाद एसएसबी के जवान ने तिरंगा उठाकर पिता बलराम तिवारी को यह कहते हुए दिया कि बेटे की याद में इसे राष्ट्रीय पर्वो पर फहराइएगा। उसके बाद परिजनो ने स्थानीय परम्परा के अनुसार अंतिम यात्रा पर विदा किया।बेटे अनुभव द्वारा मुखाग्नि देकर पिता की विदाई की। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ सिटी राघवेंद्र सिंह, एसडीएम सदर गरिमा सौनकिया, राजस्व निरीक्षक शिव प्रसाद,प्रभारी थानाध्यक्ष दिनेश यादव,उपनिरीक्षक अम्बरीश पाठक अपनी टीम के साथ मुस्तैद रहे।

### शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे नेता

**कुड़वार।** जवान के शव घर आने की सूचना पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय,एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह,भाजपा नेता राम चंद्र मिश्रा,पूर्व प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू, ओम प्रकाश पांडेय बजरंगी,कांग्रेस प्रवक्ता राजेश तिवारी,जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा,अखिलेश तिवारी,मनीषा पांडेय आदि मृतक के घर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया।



# अंडरपास के दोनों तरफ बनेगी रंबल स्ट्रिप, ब्लैक स्पॉट पर होंगे सुधार

**समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।**

जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के सभी अंडरपास की जांच कर दोनों तरफ रंबल स्ट्रिप बनवाने तथा अगली बैठक में फोटो सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। कंट्रोल रूम से दुर्घटना की आशंका संबंधी सूचना मिलने पर हूटर के माध्यम से वाहन चालकों को सचेत करने के निर्देश दिए। जिले के आठ चिन्हित ब्लैक स्पॉट को तीन सप्ताह में सुधारने तथा तब तक चेतावनी बोर्ड लगाने को कहा गया। ब्लैक स्पॉट पर रिफ्लेक्टर, रेडियम साइनेज, व्हाइट लाइन मार्किंग और टेबल-टॉप स्पीड ब्रेकर लगाने के निर्देश दिए गए। बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने और मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।इस मौके पर सीडीओ विनय कुमार सिंह, आरटीओ प्रशासन अलका शुक्ला,सीएमओ भारत भूषण सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।


सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करते डीएम इंद्रजीत सिंह

# सड़क हादसों में युवक व बुजुर्ग महिला की मौत, एक घायल

- कूरेभार में वाहन की टक्कर
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- ग्रामीणों ने की रोड मरम्मत की मांग

**समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।**

जिले में सोमवार देर शाम हुए अलग-अलग सड़क हादसों में युवक और बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। कूरेभार में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हुई। हादसे में सड़क किनारे जा रहा प्लाई फैक्ट्री मजदूर भी घायल हो गया। कूरेभार कस्बे में सोमवार रात करीब नौ बजे पीढ़ी मार्ग से आ रहे बाइक सवार की सेमरी मार्ग स्थित प्लाई फैक्ट्री के पास अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई।

हादसे में अयोध्या के हैदरगंज क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी आलोक यादव (23) की मौके पर मौत हो गई। वहीं बिहार निवासी प्लाई फैक्ट्री मजदूर अर्जुन घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी। उधर, बल्दीराय क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर गड्ढे में बाइक उछलने से रामलाली (55) सड़क पर गिर गईं।

उनकी मौके पर मौत हो गई। वह प्राथमिक विद्यालय में रसोईया थीं। हलियापुर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने सर्विस रोड की मरम्मत की मांग की है।

### लंबित शिक्षक समस्याओं को लेकर प्रा.शिक्षक संघ मुखर

**सुल्तानपुर।** शिक्षकों की लंबित समस्याओं और देयकों के भुगतान को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने आंदोलन की चेतावनी दी है। मंगलवार को जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वित एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा राम बचन राम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। संघ के अनुसार अवशिष्ट वेतन, जीपीएफ अग्रिम, सामूहिक बीमा, जीपीएफ लेखा पर्ची, नोशनल पेंशन, ग्रेच्युटी, जीपीएफ में स्थानांतरित धनराशि, ऑनलाइन आवेदनों के निस्तारण और नवीन प्रान आवंटन सहित कई प्रकरण लंबित हैं। पदाधिकारियों ने कार्यालयीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और निर्धारित समयसीमा में भुगतान की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 21 सितंबर तक समस्याओं का ठोस समाधान नहीं हुआ तो 22 सितंबर को अपराह्न तीन बजे वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# हाईवे पर ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

- कोतवाली देहात क्षेत्र के लोहारमऊ के पास हुआ हादसा
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।**

लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर मंगलवार दोपहर लोहारमऊ के पास कोयला लदे ट्रक की चपेट में आने से 53 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

वाराणसी जिले के सिद्धनाथ नगर निवासी विजय धींगरा पुत्र श्याम सुंदर धींगरा परिवार के साथ लखनऊ के पीजीआई से उपचार कराकर घर लौट रहे थे। उनके साथ पत्नी, बेटा चिराग धींगरा और बहू भी थीं। परिवार हाईवे किनारे एनएच-56 के पास भोजन के लिए रुका था। इसी दौरान विजय टहलने के लिए बाहर निकल गए। इसी दौरान लखनऊ की ओर जा रहे कोयला लदे ट्रक की चपेट में वह आ गए। ट्रक के आगे और पीछे के पहिए के नीचे आने से वह करीब 50 मीटर तक घिसटते चले गए। गंभीर रूप से घायल विजय को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रक्तदान कर बचाई जा सकती है कई जिंदगियां

**सुल्तानपुर।** अभियंता दिवस एवं स्व. इंजीनियर आरके दता की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को उप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की जनपद इकाई की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों समेत अन्य लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। एक यूनिट रक्त जरूरतमंद मरीज के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने स्वस्थ एवं जागरूक लोगों से नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की, जिससे आपात स्थिति में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।शिविर के दौरान रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया गया और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जेई अमरदीप, अनुराग गुप्ता, चन्द्रजीत यादव समेत महासंघ के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में रक्तदान के माध्यम से मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।



### डॉ. सीएल रस्तोगी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह

**सुल्तानपुर।** स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्साधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सीएल रस्तोगी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रियांक वर्मा, सीएमएस डॉ. एसी गुप्ता, महिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. आरके यादव समेत चिकित्सकों व कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। वक्ताओं ने डॉ. रस्तोगी को सरल, शालीन और जिम्मेदार चिकित्सक बताते हुए उनकी चिकित्सा एवं प्रशासनिक सेवाओं को याद किया। बताया गया कि डॉ. रस्तोगी का मेडिकल कॉलेज से जुड़ाव जन्म से रहा। उनका जन्म यहीं हुआ, यहीं से उन्होंने नौकरी की शुरुआत की और इसी संस्थान से सेवानिवृत्त हुए। समारोह में चिकित्सकों और कर्मचारियों ने उनके अनुभव व मार्गदर्शन की अपेक्षा जताई। डॉ. रस्तोगी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह हमेशा सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश गौड़ ने किया। स्टाफ ने वाहन सजाकर उन्हें विदाई दी।

## खबरें एक नजर में

### पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

**चांदा, सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र के छतौना कला गांव में मंगलवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया गया कि गांव निवासी हरिश्चंद्र निषाद और चंद्रभान निषाद के परिवार के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ। मारपीट में हरिश्चंद्र पक्ष के बृजेश निषाद और सुमन पत्नी चंदन निषाद घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा में भर्ती कराया गया, जहां उपचार किया गया। हरिश्चंद्र पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार वर्मा ने बताया कि एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### पांच वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय के आदेश पर भेजा जेल

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत संग्रामगढ़ थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इलाके में निगरानी और संदिग्धों की चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने दबिश देकर लंबे समय से कोर्ट से फरार चल रहे 5 वारंटी अभियुक्तों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों में सराय सुभदा निवासी गिरीशचंद्र तिवारी व कमलेश कुमार तिवारी (पुत्रगण द्वारिका प्रसाद तिवारी) शामिल हैं, जिन पर बलवा, मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज था। अदालत में हाजिर न होने पर कोर्ट ने इनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। उपनिरीक्षक अंशु सिंह सेंगर के नेतृत्व में कांस्टेबल विक्रम सिंह, विवेक यादव, रामनरेश जाट और आशुतोष उपाध्याय की पुलिस टीम ने सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### हरितालिका तीज पर महिलाओं ने की शिव-पार्वती की पूजा



**रानीगंज-प्रतापगढ़।** रानीगंज क्षेत्र के सोमवार को हरितालिका तीज का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने मंदिरों में पहुंचने लगीं। पारंपरिक कपड़ों और श्रृंगार में सजी महिलाओं ने पति की लंबी उम्र, अखंड सौभाग्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पट्टी नगर के मेला ग्राउंड में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में हरितालिका तीज पर खास पूजा हुई। यहां सैकड़ों महिलाओं ने भगवान शिव का पार्थिव पूजन किया। उन्होंने शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, फूल और फल जैसी पूजा सामग्री चढ़ाई। महिलाओं ने मिलकर हरितालिका तीज की कथा सुनी और शिव-पार्वती से दांपत्य जीवन में सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। इस पूजा में पूनम दूबे, उर्मिला आरती मिश्रा ,रेखा मिश्रा ,अर्चना मिश्रा बीजेमऊ, पूजा गुप्ता, रीना सोनी, गुड़िया सोनी, उषा जायसवाल, नेहा जायसवाल, सीमा जायसवाल, किरण जायसवाल, पूनम पांडे, रीता जायसवाल और संगीता जायसवाल समेत कई महिलाएं शामिल हुईं। सुरक्षा के लिए खास मंदिरों में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

### सपा जिला सचिव को मारी गोली, अस्पताल में तोड़ा दम

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम पूर्व प्रधान और समाजवादी पार्टी के जिला सचिव पवन यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने पवन यादव पर फायरिंग की। गोली उनकी पीठ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के बाद हमलावर बाइक से बरौत की ओर फरार हो गए। अस्पताल में इलाज के दौरान पवन यादव की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मुग्रराव गांव के पूर्व प्रधान एवं पूर्व प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष पवन यादव मंगलवार शाम करीब छह बजे हंडिया क्षेत्र में 52 नंबर पिलर के पास कुछ लोगों से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे। बताया जा रहा है कि इनमें से दो बदमाशों ने हेलमेट पहन रखा था। बाइक सवार बदमाशों में से एक ने पवन यादव को निशाना बनाकर गोली चला दी।

# फरेदुपुर में नई आयशर ट्रैक्टर एजेंसी का शुभारंभ

## बाबागंज विधायक विनोद सरोज व डॉ. कैलाश नाथ ओझा ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।**

फरेदुपुर क्षेत्र के किसानों के लिए एक अच्छी खबर है। फरेदुपुर में आयशर ट्रैक्टर्स की नई अधिकृत एजेंसी का भव्य शुभारंभ किया गया। एजेंसी का उद्घाटन बाबागंज के लोकप्रिय विधायक विनोद सरोज और वरिष्ठ नेता डॉ. कैलाश नाथ ओझा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनोद सरोज ने कहा कि आयशर ट्रैक्टर किसानों के बीच अपनी मजबूती, कम डीजल खपत और दमदार परफॉर्मेंस के लिए जाना जाता है। इस एजेंसी के खुलने से फरेदुपुर, मानिकपुर और बाबागंज क्षेत्र के किसानों को अब ट्रैक्टर की खरीद, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। डॉ. कैलाश नाथ ओझा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने के लिए लगातार काम कर रही है और इस तरह की एजेंसियां किसानों की तरक्की में मील का पत्थर साबित होंगी। एजेंसी संचालक ने बताया कि शोरूम पर आयशर के सभी लेटेस्ट मॉडल, आसान फाइनेंस सुविधा, एक्सचेंज ऑफर और कंपनी की अधिकृत वर्कशॉप की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उद्घाटन के अवसर पर बुकिंग करने वाले किसानों के लिए विशेष ऑफर भी रखा गया है। इस मौके पर कई ग्राम प्रधान व अन्य अतिथियों समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# प्रतापगढ़ में सहकारी कर्मचारियों ने सहायक आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।**

मंगलवार को जनपद प्रतापगढ़ में सहकारी कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता देवेंद्र को एक ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष निर्भय कुमार पाण्डेय की अगुवाई में जनपद के समस्त सहकारी साथी एकजुट होकर कार्यालय पहुंचे और अपनी समस्याओं को मजबूती से रखा। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी सेवा सुरक्षा, वेतन विसंगति और अन्य लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सहकारी कर्मचारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। अगर जल्द ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। सहायक आयुक्त महोदय ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए शासन तक बात पहुंचाने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जनपद के बड़ी संख्या में सहकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### रानीगंज मे वकीलो का आन्दोलन उग्र, बैठे भूख हड़ताल पर

**रानीगंज-प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील मे नायब तहसीलदार अंकित सिंह की कार्यशैली के खिलाफ वकीलो का विरोध प्रदर्शन अब उग्र रूप ले चुका है। पिछले एक सप्ताह से लगातार धरना दे रहे वकीलो ने सोमवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी अंदोलन के पहले दिन अधिवक्ता आरजू कुमार गुप्ता भूख हड़ताल पर बैठे। वकीलो का गंभीर आरोप है कि तहसीलदार द्वारा लगातार कानून के विरूद्ध आदेश पारित किये जा रहे है। इसके साथ तहसील परिसर मे सक्रिय प्राइवेट मुसियो के माध्यम से आम जनता और पछकारो से अवैध वसूली की जा रही है। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओ की मुख्य माग है कि भ्रष्ट कार्यशैली वाले तहसीलदार को तुरंत पद से हटाया जाए। और तहसील परिसर से सभी प्राइवेट मुनशियो को बाहर निकाला जाये। वकीलो ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियो पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान शुशील कुमार पाल, मोहम्मद शमीम, प्रमोद कुमार मिश्र और इकरार अहमद सहित भारी संख्या मे वकील मौजूद रहे।

### आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में भाजपा मंडल अध्यक्ष ने जारी किया वीडियो, साजिश का लगाया आरोप

- जमीन विवाद में फंसाने का दावा

**समृद्धि न्यूज़,प्रयागराज।** ब्राह्मण समाज के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में नामजद आरोपी शिवाकांत वर्मा के बचाव में उनके भाई और भाजपा मुट्ठीगंज मंडल अध्यक्ष परमानंद वर्मा ने वीडियो जारी किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने जमीन विवाद के चलते उनके भाई को साजिश के तहत फंसाया गया है। परमानंद वर्मा के मुताबिक, उनके बड़े भाई का एक व्यक्ति से करीब 30 लाख रुपये की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उनका आरोप है कि इसी विवाद के चलते उनके भाई के खिलाफ साजिश रची गई। उन्होंने दावा किया कि कुछ दिन पहले एक होटल में रुपये के लेनदेन को लेकर बातचीत हुई थी। इस दौरान की बातचीत का वीडियो बना लिया गया, जिसे बाद में कथित तौर पर अलग संदर्भ में सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया। परमानंद वर्मा ने आरोप लगाया कि उनके भाई के खिलाफ साजिश रचने वाले लोगों ने पहले उनके साथ मारपीट की और सोने की चेन भी छीन ली। उनका कहना है कि इस मामले में सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। अतर्सुइया थाने में दर्ज हुई एफआईआर मामले में अधिवक्ता पं. वरुण त्रिपाठी की तहरीर पर अतर्सुइया थाने में शिवाकांत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। तहरीर के अनुसार, आरोपी का एक वीडियो फेसबुक समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रहा था, जिसमें ब्राह्मण समाज के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया। पं. वरुण त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि उन्हें 13 सितंबर को फेसबुक के जरिए वीडियो मिला था। वीडियो में शिवाकांत वर्मा नाम के व्यक्ति द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई थीं। तहरीर में कहा गया कि वीडियो के प्रसार से समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुईं और सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका है।

### जहरीले जंतु काटने से बालिका की मौत

**खीरों-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के सेवनपुर गांव में सोमवार की देर शाम घर के अंदर खेलते समय किसी जहरीले जंतु के काटने से नैंसी (5) पुत्री शीतल लोधी की मौत हो गई। घटना के समय नैंसी के पिता शीतल लोधी नुनैरा गांव में आयोजित जलविहार मेले में दुकान लगाए थे। उसकी मां आरती खेतों में काम करने गई थी। घर में नैंसी के साथ उसकी बड़ी बहन नंदिनी (7) और डेढ़ वर्षीय छोटा भाई शिवांक मौजूद थे। नैंसी को अचानक घर के अंदर बेहोश पड़ा देखकर बच्चों ने पड़ोसियों व खेत में काम करने गयी मां और मेले में मौजूद पिता को घटना की जानकारी दी। वहां मौजूद चिकित्सक डॉ. सुनील यादव ने जांच के बाद नैंसी को मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। सीएचसी के डॉ सुनील यादव ने बताया कि नैंसी को मृत अवस्था में सीएचसी लाया गया था। प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि अस्पताल से मेमो के माध्यम से घटना की सूचना मिली है।

# पात्रों तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभः कुलजीत सिंह

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

सदस्य कृषक समृद्धि आयोग, उत्तर प्रदेश (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) कुलजीत सिंह ने आज जनपद भ्रमण के दौरान विकास भवन सभागार में कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर किसानों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कृषि योजनाओं की प्रगति, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में किसानों की स्थिति, खाद एवं बीज की उपलब्धता, पंजीकृत खाद दुकानों की स्थिति तथा गौशालाओं में बाढ़ के पानी की स्थिति सहित वृहद एवं कान्हा गौशालाओं की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के उपरांत सदस्य कृषक समृद्धि



आयोग द्वारा प्रेसवार्ता कर मीडिया प्रतिनिधियों को कृषक समृद्धि आयोग के उद्देश्यों एवं जनपद भ्रमण के दौरान की गई समीक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों के उत्थान, उन्हें सशक्त एवं समृद्ध बनाने तथा उनकी समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में कृषक समृद्धि आयोग का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री जी हैं।

उन्होंने बताया कि आयोग का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों का भ्रमण कर जमीनी स्तर पर किसानों के लिए संचालित सरकार की कल्याणकारी एवं कृषि संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करना, पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराना तथा किसानों की समस्याओं एवं सुझावों से अवगत होकर उन्हें शासन के संज्ञान में लाना है, ताकि समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण कराया जा सके। सदस्य ने कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान जनपद में कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में किए गए।

# एम्स रायबरेली: क्रिटिकल केयर ब्लॉक का काम रुका

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

एम्स परिसर में निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक का कार्य बजट के अभाव में अटक गया है। इस समस्या के समाधान और निर्माण कार्य को गति देने के लिए रायबरेली सदर विधायक अदिति सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से मुलाकात की। विधायक ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को औपचारिक पत्र सौंपकर परियोजना की शेष धनराशि जल्द अवमुक्त कराने का अनुरोध किया। मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री ने पूरे विषय को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक सहयोग और त्वरित कार्रवाई का पूर्ण आश्वासन दिया है।33.24 करोड़ की कुल



परियोजना सदर विधायक अदिति सिंह द्वारा केंद्रीय मंत्री को सौंपे गए पत्र के अनुसार, केंद्र सरकार की 'प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन' योजना के तहत रायबरेली एम्स में क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक के निर्माण को स्वीकृति मिली थी। इस परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 3324.07 लाख रुपये (लगभग ?33.24 करोड़) है। इस निर्माण कार्य को पूरा कराने के लिए 'उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड (इकाई-19, लखनऊ)' को कार्यदायी संस्था नामित किया गया था।

### बजट न मिलने से रुका कार्य

**रायबरेली।** पत्र में विधायक ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा स्वीकृत इस परियोजना के सापेक्ष कार्यदायी संस्था को अब तक केवल 1716.25 लाख रुपये की धनराशि ही जारी की गई है। जबकि इस क्रिटिकल केयर ब्लॉक को पूरा करने की लक्षित तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई थी। समय पर शेष बजट प्राप्त न होने के कारण निर्माण कार्य निर्धारित समयांतर्गत पूरा नहीं हो सका, जिससे यह निर्माणाधीन अस्पताल भवन अभी तक आम जनता के उपयोग में नहीं आ पाया है।

# सनातन जीवन-दर्शन के आधार हैं महादेव : पं प्रदीप मिश्र

**समृद्धि न्यूज,रायबरेली।**

ऊंचाहार में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस आस्था का विराट जनसैलाब उमड़ा। पं. प्रदीप मिश्रा जी के श्रीमुख से भगवान महादेव की महिमा और सनातन संस्कृति का संदेश सुनने के लिए लाखों श्रद्धालु कथा स्थल पहुंचे। विशाल पंडाल से लेकर आसपास के मैदानों और मार्गों तक शिवभक्तों का जनसमुद्र दिखाई दिया। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। पंचम दिवस पूज्य पं. प्रदीप मिश्रा जी ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि महादेव सनातन जीवन-दर्शन के आधार हैं। शिवभक्ति मनुष्य को त्याग, तपस्या, संयम, करुणा और



लोककल्याण की प्रेरणा देती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से शिव के प्रति आस्था को जीवन और आचरण का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। कथा के दौरान लाखों श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा का श्रवण करते रहे। कथा के पंचम दिवस तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल भी पहुंचे। उन्होंने पूज्य पं. प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद लिया और भगवान महादेव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति भारत की आत्मा है और भगवान शिव त्याग, तपस्या, करुणा एवं लोककल्याण के प्रतीक हैं। ऐसी कथाएं समाज को संस्कारों से जोड़ने और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से परिचित कराने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। महामहिम राज्यपाल ने इस विराट आयोजन के लिए कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय के प्रयासों की विशेष सराहना की। इस अवसर पर राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, राज्यमंत्री मनोहर लाल कोरी, लोक गायिका एवं पद्मश्री मालिनी अवस्थी, वरिष्ठ आईएएस वेदपति मिश्र, विधायक सुभाष त्रिपाठी, विधायक पूनम संघवार, सांसद अशोक रावत, विधायक संजय कुमार जायसवाल तथा पूर्व विधायक हरिओम यादव समेत बड़ी संख्या में मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि एवं विशिष्टजन मौजूद रहे। लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति को देखते हुए आयोजन स्थल पर सुरक्षा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा और स्वच्छता की व्यापक व्यवस्थाएं की गईं। पंचम दिवस ऊंचाहार में आस्था का महासंगम, शिवभक्ति का विराट जनसैलाब और दिग्गजों का जमावड़ा आकर्षण का केंद्र रहा।

### वृद्ध का शव मिलने से हड़कंप

**बछरावां-रायबरेली।** भवरेश्वर धाम की बाजार में सोमवार दोपहर को एक बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान उन्नाव जनपद के सरेंदा निवासी ओम प्रकाश गोस्वामी के रूप में बताई जा रही है। मृतक ओम प्रकाश गोस्वामी पिछले एक दशक से अधिक समय से भवरेश्वर धाम बाजार में रहकर भीख मांगकर अपना जीवन यापन करता स्थानिय लोगो के अनुसार बताया जा रहा है कि वह नशे के आदी थे। उनका कोई परिवार या करीबी संबंधी आसपास नहीं रहता था, जिसके चलते वह लंबे समय से लावारिस की तरह जीवन बिता रहे थे। सोमवार को बाजार में उनका शव पड़ा मिलने पर लोगों में हड़कंप मच गया। भवरेश्वर धाम के प्रमुख सुनील बाबा ने इसकी सूचना प्रशासन को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। प्रथम दृष्टया बीमारी के चलते मौत होना प्रतीत हो रहा है । पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

# 45 लाख की एमडीएमए ले जा रहे चार तस्कर गिरफ्तार

- उन्नाव से हरदोई सप्लाई करने निकले थे
- तिर्वा क्रॉसिंग पर एएनटीएफ-पुलिस ने दबोचा, 440 ग्राम सिंथेटिक ड्रग बरामद

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



रोडवेज बस को सुरक्षित रास्ता मानकर 45 लाख रुपये की एमडीएमए लेकर निकले चार तस्करों को एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स और सदर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने दबोच लिया।

सोमवार रात करीब 10 बजे जीटी रोड स्थित तिर्वा क्रॉसिंग के पास बस रुकवाकर हुई चेकिंग में आरोपियों के कब्जे से 440 ग्राम प्रतिबंधित सिंथेटिक ड्रग बरामद हुई। पुलिस ने इसकी कीमत करीब 45 लाख रुपये आंकी है। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों में सोनू यादव, सौरभ यादव और विशाल निवासी बेहटा, थाना बिलग्राम, हरदोई तथा गौरव पटेल निवासी सेलापुर, माधवगंज, हरदोई हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें एमडीएमए उन्नाव निवासी ललित नाम के युवक ने उपलब्ध कराई थी। चारों इसे हरदोई में सप्लाई करने के लिए रोडवेज बस से निकले थे।

आरोपियों के मुताबिक बस में ही ड्रग का सौदा होना था। उन्हें उम्मीद थी कि बस से सफर करने पर पुलिस की नजर से बच जाएंगे, लेकिन तिर्वा क्रॉसिंग पर हुई चेकिंग ने पूरा खेल बिगाड़ दिया। तलाशी में ड्रग मिलते ही चारों को हिरासत में लेकर सदर कोतवाली लाया गया। एसपी बिनोद कुमार के मुताबिक, आरोपियों से पूछताछ के आधार पर उन्नाव निवासी ललित की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि एमडीएमए की खेप कहां से आई और इसके पीछे तस्करी के नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## 14 स्वास्थ्य उपकेंद्रों को मंजूरी, 11 का टेंडर पूरा

कन्नौज। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए जिले में 14 नए स्वास्थ्य उपकेंद्रों के निर्माण को मंजूरी मिली है। इनमें 11 उपकेंद्रों की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इन पर करीब 4.57 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वित्त आयोग हेल्थ ग्रांट से बनने वाले प्रत्येक उपकेंद्र पर 41.57 लाख रुपये खर्च होंगे। विकासखंड कन्नौज में बलारपुर, कनपटियापुर, मड़हरपुर व सारौतोप, उमर्दा में सिंहपुर, बढ़नपुर वीरहार, मुगरा, रूरा व सरसई तथा तालग्राम में भुडहा व डुडवा बुर्जुग में निर्माण होगा। अधिकारियों के मुताबिक निर्माण पूरा होने पर ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर मिल सकेंगी। प्रशासन ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

चार करोड़ से अधिक खर्च होंगे

# कवियों के साथ बच्चों की कविताओं ने बांधी समां

- किड्जी श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



हिन्दी दिवस पर बिडजी भी आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में बच्चों एवं आमंत्रित कवियों ने काव्यपाठ करके समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कवियों ने माँ सरस्वती कापूजन एवं दीप प्रज्वलन से की।

अध्यक्षता कर रहे कवि रूपलाल रूप,मुख्य अतिथि कवि एवं पर्यावरण प्रहरी हरिगोविन्द शाक्य हरि कवि विशिष्ट अतिथि दीपमाला शाक्य दीप एवं कवियत्री साधना यादव की मौजूदगी में बच्चों ने मनमोहक कविताओं, मुक्तकों, छन्दों का पाठ किया। नन्हें कवियों में मुख्य रूप से पिंटू दुबे, तान्या सिंह, अग्रिता सिंह, अमूल्या पाल, अनन्त तिवारी अडतिक कुमार, अस्तिका पाल, अनाया चतुर्वेदी, अनविता सिंह, आर्याश प्रताप, तान्या कश्यप, दक्ष यादव, दिविशा दुबे, वैभवी शुक्ला, अदिति शुक्ला, अ अनुष्ठी त्रिपाठी, शनाया, सुमन, योन्यता राठौर, आराध्या अवस्थी आदि ने काव्यपाठ किया। मंचासीन कवियों एवं विद्यालप स्टाफ ने मुक्त कंठ से प्रसंशा की प्रधानाचार्या बरखा अवस्थी, उप प्रधानाचार्या प्रीतिमा शुक्ला, विद्यालय कोअर्डिनेटर शुभम कमल एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार द्विवेदी ने कवियों को स्मृति चिह्न एवं पटका पहना कर सम्मानित किया। कवि रुपलाल रूप ने कहा कि आज के दिन ही 14 सितम्बर 1949 को हमारी हिन्दी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त हुआ था। हमें सभी भाषाओं का सम्मान करते हुए अपनी भाजभाषा हिन्दी को नहीं भूलना चाहिए।

## गणपति के आगमन पर पंडाल में भक्ति गीतों की धूम, आयोजक ने किया शुभारंभ



छिबरामऊ, कन्नौज। जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आयोजित श्री गणेश महोत्सव में गणपति बप्पा के आने पर भक्ति गीतों की धूम मची रही। आयोजक सर्वेश कुमार तिवारी ने भगवान गणेश जी की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गणेश के रूप में सजे देवांश, गणेश भक्त के रूप में सजी यशिका रानी ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। देवा हो देवा गणपति देवा देवा तुमसे बढ़कर कौन गीत पर यशिका रानी ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों की वाहवाही लूटी। इसी क्रम में लक्ष्मी, प्रांशु, यश, आयुषी, देवांश आदि ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मनु गुप्ता, प्रशांत त्रिपाठी, हरिओम मिश्रा, मीना मिश्रा, रजनी सक्सेना, अनामिका तिवारी, यश तिवारी, स्पर्श तिवारी, आशू, प्रियांशु, दीपू, पवन, अमन शर्मा, कृष्णा सविता, सूरज, गणेश, यीशू ,आशिक व राजिक आदि का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने दी प्रस्तुतियां

छिबरामऊ, कन्नौज। हिंदी दिवस पर अवध एजुकेशन सेन्टर में वरिष्ठ हिन्दी शिक्षिका ज्योति दुबे के संचालन में आयोजित सुलेख, कविता पाठ व कवि सम्मेलन प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर कक्षा 1, 2, 3 के विद्यार्थियों ने सुलेख प्रतियोगिता व कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों ने कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लिया। कविता पाठ में अन्नपायनी मिश्रा ने आ-आ दुर्योधन बाँध मुझे, यशी मिश्रा ने भारत के वीरों, पाविका सेंगर ने महाभारत की, श्रृष्टि कमल ने हम सब एक हैं आदि शीर्षक कविताएं प्रस्तुत की। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों ने भी मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक संदीप सेंगर ने कवि रूप में आए सभी विद्यार्थियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य शिवम मिश्रा ने बताया सुलेख व कविता पाठ के विजेताओं की घोषणा जल्द कर, उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

# गणेश चतुर्थी पर गौशाला पहुंचकर की गौ सेवा

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक एवं गौ सेवक रंजीत पाण्डेय ने गौशाला पहुंचकर गौवंश की सेवा की। उन्होंने गौवंश को हरा चारा, भूसा और गुड़ खिलाया। इस अवसर पर रंजीत पाण्डेय ने कहा कि भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं और उनके पावन पर्व पर गौ सेवा करना पुण्य का कार्य है। गौवंश हमारी धार्मिक आस्था से जुड़ा है। इसके संरक्षण और सेवा के लिए समाज के लोगों को आगे आना चाहिए। इस गौशाला में करीब 100 से अधिक गौवंश की देखभाल की जा रही है। रंजीत पाण्डेय ने लोगों से अपील की कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर सभी लोग गौ सेवा का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से गौवंश को चारा खिलाने के साथ ही गौचर भूमि के संरक्षण के लिए भी जागरूकता जरूरी है। उन्होंने समाज से गौ संरक्षण में सहयोग करने का आह्वान किया। इस मौके पर कृष्णा पाण्डेय, अनूप दुबे सहित अन्य गौ सेवक मौजूद रहे।

## दो बक्से ले गए चोर, जेवर व सामान चोरी का आरोप

छिबरामऊ, कन्नौज। थाना क्षेत्र के नन्दलालपुर गांव में अज्ञात चोरों द्वारा घर की पिछली दीवार में सेंध लगाकर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। गांव निवासी सुरेंद्र यादव पुत्र हंसराम यादव ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों पर घर से दो लोहे के बक्से चोरी कर ले जाने और उनमें रखे सोने-चांदी के जेवर व अन्य सामान चोरी करने का आरोप लगाया है। सुरेंद्र यादव द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार 14-15 सितंबर की रात करीब दो से तीन बजे के बीच अज्ञात चोर घर की पिछली दीवार में सेंध लगाकर अंदर दाखिल हुए। आरोप है कि चोरों ने ताले तोड़कर उनमें रखे सोने-चांदी के जेवर, साड़ियां और अन्य सामान निकाल लिया। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी और कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों का पता लगाने में जुटी है। पुलिस जांच के बाद ही घटना से जुड़े तथ्यों की स्थिति स्पष्ट होगी।

## ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस



छिबरामऊ, कन्नौज। गीतापुरम कॉलोनी, फर्रुखाबाद रोड स्थित ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर हिमांशु वर्मा ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व, उसकी समृद्ध विरासत एवं भारतीय संस्कृति में उसके योगदान से परिचित कराया। कार्यक्रम में बच्चों ने हिंदी भाषा के प्रति अपनी रुचि एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल का प्रयास है कि बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ अपनी मातृभाषा एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना भी विकसित हो। विद्यालय के एमडी रामानंद वर्मा ने कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं से जुड़ी भाषा है। हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी पहचान, संस्कृति और संस्कारों की अभिव्यक्ति है। प्रिंसिपल रूबी मिश्रा ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि हिंदी के प्रति प्रेम और सम्मान प्रत्येक विद्यार्थी के व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक रिचा दुबे, अंकिता दुबे, आर्पित दुबे, रोहित, सरिता, सोनम, नेहा, अनामिका, तान्या, श्रुति, मानसी, क्षमता, सौम्या आदि उपस्थित रहे।

# खबरें एक नजर में

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप




विशुनगढ़/कन्नौज। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के असालताबाद गांव में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पिलर के सहारे रस्सी से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर जांच शुरू कर दी। परिजनों ने जमीन विवाद में युवक की हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाया है। बताया गया कि युवक बचपन से ही अपने चाचा के घर रह रहा था। आरोप है कि जमीन के विवाद को लेकर उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। युवक के साथ उसका भांजा भी रहता था। परिजनों के मुताबिक, घटना से एक दिन पहले ही आरोपियों ने उसके भांजे को उसकी मां के घर भेज दिया था। मंगलवार को युवक का शव पिलर के सहारे रस्सी से लटका मिलने की खबर से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट होगी। मामले में परिजनों के आरोपों की भी जांच की जा रही है।

## भाजपा के नवनियुक्त क्षेत्रीय पदाधिकारियों का स्वागत



कन्नौज। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय महामंत्री आनंद कुमार सिंह और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत का मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने दोनों नेताओं का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। क्षेत्रीय महामंत्री आनंद कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय होकर पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना होगा। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत ने नए दायित्व के लिए प्रदेश और क्षेत्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से काम करने की बात कही। जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि कन्नौज में संगठन को और मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता पूरी तत्परता से जुटेंगे। इस दौरान शैलेंद्र द्विवेदी, अशोक सिंह, प्राची गुप्ता, सौरभ गुप्ता, प्रिया शाक्य, आशु मिश्रा, राजन अवस्थी, व्योम शुक्ला, कुलदीप दोहरे, ईटेंद्र राजपूत, राजेश राजपूत, अरुणा शाक्य, राजीव ठाकुर, अजय वर्मा और विराट मिश्रा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हिंदी दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन



छिबरामऊ, कन्नौज। जुगल शीतला सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हिंदी दिवस पर विविध कार्यक्रमों का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा की महत्ता पर निबंध लेखन, सुलेख, कहानी-कथन एवं अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, सम्मान और गौरव की भावना को अभिव्यक्त किया। प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान है। हिंदी का सम्मान करना अपनी जड़ों और अपनी विरासत का सम्मान करना है।ꣳल उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग तथा हिंदी साहित्य के अध्ययन का आह्वान किया। विद्यालय प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के साथ-साथ अन्य भाषाओं का भी ज्ञान प्राप्त करना चाहिए, क्योंकि भाषा ज्ञान के साथ-साथ संस्कार और संस्कृति से भी जोड़ती है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## साइबर कैफे संचालक के घर लाखों की चोरी

समृद्धि न्यूज़,प्रयागराज। धूमनगंज थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने साइबर कैफे संचालक के घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी। परिवार सुलेमसराय का दधिकांदो मेला देखने गया था। इसी दौरान चोर घर का ताला और कुंडी तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए। गयासुद्दीनपुर निवासी गोपाल कुमार साइबर कैफे चलाते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को परिवार के साथ सुलेमसराय में दधिकांदो मेला देखने के लिए रात करीब 9:30 बजे घर में ताला लगाकर निकले थे। परिवार रात करीब 11:30 बजे वापस लौटा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। गोपाल की पत्नी ने घर के अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली थी और उसमें रखे जेवरात व नकदी गायब थी। परिजनों के मुताबिक, चोर करीब 15 से 20 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और 2.75 लाख रुपये नकद ले गए। चोरी गए सामान में पत्नी के शादी के गहनों के साथ बेटी के लिए बनवाए गए जेवरात भी शामिल थे। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में वारदात के दौरान पांच युवक दिखाई दे रहे हैं। इनमें दो युवक घर के अंदर जाते नजर आए, जबकि तीन युवक बाहर खड़े होकर निगरानी कर रहे थे। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। धूमनगंज इंस्पेक्टर धनंजय पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# अस्पताल में अव्यवस्थाओं पर टीम ने जताई नाराजगी



- फार्मासिस्ट के अलावा कुछ प्रशिक्षु बिना आईडी कार्ड के मिले
- फायर सिस्टम के बारे में पूछे जाने पर नहीं मिला जवाब

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

कायाकल्प योजना के तहत सौ शैया अस्पताल का पीयर असेसमेंट करने बांदा की जिला परामर्शदाता तरन्नुम सिद्दीकी और लखनऊ के प्रोजेक्ट मैनेजर डा. शरीक सहजन की टीम ने ओपीडी से निरीक्षण के दौरान मरीजों की भीड़ अधिक होने पर नाराजगी जताई। इसके बाद औषधि वितरण कक्ष का निरीक्षण किया गया। यहां फार्मासिस्ट के अलावा कुछ प्रशिक्षु बिना आईडी कार्ड के मिले। इस पर टीम ने उन्हें फटकार लगाई। दवा वितरण को लेकर हो रहे शोर पर भी नाराजगी जताते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

टीम इमरजेंसी वार्ड पहुंची और महिला व पुरुष मरीजों के लिए अलग-अलग वार्ड की व्यवस्था करने को कहा। फायर सिस्टम के संबंध में पूछे जाने पर स्टाफ नर्स संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी। टीम ने अस्पताल में मॉक ड्रिल कराने, फायर रिस्पांस टीम गठित करने और इमरजेंसी वार्ड की खराब लाइटों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा टीम ने स्टोर, गायनी, पैथोलॉजी, एक्सरे और इमरजेंसी गेट का निरीक्षण किया। अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए।

## पंचायत घर का ताला तोड़कर कंप्यूटर, इनवर्टर चोरी

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम पंचायत मिघौली स्थित पंचायत घर को सोमवार रात अज्ञात चोरों ने निशाना बना लिया। चोर पंचायत घर का ताला तोड़कर अंदर रखा कंप्यूटर, सीपीयू, सीसीटीवी डीवीआर, मॉनिटर, इनवर्टर, बैटरी और वाटर प्यूरीफायर (आरओ) समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। मंगलवार सुबह पंचायत सचिव के पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। पंचायत सचिव पुष्पेंद्र ने बताया कि मंगलवार सुबह जब वह पंचायत घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो पंचायत सचिवालय में रखा कंप्यूटर, सीपीयू, सीसीटीवी डीवीआर, मॉनिटर, इनवर्टर, बैटरी और आरओ गायब था। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत के संबंधित लोगों को घटना की जानकारी दी। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि अज्ञात चोरों ने बीती रात पंचायत घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। चोरी हुए सामान की कीमत का अभी आकलन नहीं हो सका है।



## 43 किसान पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए रवाना

कन्नौज। किसानों को आधुनिक खेती की तकनीक से जोड़ने के लिए जिले के 43 किसानों को पांच दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण के लिए ग्वालियर रवाना किया गया। सोमवार को डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने किसानों को फूलमाला पहनाकर बस को हरी झंडी दिखाई। राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विद्यालय, ग्वालियर में होने वाले प्रशिक्षण में किसानों को श्रीअन्न, ज्वार, बाजरा समेत मोटे अनाज की उन्नत खेती की तकनीक सिखाई जाएगी। साथ ही बेहतर उत्पादन और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी दी जाएगी। डीएम ने कहा कि आधुनिक तकनीक अपनाकर किसान खेती को अधिक लाभकारी बना सकते हैं। प्रशिक्षण के बाद किसान सीखी तकनीकों को अपने खेतों में लागू कर अन्य किसानों को भी प्रेरित करेंगे। इस दौरान उप कृषि निदेशक संतोष कुमार और कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता मौजूद रहे।

# ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी 17 से, कड़ी होगी निगरानी



समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत ईवीएम और वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) 17 सितंबर से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वेयरहाउस में होगी। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर तैयारियों की जानकारी दी। एफएलसी हॉल में केवल अधिकृत लोगों को प्रवेश मिलेगा। प्रवेश से पहले मेटल डिटेक्टर से जांच होगी। मोबाइल, स्पाई पेन समेत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अंदर ले जाने पर रोक रहेगी। प्रक्रिया की सीसीटीवी और वेबकास्टिंग से लगातार निगरानी होगी। सुरक्षा के लिए पुलिस बल और अग्निशमन उपकरण तैनात किए जाएंगे। बीईएल के अधिकृत इंजीनियर निर्वाचन आयोग के तय मानकों के अनुसार मशीनों की तकनीकी जांच करेंगे। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि पूरी प्रक्रिया का अवलोकन कर सकेंगे।

## ग्राम पंचायत तेराजाकेट के पूर्व प्रधान राजीव दूबे का निधन

गुरसहायगंज, कन्नौज। तालग्राम ब्लाक की ग्राम पंचायत तेराजाकेट के पूर्व प्रधान राजीव दुबे का आज निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहने की शक्ति दें। पूर्व प्रधान के निधन की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी उनके आवास पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। इससे पूर्व शिक्षक शकील अहमद की कैंसर पीड़ित पत्नी के निधन पर भी पूर्व विधायक उनके आवास पर पहुंचे थे और परिवार को सांत्वना दी थी। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि राजीव दुबे मिलनसार और सामाजिक व्यक्ति थे। ग्राम पंचायत के विकास में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें।

# नवजात की मौत: सीएचसी स्टाफ पर लापरवाही का आरोप

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



महिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद नवजात की मौत को लेकर परिजन ने अस्पताल के स्टाफ पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। इस संबंध में महमूदपुर खास निवासी शिवम कुमार ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराने की मांग की है।

शिकायती पत्र में शिवम कुमार पुत्र सुखवीर सिंह निवासी ग्राम महमूदपुर खास, थाना विशुनगढ़ ने बताया कि 13 सितंबर को उनकी पत्नी पूनम को प्रसव पीड़ा होने पर 108 एंबुलेंस से महिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिबरामऊ लाया गया था। आरोप है कि वहां तैनात स्टाफ नर्स सुधा रानी से प्रसूता के उपचार के लिए कहा गया, लेकिन करीब दो घंटे तक उचित इलाज नहीं किया गया। शिवम का आरोप है कि काफी आग्रह करने के बावजूद अस्पताल कर्मियों की ओर से संतोषजनक सहयोग नहीं मिला और प्रसूता को निजी अस्पताल ले जाने की बात कही गई। इसके बाद हालत बिगड़ने पर परिजन प्रसूता को छिबरामऊ के एक निजी अस्पताल ले गए, वहां नॉर्मल डिलीवरी से बच्चे का जन्म हुआ। परिजनों के अनुसार नवजात की हालत गंभीर थी। शिकायती पत्र में आगे आरोप लगाया गया है कि नवजात को लेकर परिजन दोबारा महिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, यहां इलाज के लिए उन्हें इधर-उधर भेजा गया और समय पर उपचार नहीं मिल सका।

इसके बाद नवजात की मौत हो गई। शिवम कुमार ने पूरे मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग गिरी तो जिलाधिकारी सख्त

- काम होगा' नहीं, पूरा होने का परिणाम चाहिए : डीएम

समृद्धि न्यूज, कन्नौज।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की अगस्त रैंकिंग में गिरावट पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। विकास कार्यों में जिले की 49वीं और राजस्व में 60वीं रैंक आने पर उन्होंने संबंधित विभागों से मंगलवार तक कारण और सुधार की कार्ययोजना मांगी। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग की खराब प्रगति और फैमिली आईडी में कमजोर प्रदर्शन पर नाराजगी जताई। पीडब्ल्यूडी की नई सड़कों को महज 3/10 अंक मिलने पर गुणवत्ता व निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। जल निगम की रोड कटिंग के बाद सड़कें ठीक न होने पर अधिशासी अभियंता की जवाबदेही तय करने को कहा। डीएम ने कहा कि रैंकिंग केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि जनता को मिल रही सेवाओं का प्रतिबिंब है। अगले दो माह में ठोस सुधार होना चाहिए। अधिकारियों को योजनाओं की रोजाना मॉनिटरिंग और आईजीआरएस शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# तंबाकू के नुकसान पर अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

- कार्यशाला में तंबाकू छोड़ने और लोगों को जागरूक करने की दी जानकारी

समृद्धि न्यूज, कन्नौज।



तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश वॉलेंटरी हेल्थ एसोसिएशन के सहयोग से हुई कार्यशाला में जिला स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों को तंबाकू से होने वाले नुकसान और कोटपा अधिनियम-2003 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अधिकारियों-कर्मचारियों से तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपील की। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ने तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों और बचाव के उपायों की जानकारी साझा की। राज्य तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ से आए राज्य सलाहकार शतीष त्रिपाठी ने कोटपा अधिनियम-2003 के प्रावधानों और उसके प्रभावी क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से बताया।

वहीं वॉलेंटरी हेल्थ एसोसिएशन की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रियांषा ने तंबाकू छोड़ने की प्रक्रिया और तंबाकू उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी दी। जिला व ब्लॉक स्तरीय रिपोर्टिंग के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में डॉ. रवि प्रताप सिंह, अर्पित मिश्रा और महेन्द्र प्रताप सिंह ने सहयोग किया।

## महिलाओं से मारपीट पर नहीं हुई कार्रवाई, किया प्रदर्शन

कन्नौज। महिलाओं से मारपीट के आरोप में कार्रवाई न होने से नाराज भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को नसरापुर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा पर जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं के जुटने से मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक समेत भारी पुलिस बल पहुंच गया। बताया गया कि 23 अगस्त को डीजे की आवाज कम कराने को लेकर कांवड़ियों और ग्रामीणों के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के दौरान कांवड़ियों ने महिलाओं के साथ मारपीट की। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर भीम आर्मी कार्यकर्ता प्रदर्शन पर बैठ गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। करीब तीन घंटे बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने चेतावनी दी कि एक सप्ताह के भीतर आरोपितों पर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करेगा।





# कश्यप समाज के सम्मान के लिए डॉ. जितेंद्र ने सरकार पर साधा निशाना

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विधानसभा 193 अमृतपुर के ग्राम पंचायत गूजरपुर गहलवार के अंतर्गत आने वाले ग्राम दौलतियापुर में मंगलवार को समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महत्वपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रभारी दलजीत निषाद रहे। कार्यक्रम का आयोजन सपा के पूर्व प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने मौजूदा सरकार की कानून व्यवस्था और कश्यप समाज की स्थिति पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने मैनपुरी की घटना का जिक्र करते हुए कहा इस सरकार में कश्यप समाज के युवाओं की हत्या कर दी गई। सबसे बड़ी बात यह है कि भाजपा को ही समर्थन दे रहे एक मंत्री जी को न्याय के लिए धरने पर बैठना पड़ा और उसके बाद भी उतना न्याय नहीं मिला जितना मिलना चाहिए था। डॉ. जितेन्द्र यादव ने जनसभा में मौजूद कश्यप समाज के लोगों को पूरी सुरक्षा और सम्मान का भरोसा दिलाया। उन्होंने मुख्य अतिथि की ओर इशारा करते हुए कहा हमारे मुख्य अतिथि जी यहाँ आए हैं, यह इस बात का संकेत है कि आपकी लड़ाई हम इस हद तक लड़ेंगे कि आपको धरना देने की नौबत ही नहीं आएगी। कोई आपकी तरफ आँख उठाकर देखने की हिम्मत नहीं करेगा, हत्या जैसी घटनाएँ तो बहुत दूर की बात हो जाएंगी।

इस तरीके की मजबूत व्यवस्था और सम्मान हम कश्यप समाज को दिलवाएंगे। उन्होंने अपने संबोधन के अंत में कहा कि पार्टी के शीर्ष नेताओं और प्रभारियों के मार्गदर्शन में लड़ी जा रही इस लड़ाई का लाभ निश्चित रूप से समाजवादी पार्टी के साथ-साथ पूरे कश्यप समाज को मिलेगा। इस जनसंवाद कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, चौधरी अनुज, शिवपाल, नन्हें लाल प्रधान, युसुफ, इलियास मंसूरी, एडवोकेट सुधांशु पाठक प्रधान कमालुद्दीनपुर, अनुराग यादव, नन्हे बाथम पूर्व प्रधान, यूसुफ पटेल प्रधान अलीगढ़, अरविंद कश्यप, कौशलेंद्र कश्यप, शिवपाल कश्यप, धनपाल कश्यप, वीरपाल सिंह, सिद्धांत सिंह, निर्भन सिंह बापू, शिवदेस यादव, प्रमोद कश्यप, कमलेश कश्यप, रामकिशोर कश्यप, गोविंद कश्यप, नीरज कश्यप, आसाराम कश्यप, सुशांत कश्यप, प्रेमचंद कश्यप, कुलदीप कश्यप, सत्यदेव कश्यप, राजेंद्र कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।



संबोधित करते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव


पीडीए संवाद कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता

### आगामी चुनाव में साइकिल का दें साथ: दलजीत निषाद

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आयोजित ग्राम चौपाल में फर्रुखाबाद प्रभारी दलजीत निषाद ने ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावी अभियानों में समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। दलजीत निषाद ने जनता से सीधा संवाद करते हुए कहा कि आगामी एक से डेढ़ महीने में चुनाव अभियान तेज होगा। उन्होंने ग्रामीणों से समाजवादी पार्टी के चुनाव चिह्न साइकिल पर विश्वास जताने और प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र का हाथ मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार गाँव-गाँव जाकर जनता के दुख-दर्द और हकों की बात कर रही है। पार्टी का हर कार्यकर्ता जन-जन का सहयोग और आशीर्वाद लेने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव ने किया। इस दौरान विधानसभा प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र, अरविंद कश्यप, सुधांशु पाठक सहित कई स्थानीय नेताउपस्थित रहे। दलजीत कश्यप ने उपस्थित जनसमूह से एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुँचाने तथा आगामी चुनाव में पार्टी को विजयी बनाने का संकल्प लिया।

## सूरज डायग्नोस्टिक्स की द्वितीय वर्षगांठ पर सुंदरकाण्ड

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

आवास विकास स्थित सूरज डायग्नोस्टिक्स की द्वितीय वर्षगांठ पर संस्थान परिसर में भव्य धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से हवन-पूजन, संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय सचिव व प्रमुख समाजसेवी डॉ. राजीव कुमार पाठक ने की। आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराए गए हवन-पूजन में उपस्थित सभी लोगों ने आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। हवन के पश्चात आयोजित सुंदरकांड पाठ में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रभु श्री राम की भक्ति में लीन रहे। डॉ. वैभव पाठक ने सपत्नीक सुंदरकांड पाठ में मुख्य यजमान के रूप में सहभागिता की। पाठ के विश्राम पर उन्होंने आरती उतारकर उपस्थित जनसमूह में प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिनमें मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, अखिलेश पाण्डेय, भानुप्रताप सिंह, प्रमोद बाजपेयी, राजेश मिश्रा टिन्कू, आशुतोष पटेल और मृदुल चतुर्वेदी शामिल रहे।


प्रसाद बांटते जिलाध्यक्ष मौजूद डॉ. राजीव पाठक आदि

## जिलाधिकारी ने 15 दिन में श्रमिकों के भुगतान के दिये निर्देश

- किसी भी स्तर पर श्रमिकों के भुगतान की कार्यवाही में न हो विलम्ब

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी एवं समस्त लेखाकार उपस्थित रहे। योजना के अंतर्गत श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने, मानव दिवस सृजन, श्रमिकों के समय से भुगतान तथा ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यों की प्रगति सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं लेखाकारों को निर्देशित किया कि श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान निर्धारित समय-सीमा 15 दिवस के भीतर प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में मांग आधारित पर्याप्त संख्या में कार्य संचालित किए जाएं, जिससे इच्छुक अकुशल एवं कुशल श्रमिकों को रोजगार से वंचित न होना पड़े। साथ ही किसी भी ग्राम पंचायत में शून्य मानव दिवस की स्थिति न रहने देने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त विकास खण्डों में लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित करने तथा ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के आवागमन हेतु चकमार्गों का नियमानुसार निर्माण कराने के निर्देश दिए। जहां कहीं कब्जे की समस्या हो, वहां संबंधित तहसील से समन्वय स्थापित कर तत्काल कब्जा मुक्त कराते हुए कार्य प्रारंभ कराया जाए। जिलाधिकारी ने विकास खण्डवार खेल मैदानों का चयन कर शीघ्र कार्ययोजना तैयार करते हुए निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने तथा सिंचाई नाली/गूल सफाई, वर्मी कम्पोस्ट आदि उपयोगी कार्यों को भी योजना में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि योजना के जिन बिंदुओं पर प्रगति खराब है, उनमें एक सप्ताह के भीतर ठोस प्रगति लाना सुनिश्चित करें। श्रमिकों के भुगतान की कार्यवाही में किसी भी स्तर पर विलम्ब न हो तथा जनपद स्तर से प्रतिदिन अनुश्रवण किया जाए।

जिला विकास अधिकारी एवं उपायुक्त श्रम रोजगार द्वारा भी निर्देशित किया गया कि योजना के प्राथमिकता वाले बिंदुओं की विकास खण्ड स्तर पर प्रतिदिन ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सचिव एवं तकनीकी सहायकों के साथ समीक्षा की जाए, ताकि कार्यों में तेजी लाई जा सके और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध हों।


बैठक लेती डीएम

## खबरें एक नजर में

### रेलवे स्टेशन के पास रोती मिलीं दो मासूम बहनें


बच्चियों से बात करते स्थानीय लोग

**समृद्धि न्यूज, कायमगंज।** कायमगंज रेलवे स्टेशन के निकट लखपति गुजिया वाले के सामने दोपहर उस वक्त राहगीरों की भीड़ जुट गई, जब दो मासूम बहनें बीच सड़क फूट-फूटकर रोने लगीं। पूछताछ में बच्चियों ने पिता पर माँ से न मिलने देने और खाना न देने का आरोप लगाया। पीड़ित बच्चियाँ हजरतपुर गाँव निवासी रश्मि जाटव 12 वर्ष और उसकी छोटी बहन कल्पना स्टेशन के पास बच्चियों को रोता देख समाजसेवी सागर गुप्ता रुक गए। पिता भूमिराज और परिवार का एक युवक बच्चियों को ले जाने लगे, लेकिन दोनों ने उनके साथ जाने से साफमना कर दिया। रश्मि का कहना है कि उसके पिता झूठा दावा कर रहे हैं कि माँ भाग गई है, जबकि पिता स्वयं उन्हें मायके छोड़कर आए थे।10 दिन पहले पिता दोनों को बुला लाए और अब न माँ से बात करने दे रहे हैं, न खाना दे रहे हैं। समाजसेवी सागर गुप्ता बच्चियों व उनके पिता को कायमगंज कोतवाली ले गए। कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल मुकेश बघेल ने कासगंज में रह रही माँ भारती से फोन पर संपर्क किया और पिता को सख्त हिदायत दी। दोनों बच्चियों को फिलहाल एक दिन के लिए पिता के सुपुर्द किया गया है। तय हुआ है कि बुधवार को कासगंज से माँ भारती आकर अपनी दोनों बेटियों को अपने साथ ले जाएगी। ग्रामीणों में चर्चा है कि भूमिराज कैंसर रोग से पीड़ित है और पत्नी के बैंक खाते में जमा पैसे को लेकर दंपति के बीच विवाद है। जहाँ पिता पत्नी पर भागने का आरोप लगा रहा है, वहीं बच्चियों ने इसे गलत बताते हुए कहा कि उनकी माँ मामा के घर ही रह रही है।

### दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव रिटौल निवासी ब्रजेश उम्र 20 वर्ष पुत्र जयसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि वह मंगलवार को कोर्ट में वकील के पास तारीख करने आ रहा था। जब वह गांव से निकलते ही नहर के पास पहुँचा, वहीं पर मौजूद डिम्पल जाटव, शीलू जाटव, शेर सिंह जाटव, मातादीन जाटव ने आते ही ब्रजेश माथुर के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने जमीन पर गिराकर लात-घूसों से मारपीटा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाया।

### ग्राम नरसिंहपुर गिहार बस्ती में पकड़ी कच्ची शराब

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के नेतृत्व और जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक सुधांशु चौधरी और कोतवाली पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से यह छापेमारी की। मौके से 8 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाला 360 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत 02 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। जिला आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफयह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## मेडिकल कॉलेज में धूमधाम से मना गणेश पूजा महोत्सव

- भजन संध्या और स्टॉल्स से गुलजार हुआ परिसर

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल परिसर की ओर से प्रशासनिक भवन में त्रिदिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे चरण के अंतर्गत मंगलवार को कॉलेज परिसर में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ श्री गणेश पूजा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत गणेश पूजन के साथ किया गया। उप-प्रधानाचार्य, सभी शिक्षकगण एवं बीएएमएस बैच-2024 के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की और गणेश जी का पूजन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। प्रातःकालीन पूजा के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। शाम 3 से 5 बजे के बीच भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भक्तिमय गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों से सभा को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। इसके अलावा बीएएमएस बैच-2024 के विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग समूहों में विभाजित होकर स्वादिष्ट व्यंजनों से सजे फूड स्टॉल लगाए, जिसका कॉलेज परिसर में उपस्थित शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अन्य सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के गेम स्टॉल भी लगाए गए, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और खेलों का आनंद उठाया।

फूड एवं गेम स्टॉल के दौरान पूरे कॉलेज परिसर में उत्साह, उमंग एवं आनंद का माहौल बना रहा। शाम के समय गणेश जी की आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

पूरे परिसर में भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। महोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ आपसी सहयोग, सहभागिता और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।


मेडिकल कालेज में विराजे भगवान गणेश

### गणेश उत्सव की धूम, पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर में गणेश उत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। नगर के फूलमती मंदिर, पानी टंकी, पृथ्वी दरवाजा और मोहल्ला कूंचा सहित कई जगहों पर आकर्षक गणपति पंडाल सजाए गए हैं। दिन में गणपति की स्थापना के बाद शाम होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा और आरती के लिए उमड़ पड़ी। भक्तों ने गजानन को भोग लगाया और परिवार की सुख-शांति की कामना की। शाम ढलने के साथ ही गणपति पंडालों की रौनक और बढ़ गई। रंग-बिरंगी लाइटों और सुंदर सजावट से पंडाल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। परिवार के साथ पहुंचे श्रद्धालुओं ने गणपति के दर्शन किए। बच्चों में भी गणेश उत्सव को लेकर खासा उत्साह देखा गया। कई स्थानों पर भक्ति गीतों के बीच गणपति बप्पा की आरती हुई। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने एक साथ गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। देर शाम विभिन्न स्थानों पर गणपति बप्पा की आरती की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। आरती के बाद भक्तों को प्रसाद बांटा गया।


पाण्डाल में विराजे भगवान गणेश

गूंजे गणपति बप्पा मोरया के जयकारे

## हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

हत्या के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त जितेंद्र पुत्र राघे मोहन निवासी बंनखडिया फतेहगढ़ को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत 5 वर्ष पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस को सुशील कुमार ने दी गई तहरीर में बताया कि अपनी बहन पूनम उर्फ आकांक्षा पुत्री रामऔतार निवासी हसनापुर सांडी हरदोई की शादी 2010 में जितेंद्र कुमार के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ की थी। 31 मार्च 2021 को समय लगभग 11:45 बजे रात्रि में उसकी बहन अपने पति जितेंद्र के घर पर अपने दोनों बच्चों के साथ सो रही थी, उसकी माँ रामश्री जो कुछ दिनों पहले अपनी बेटी पूनम के पास आई थी वे बगल वाले कमरे में सो रही थी। जितेंद्र ने पूनम की चक्की के टूटे हुए पाट से चेहरे से मार-मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त जितेंद्र को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 50 हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

## बाइक चोरी कर पुर्जे काटने वाले गिरोह के दो शातिर गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

एसओजी और थाना कादरीगेट पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने और उनके पुर्जे काटकर बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 3 चोरी की मोटरसाइकिलें, 12 खुले हुए चेसिस, भारी मात्रा में कटे हुए पुर्जे, काटने के उपकरण, अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 14/15 सितंबर की रात थाना कादरीगेट क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने अभियुक्त अवनीश कुमार उर्फ आयुष पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी ग्राम चिरा थाना बिछवां, जनपद मैनपुरी व मो0 कासिम पुत्र सैफुल्लाराय उर्फशफीउल्लाह मूल निवासी खेड़ा कस्बा शाहाबाद, जनपद हरदोई, हाल पता अमेठी कोहना, थाना कादरीगेट को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ हिरासत में लिया। बाद में उनकी निशानदेही पर अन्य चोरी की बाइकें और पुर्जे बरामद किए गए। मुख्य आरोपी अवनीश ने बताया कि वह अब तक लगभग 20 मोटरसाइकिलें चोरी कर चुका है। पूरी बाइक बेचने पर पकड़े जाने का डर रहता था, इसलिए वह चोरी की बाइकों को पांचालघाट आश्रम लाकर ग्राइंडर और औजारों की मदद से काटकर अलग-अलग पुर्जे बना लेता था। इसके बाद पुर्जों को चांदपुर में कबाड़ी मो0 कासिम को बेच देता था। रात में सुरक्षा के उद्देश्य से वह अवैध तमंचा व कारतूस अपने पास रखता था। कबाड़ी कासिम ने स्वीकार किया कि वह पैसों के लालच में चोरी की गाड़ियों के कटे पुर्जे खरीदकर आगे बेचता था। बरामदगी 03 चोरी की मोटरसाइकिलें, 12 खुले चेसिस, 11 शौकर राड, 06 शौकर, 12 साइलेंसर, 26 बाइक रिम, 03 रिम मय टायर, 22 बाइक टायर, 12 पेट्रोल टंकी, 09 नंबर प्लेट, 08 ट्यूब व अन्य छोटे-मोटे कल-पुर्जे, बाइक काटने का ग्राइंडर, पाना, गोटे पाना, रिंच, पेचकस, कटर, हथौड़ी व 01 तमंचा 315 बोर, 12 जिंदा कारतूस, 02 मिस कारतूस तथा 01 एंड्रायड फोन व 01 सीजशुदा ई-रिक्शा बरामद हुआ।


घटना का खुलासा करती एसपी व पकड़ा गया माल

## तहसीलदार की निगरानी में सरकारी भूमि से हटाया गया कब्जा

- अवैध कब्जे पर गरजा बुलडोजर, दुकान ध्वस्त, लगा जुर्माना
- राजस्व विभाग की ओर से नियमानुसार जारी किया गया नोटिस

समृद्धि न्यूज, अमृतपुर।

अमृतपुर तहसीलदार ने बड़ी कार्यवाही करते हुए सरकारी भूमि से अवैध कब्जे को बुलडोजर की मदद से हटा दिया। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य ध्वस्त करने से पहले वैधानिक रूप से कानूनी कार्रवाई करते हुए निर्माण कर्ता को नोटिस दिया गया था। इसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। बलीपट्टी रानीगांव में सरकारी बंजर भूमि पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ तहसील प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पक्के निर्माण का ध्वस्तीकरण करा दिया। तहसीलदार एवं सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी शशांक सिंह की मौजूदगी में प्रशासन और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया।

न्यायालय तहसीलदार अमृतपुर में धारा 67ए उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के तहत चले वाद में क्षेत्रीय लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की गई। रिपोर्ट के अनुसार ग्राम बलीपट्टी रानीगांव स्थित बंजर भूमि के गाटा संख्या 2600/0.0200 हेक्टेयर में से करीब 0.0015 हेक्टेयर भूमि पर धर्मेन्द्र पुत्र लंकुश द्वारा पक्का निर्माण कर अनधिकृत कब्जा किया गया था। मामले में राजस्व विभाग की ओर से नियमानुसार नोटिस जारी किया गया। प्रतिवादी की ओर से 14 अगस्त को आपत्ति दाखिल करने के लिए समय मांगा गया था, लेकिन पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद आपत्ति दाखिल नहीं की गई। न्यायालय ने उपलब्ध अभिलेखों, क्षेत्रीय लेखपाल की रिपोर्ट और नक्शा नजरी का परीक्षण करने के बाद सरकारी भूमि पर कब्जा पाए जाने पर बेदखली का आदेश पारित किया। आदेश में कब्जेदार को भूमि से बेदखल करने के साथ 160 रुपये क्षतिपूर्ति/अर्थदंड तथा 1,000 रुपये निष्पादन व्यय वसूल किए जाने के निर्देश दिए गए। आदेश के अनुपालन में मौके पर पहुंची टीम ने अवैध कब्जे वाले पक्के निर्माण को ध्वस्त कर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त करा दिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान तहसीलदार शशांक सिंह, कानूनगो दिनेश चंद्र शर्मा, लाल बहादुर, उपनिरीक्षक खूबेलाल, चौकी इंचार्ज राहुल कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।




अवैध कब्जा हटाती जेसीबी

## तमंचे की नोक पर नवविवाहिता से 7 लाख की लूट

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

क्षेत्र के इस्माइलपुर सिरौली गांव में सोमवार शाम बेखौफ बदमाशों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। घर में अकेली एक नवविवाहिता को बंधक बनाकर दो युवकों ने तमंचे के बल पर 7.05 लाख रुपये की नकदी और जेवरात लूट लिए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार इस्माइलपुर सिरौली निवासी गोविंद की पत्नी भावना सोमवार शाम करीब 7 बजे घर पर अकेली थीं। उनके पति किसी आवश्यक कार्य से शहर गए हुए थे। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान दो अज्ञात युवक अचानक उनके घर में घुस आए। बदमाशों ने भावना के साथ मारपीट की और तमंचा निकालकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। खौफजदा भावना से बदमाशों ने जबरन तिजोरी की चाबी छीन ली। बदमाशों ने तिजोरी खोलकर उसमें रखे करीब 55 हजार रुपये नकद और लगभग 6.50 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात निकाल लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों युवक मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद घबराई हुई भावना ने फोन पर अपने पति को मामले की जानकारी दी। रात करीब 8 बजे जब पति गोविंद घर पहुंचे, तब डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। लूट की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और नवाबगंज थाना प्रभारी राजीव कुमार को घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पीड़िता से पूरी घटना की जानकारी ली और मौके का बारीकी से मुआयना किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में शक के आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

मोहम्मदाबाद सीओ आलोक कुमार ने बताया कि डायल 112 के माध्यम से जेवरात चोरी और लूट की सूचना प्राप्त हुई थी। थाना पुलिस मौके पर मौजूद है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। जल्द ही घटना के तथ्यों का खुलासा किया जाएगा।


घटना की जानकारी देती पीड़िता

# बार-बार कुकिंग ऑयल के इस्तेमाल पर डीएम का रुख सख्त

▸ खाद्य सुरक्षा विभाग को सघन जांच के दिये निर्देश

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिले के होटलों, रेस्टोरेंट, ढाबों, मिठाई की दुकानों और रेहड़ियों पर एक ही कुकिंग ऑयल को बार-बार गर्म करके इस्तेमाल करने की शिकायत पर जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने कड़ा संज्ञान लिया है।

जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा विभाग को ऐसे सभी प्रतिष्ठानों में तत्काल चेकिंग अभियान चलाने और सेहत के साथ खिलवाड़ करने वाले कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बार-बार तेल गर्म करने से उसकी गुणवत्ता खत्म हो जाती है और उसमें जहरीले तत्व बनने लगते हैं, जो मानव शरीर के लिए बेहद नुकसानदायक हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त अजीत कुमार ने बताया कि एफएसएसएआई के मानकों के अनुसार कुकिंग ऑयल का इस्तेमाल 2 से 3 बार से अधिक नहीं किया जाना चाहिए। इस्तेमाल हो चुके तेल के सुरक्षित संग्रह के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अधिकृत कलेक्ट माय ऑयल टीम प्रतिनिधि रोहित अग्निहोत्री को जिम्मेदारी सौंपी गई है। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर इस्तेमाल हो चुके तेल को जमा करने के लिए विशेष कंटेनर रखवाए गए हैं, जहां से टीम इसे एकत्र करेगी।

प्रयुक्त तेल को नालियों में बहाने से नालियां जाम होती हैं और पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। व्यापारियों से इसे नाली में न बहाकर अधिकृत केंद्र को सौंपने की अपील की गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारियों के खिलाफ नोटिस जारी करनेए जुर्माना लगाने और खाद्य लाइसेंस निलंबित या रद्द करने जैसी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



जागरुक करते रोहित अग्निहोत्री

## फार्मासिस्टों ने बकाया वेतन और ग्रेड पे के लिए सीएमओ को सौंपा पत्र

**फर्रुखाबाद।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जनपद शाखा ने मुख्य चिकित्साधिकारी को अनुस्मारक पत्र सौंपकर फार्मासिस्टों की विभिन्न लंबित समस्याओं का अविलंब निराकरण करने की मांग की है। अन्य जनपदों से स्थानांतरित होकर आए फार्मासिस्टों संजय कुमार व दिनेश सिंह का रुका हुआ वेतन तुरंत जारी किया जाए। 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण कर चुके फार्मासिस्टों आलोक कुमार कटियार, योगेश कुमार यादव, चरन सिंह, विजय कुमार यादव व दिलीप कुमार माथुर को एसीपी ग्रेड पे 4600 का लाभ दिया जाए। इसके अलावा, 2 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके फार्मासिस्ट प्रेमरंजन को ग्रेड पे 4200 का लाभ प्रदान किया जाए। फार्मासिस्ट पवन प्रताप सिंह का जून 2025 का वेतन और जुलाई 2026 का 1 दिन का अकारण रोका गया वेतन अविलंब आहरित किया जाए। फार्मासिस्टों एवं चीफ फार्मासिस्टों के लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों का तुरंत भुगतान किया जाए। एसोसिएशन के मंत्री जितेंद्र सिंह के अनुसार, सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बावजूद कार्यालय द्वारा समस्याओं के निस्तारण में जानबूझकर विलंब किया जा रहा है।

# अघोषित बिजली कटौती पर बिजलीघर का किया घेराव

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

नगर नवाबगंज क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान किसानों व नागरिकों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में किसानों ने नवाबगंज बिजलीघर का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित 10 घंटे के बजाय मात्र 2 से 3 घंटे ही बिजली मिल रही है, जिससे खेतों की सिंचाई ठप हो गई है। वहीं, नवाबगंज नगर में भी 22 घंटे के मुकाबले केवल 10 घंटे ही आपूर्ति हो रही है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपखंड अधिकारी विद्यासागर को सौंपा। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध और पूरी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो। रात के समय होने वाली अघोषित बिजली कटौती बंद की जाए। लो-वोल्टेज और बार-बार होने वाले फॉल्ट की समस्या से राहत मिले। आगामी त्योहारों गणेश महोत्सव, दुर्गा महोत्सव और रामलीला के दौरान शाम 6 से रात 10 बजे तक कटौती बिल्कुल न की जाए। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं किया गया, तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान पप्पू राठौर, प्रदीप राठौर, आशू ठाकुर सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।


उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

# पाण्डेश्वरनाथ मंदिर में पूजन के साथ विराजमान हुए गजानन


विराजमान भगवान गणेश

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

शहर के ऐतिहासिक पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में गणेश महोत्सव के तहत प्रतिमा विराजित की गई। बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रथम दिन पूजा अर्चना के साथ भाग लिया। हर साल की तरह इस वर्ष भी भगवान गणेश का श्रृंगार कर मूर्ति स्थापित की गई। दोपहर तक हवन पूजन के साथ भण्डारा हुआ। देर शाम तक पूजन के साथ महाआरती सम्पन्न हुई। बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भाग लिया। प्रसाद वितरण के साथ भक्तों ने जयकारे लगाये। शहर के प्रमुख मंदिरों में हर साल की तरह इस वर्ष भी गजानन विराजमान हुए। जगह-जगह पूजन हुआ और भक्त गणेश भजनों पर थिरके। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# मेधावी छात्रों का काकुत्स्थ विजय दिवस पर हुआ सम्मान

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

काकुत्स्थ विकास महासभा द्वारा निसाई स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में काकुत्स्थ विजय दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं तथा वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सर्वसम्मति से संस्था की नई जिला कार्यकारिणी का चुनाव भी संपन्न हुआ। संयोजक एवं आयोजक थानापति नागा संत रामानंद गिरि महाराज ने कहा संतों की कोई जाति नहीं होती, संत सर्वसमाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। काकुत्स्थ समाज निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संजय काकुत्स्थ ने कहा कि शिक्षा के बिना कोई भी समाज उन्नति नहीं कर सकता। डॉ. जागेश्वर प्रसाद ने कहा कि युवाओं को आगे आकर समाजहित के कार्यों में योगदान देना चाहिए। गोकुलेश सक्सेना ने कहा शिक्षा और राजनीति में सक्रिय भागीदारी ही जागरूक समाज की पहचान है। डॉ. उमेश ने कहा समाज के साधन-संपन्न लोगों का दायित्व है कि वे प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाएं। समारोह में वैष्णवी, साहिल सक्सेना, हर्षित कुमार, वैभव कुमार, प्राची, वंशिका, प्रतिभा, और सुनैना सहित दो दर्जन से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नई जिला कार्यकारिणी भी गठित

सर्वसम्मति से नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। संरक्षक मंडल नागा रामानंदगिरि महाराज व जिलाध्यक्ष डॉ. जागेश्वर प्रसाद सक्सेना बने। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष लागू सक्सेना, महामंत्री गोकुलेश सक्सेना, कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र सक्सेना मदारवाड़ी, संयुक्त मंत्री राजेश सक्सेना, उपाध्यक्ष आशीष कुमार, अवनीश कुमार, अमित कुमार, अनिल कुमार बने।

प्रचार मंत्री विवेक कुमार, संजय मोनू, सुनील, संजय व संगठन मंत्री आशुतोष कुमार, ज्योतिस्वरूप, राहुल बने। कार्यकारिणी सदस्य रामू, रंजीत, ब्रह्मानंद, विजय कुमार, अजय, विवेक कुमार को बनाया गया।



कार्यक्रम में सम्मानित होते मेधावी विद्यार्थी


प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें

## क्लीन एयर फॉर क्लाइमेट पर प्रतियोगिता आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में जलवायु संरक्षण के लिए स्वच्छ वायु विषय पर विचार गोष्ठी और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवनीत गुप्ता के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य विषय क्लीन एयर फॉर क्लाइमेट रहा। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में आराध्या कुशवाहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गायत्री सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं। निबंध प्रतियोगिता में आराध्या अवस्थी ने प्रथम तथा वैष्णवी दीक्षित ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में दिव्यांशी दुबे प्रथम स्थान पर रहीं, वहीं नन्दी बिटिया और प्रतीक्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवनीत गुप्ता एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या इन्दु मिश्रा ने स्वच्छ वायु की आवश्यकता और जीवन में इसके महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। संचालन शिक्षिका दीप्ति ने किया। इस दौरान रितु सक्सेना, प्रीति, वर्षा शर्मा, दुर्गेश शुक्ला, निहारिका सिंह, वसुधा एवं गीता दुबे का विशेष सहयोग रहा।

## खबरें एक नजर में

### श्री गणेश शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कराने की मांगी अनुमति



**बांगरमऊ, उन्नाव।** आगामी 20 सितम्बर को नगर में निकलने वाली श्री गणेश शोभायात्रा को लेकर इस बार एक अनूठी पहल सामने आई है। युवा सपा नेता मोहम्मद इमरान सिद्दीकी ने जिलाधिकारी को पत्र देकर गणेश शोभायात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने की अनुमति मांगी है। उन्होंने धार्मिक आयोजन की भव्यता और श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए प्रशासन से आवश्यक अनुमति प्रदान किए जाने का अनुरोध किया है। प्रस्ताव को लेकर नगर में चर्चा शुरू हो गई है। जिला अधिकारी उन्नाव को दिए गए पत्र में सपा नेता इमरान सिद्दीकी ने कहा है कि आगामी 20 सितंबर को श्री गणेश महोत्सव के समापन अवसर पर बांगरमऊ कस्बे में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता है। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर सपा नेता इमरान सिद्दीकी अपने निजी खर्चे पर हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा कराने के इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने जिला अधिकारी से हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया है। जिला अधिकारी को पत्र देने के बाद उन्होंने पत्रकारों को बताया कि उनका इस भव्य शोभा यात्रा में सहभागिता करते हुए इसे और अधिक स्मरणीय बनाना तथा क्षेत्र की गंगा- जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की मिसाल को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यहाँ सभी धर्मों के लोग आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ सभी त्योहार मनाते आए हैं। श्री गणेश महोत्सव की यह शोभायात्रा भी आपसी सौहार्द और एकता का संदेश दे, यही उनकी भावना है।

### तहसील सदर के बार एसो. का चुनाव आज, तैयारियां पूर्ण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एल्डर्स चुनाव समिति बार एसोसिएशन तहसील सदर का चुनाव बुधवार को प्रातः 10 बजे से 3 बजे सम्पन्न होगा। एल्डर्स चुनाव समिति के अध्यक्ष/ चुनाव अधिकारी रमाशंकर कटियार ने बताया कि प्रातः 10 बजे तहसील सदर में निर्धारित समय के अनुसार चुनाव प्रक्रिया चलेगी। सभी तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मतदान करते समय अपना सीओपी अथवा अधिवक्ता पंजीयन प्रमाण पत्र अवश्य लाये। किसी भी तरह का अनुपयोगी सामग्री व मोबाइल आदि का प्रयोग वर्जित है। सचिव पद के लिए रविनेश चन्द्र यादव व ओमप्रकाश दुबे के बीच कड़ा मुकाबला होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव सम्पन्न होगा। जिसकी तैयारी पूर्ण हो गयी है।

### युवक ने नदी में लगाई छलांग, नहीं मिला सुराग

**समृद्धि न्यूज,बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर निवासी एक 30 वर्षीय युवक सोमवार शाम लगभग 7 बजे अपनी बोलेरो गाड़ी बिल्हौर मार्ग स्थित गंगा नदी पुल पर खड़ी कर गंगा में कूद गया। वहां आसपास मौजूद मछुआरों ने गंगा नदी में छलांग लगाने की आवाज सुनकर वहां मौजूद बिल्हौर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बोलोरो के अन्दर रखे मोबाइल से परिजनों से सम्पर्क कर उन्हें घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन व रिश्तेदार वहां पहुंच गए। लेकिन रात और अंधेरा होने के कारण युवक का कोई पता नहीं चल सका। रिश्तेदार व पुलिस आज मंगलवार को क्षेत्रीय गोताखोरों की मदद के अलावा एसडीआरएफटीम को बुलाकर स्टीमर से युवक की तलाश में जुटे हुए स लगभग 40 किलोमीटर दूर तक गंगा नदी में तलाश किया गया लेकिन 24 घंटे बाद तक उसका कोई सुराग नही लग सका है। बताया जाता है कि बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर निवासी स्व. सुशील कटियार का पुत्र सूरज 30 वर्ष सोमवार को सुबह पहले घर से बाइक से कहीं गया था। उसके बाद वह घर लौट आया और दोपहर बाद लगभग ढाई बजे घर से बोलेरो गाड़ी लेकर बांगरमऊ के लिए निकला था। सूरज की मां गायत्री के अनुसार लगभग साढ़े 6 बजे उसके पुत्र सूरज से मोबाइल फोन पर बात हुई तो उसने बताया कि वह मदारनगर गांव के पास है।

# 550 परिवारों को बांटी राहत किट, लगा पशु चिकित्सा कैंप

समृद्धि न्यूज,उन्नाव।

विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के बाढ़ प्रभावित ग्राम अतरी एवं सथरा में आयोजित बाढ़ राहत किट वितरण कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पहुंचकर प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने बाढ़ की कठिन परिस्थिति में ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में वह उनके साथ मजबूती से खड़े हैं और प्रभावित परिवारों की हरसंभव मदद की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रवासियों की सुविधा एवं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए मेडिकल कैंप के साथ पशुओं के उपचार के लिए पशु चिकित्सा कैंप की व्यवस्था की गई है। आवश्यकता पड़ने पर आवागमन के लिए नाव की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राहत किट वितरण के बाद भी यदि किसी परिवार को अतिरिक्त राहत सामग्री की आवश्यकता होती है तो उसे उपलब्ध कराया जाएगा।

विधायक पंकज गुप्ता ने क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए अतरी से भदेवना मार्ग के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मार्ग का निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी तथा बाढ़ के समय भी संपर्क व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में कुल 550 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत किट वितरित की गई।

# सीएचसी किनारे नाले पर अतिक्रमण, बारिश में भरता है घुटनों तक पानी

▸ नाला सफाई के लिए भेजा पत्र, एक माह बाद भी नही हुई सफाई

समृद्धि न्यूज,बांगरमऊ उन्नाव।

नगर के हरदोई मार्ग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या जस की तस विगत चार वर्षो से बनी हुई है स मामूली होते ही अस्पताल परिसर में घुटनों तक पानी भर जाता है। मरीजों और तीमार दारों को इसी गंदे पानी से होकर अस्पताल तक पहुंचना पड़ता है। जिसका प्रमुख कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के किनारे बने नाले की सफाई नगर पालिका द्वारा नही कराया जाना माना जाता स क्योंकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के किनारे नाले पर लगभग एक सैकड़ा लकड़ी और लोहे की गुमटी रखकर दुकानदार कब्जा किये हुए हैं कुछ तो ऐसे दुकानदार है जो दो - दो गुमटी रखे हुए है जबकि स्वास्थ्य केंद्र के बाहर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष इजहार खान गुड्डू ने लोहे की रेलिंग लगवा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए वाहन पार्किंग स्थल बनवाया था लेकिन दुकानदारों ने गुमटी रखकर कब्जा कर लिया और गुमटी नही हटाने के कारण नाले की सफाई नही हो पाती है। जनपद के उच्चाधिकारी व नगर पालिका प्रशासन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की विकराल समस्या के स्थायी समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। जबकि बांगरमऊ सीएचसी में नगर के अलावा क्षेत्र के आधा सैकड़ा गाँवो के मरीजों के के अलावा गंजमुराबाद, फतेहपुर चौरासी क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए यहां पहुंचते हैं। ऐसे में अस्पताल परिसर में जलभराव की समस्या मरीजों के लिए मुसीबत बन जाती है। इतना ही नही मरीजों व तिमारदारों के वाहन परिसर के अन्दर खड़ा करने से एम्बुलेंस तक का निकलना कठिन हो जाता है।

सीएचसी के बाहर मरीजों और तीमार दारों के वाहनों की पार्किंग के लिए जगह छोड़ी गई जगह पर अतिक्रमण कारियों का कब्जा है जिस के कारण नाले की सफाई नही हो पाती और वाहन भी बाहर नही खडे हो पाते है। इस संबंध में नगर के प्रतिष्ठित लोगों द्वारा कई बार नगर पालिका प्रशासन से भी मांग की गई कि अतिक्रमण हटवा कर नाला की सफाई कराई जाये लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही जिसको लेकर नगर में तरह -तरह की चर्चायें हो रही हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मामूली बारिश होने के बाद परिसर में ढाई फिट तक गहरा बारिश का गंदा पानी भरने के बारे में बताया कि नाले की सफाई नही होने की वजह से सड़क और नाले का पानी उफना कर स्वास्थ्य केंद्र के अन्दर भर जाता है। जिससे मरीजों को परेशानी होती है। उन्होंने बताया है की विगत 20 अगस्त 26 को एक पत्र नाला सफाई कराने के लिए नगर पालिका को भेजा गया था।



# टाटमिल के कृष्णा अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा

समृद्धि न्यूज,कानपुर।

टाटमिल चौराहे स्थित कृष्णा अस्पताल में मंगलवार को मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए एंबुलेंस रोक दी और इलाज को लेकर सवाल खड़े किए।

परिजनों के मुताबिक 60 वर्षीय विजय कुमार, जो मिस्त्री का काम करते थे, को 31 अगस्त को सिर में खून जमा होने की समस्या के बाद डॉक्टर आशीष शर्मा को दिखाया गया था। इसके बाद उन्हें कृष्णा अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कर लिया गया। परिजनों का आरोप है कि करीब 16 दिनों तक आईसीयू में इलाज चलने के बाद विजय कुमार को वेंटिलेटर पर रखा गया। मंगलवार को अचानक अस्पताल की ओर से उन्हें लखनऊ रेफर किए जाने की बात कही गई। आरोप है कि परिजनों को पूरी जानकारी दिए बिना मरीज को मृत हालत में लखनऊ रेफर करने की कोशिश की जा रही थी। इस बात की जानकारी होते ही परिजनों ने एंबुलेंस रोक दी और अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। विजय कुमार के परिवार में पत्नी माया, दो बेटे राकेश और विजय तथा दो बेटियां राधा और प्रीति हैं। फिलहाल परिजनों के आरोपों के बाद अस्पताल में हंगामे की स्थिति बनी हुई है।





## आफ स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन/फ्लॉक लीडर का आयोजन आज

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जनपद में 16 सितम्बर से 22 सितम्बर तक भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में एडवांस कोर्स आफस्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टन बेसिक कोर्स स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन/फलॉक लीडर तथा 18 सितम्बर से 22 सितम्बर तक विशेषज्ञता कोर्स प्राथमिक सहायता शिविर का भारतीय महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा पत्र के माध्यम से समस्त विद्यालयों यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, बेसिक शिक्षा स्वतंत्र दल को सूचित किया जा चुका है। बेसिक कोर्स हेतु प्रशिक्षक एलओसी के रूप में डॉ0 सुनील कुमार सिंह, भावना सिंह, भारती मिश्रा एवं एडवांस कोर्स हेतु प्रशिक्षक एलओसी मनोज कुमार रावत, लक्ष्मी साहू एवं विशेषज्ञता प्रशिक्षण के लिए एलओसी चमन शुक्ला प्रादेशिक कार्यालय से नियुक्त किए गए हैं। इन कोर्सों के सहयोग के लिए गजेंद्र सिंह चौहान, राजकुमार, आशीष गुप्ता, सुधा, संजय तिवारी, अर्चना वर्मा, योगेश कुमार, हिमलेश शाक्य सहायक के रूप में प्रादेशिक कार्यालय से नियुक्त की गई है। जिला संस्था के मुख्य आयुक्त दिनेश कुमार वर्मा एवं जिला सचिव द्वारा प्रशिक्षण की पूर्ण तैयारी की जा चुकी है।

## उच्च अधिकारी से भूमि की जांच कराने की मांग


मनोनयन पत्र प्राप्त करते अंकित तिवारी

**फतेहपुर।** खागा तहसील के ग्राम संगोलीपुर मजरे गढ़ा के रहने वाले दयालाल पुत्र महाराजदीन, देवनारायण पुत्र महाराजदीन, चंद्रिका प्रसाद पुत्र जगधर ने जिला अधिकारी के नाम दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया की उनके नाम भूमि गाटा संख्या 6029,6030,6136 है। प्रार्थीगण उक्त भूमि के भूमिधर हैं। पूर्व प्रधान व अधिकारियों द्वारा प्रार्थी गणों के भूमि को नाप कर प्रार्थी गणों को प्रदान कर दी गई थी।लेकिन वर्तमान प्रधान/प्रशासक के द्वारा जबरन प्रार्थी गणों की भूमि पर खरंजा बनाने पर आमादा है। जबकि पीड़ित लोगों ने आरोप लगाया की यहां पर विपक्षी गणों की कोई भी भूमि नहीं है फिर भी जबरन दबंगई के बल पर प्रार्थीगणों की भूमि पर कब्जा करने पर आमादा है। प्रार्थीगणों ने पूर्व में भी कई प्रार्थना पत्र दिए हैं। कई बार राजस्व लेखपाल, कानूनगो नाप कर भूमि चिन्हित कर दिया था लेकिन विपक्षी गण किसी भी अधिकारी की नाप मानने को तैयार नहीं है। पीड़ित लोगों ने उक्त प्रकरण की जांच किसी उच्च अधिकारी से कराकर भूमि को चिन्हित करते हुए दोषी जनों के खिलाफकठोर कार्रवाई की मांग किया है।

# बच्चों को प्रयोगशाला में कराने चाहिए नए प्रयोग: हेम चन्द्र



समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

क्षेत्रीय विज्ञान एवं ए.टी.ल. कार्यशाला विद्या भारती पूर्वी उत्तरप्रदेश तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हेम चन्द्र क्षेत्रीय संघठन मंत्री विद्या भारती पूर्वी उत्तरप्रदेश, विशिष्ट अतिथि रजनीश पाठक प्रान्त संगठन मंत्री कानपुर प्रान्त, विशिष्ट अयोध्या प्रसाद मिश्र प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रान्त, बांके बिहारी पाण्डेय क्षेत्रीय विज्ञान संयोजक विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश, ज्ञानेंद्र गुप्ता प्रांतीय विज्ञान संयोजक कानपुर प्रान्त, विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव, विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह उपस्थित रहे। आये हुए अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने कराया। प्रस्ताविकी क्षेत्रीय विज्ञान संयोजक बांके बिहारी पाण्डेय ने प्रस्तुत की, उन्होंने आये हुए अतिथियों एवं 49 जिलों से आये विज्ञान संकुल प्रमुखो, सह प्रमुखो का धन्यवाद दिया। इस कार्यशाला में 49 जिलों से आये 125 विज्ञान एवं ए.टी.एल.आचार्य एवं आचार्या बहनो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेम चन्द्र ने आये हुए प्रतिभागी आचार्यो का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया की बच्चों को प्रयोगशाला में नए प्रयोग कराने चाहिए। इस दिशा में सभी को मिलकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में आभार विद्यालय के प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव ने नवाचार से बच्चों को तैयार करने एवं उचित मार्गदर्शन देने की बात कही। जिससे वे प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सके।और अपने जीवन में नई उपलब्धियों को पा सकें।



## डीसीपी दक्षिण ने की जन-सुनवाई, अधिकारियों को दिए निर्देश

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त दक्षिण श्री दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में जन–सुनवाई कर आमजन की शिकायतें सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें पुलिस उपायुक्त के समक्ष रखीं। डीसीपी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर उनका समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए और प्रत्येक शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई एवं समाधान के संबंध में जानकारी दी जाए। जन–सुनवाई के दौरान पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने, आगंतुकों के बैठने की उचित व्यवस्था करने तथा उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस उपायुक्त ने स्थानीय स्तर पर बार–बार सामने आने वाली जनसमस्याओं की पहचान कर उनके स्थायी समाधान के लिए प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

# डीएम से ग्राम प्रधान/प्रशासक ने लगाई न्याय की गुहार

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

खजुहा ब्लॉक के नया पुरवा मजरे तेंदुली लाखीपुर ग्राम की प्रधान/प्रशासक रामश्री सोनकर पत्नी बाबूराम ने जिलाधिकारी के नाम दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया की उसके ग्राम सभा में जब से ग्राम विकास अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण किया है तब से प्रार्थिनी को अपमानित व उपेक्षित करने का कार्य कर रहे हैं। जिसकी शिकायत पीड़िता द्वारा उच्च अधिकारियों को समय-समय पर दिया जाता रहा है बावजूद इसके ग्राम सभा के विकास कार्यों के लिए ग्राम विकास अधिकारी से कहा गया तो उन्होंने मना कर दिया। इस दौरान पीड़िता ने आरोप लगाया की ग्राम विकास अधिकारी द्वारा फर्जी बिल वाउचर लगाकर धोखाधड़ी व जालसाजी से काफी रुपया निकाला गया है।ग्राम प्रधान/ प्रशासक द्वारा कंप्यूटर से पीडीएफ निकलवाया गया तब पता चला कि उपरोक्त फर्जी बिल व फर्जी लोगों के नाम भुगतान किया गया है। पीड़ित ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी से मांग किया कि आठ लोगों के नाम से जो फर्जी बिल वाउचर लगाकर भुगतान किया गया है उसकी जांच कर लिया जाए दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। इसके साथी ग्राम प्रधान/प्रशासक रामश्री सोनकर ने कहा कि उसके द्वारा कराए गए विकास कार्यों का भुगतान कराया जाए एवं ग्राम विकास अधिकारी का स्थानांतरण कहीं अन्यत्र स्थान करने की भी मांग किया। इस दौरान ग्राम प्रधान/प्रशासक के साथ गांव की कई ऐसी महिलाएं भी मौजूद रही जिन्होंने आरोप लगाया कि वह आवास के लिए पात्र थी लेकिन उन्हें अपात्र की श्रेणी में रख दिया गया इन लोगों ने भी ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है।



# न.पा. परिषद कल से एक माह चलाएगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**




नगर पालिका परिषद महाराजगंज की अध्यक्ष डॉ पुष्पलता मंगल की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान को लेकर महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक एक माह का विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के साथ-साथ आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाएगा अध्यक्ष जी ने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर नगर का निर्माण केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों एवं दुकानों से निकलने वाले कूड़े को इधर-उधर न फेंकें और नगर पालिका की कूड़ा संग्रहण व्यवस्था में सहयोग करें। गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग रखने तथा सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया जाएगा उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों प्रमुख मार्गों, बाजारों सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी के साथ आवश्यकतानुसार स्वच्छता कर्मियों की टीमों को सक्रिय किया जाएगा ताकि नगर को स्वच्छ सुंदर और स्वस्थ बनाने के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके अभियान के माध्यम से स्वच्छता के साथ-साथ जनभागीदारी को बढ़ावा देने लोगों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने और सार्वजनिक स्थलों को कूड़ा मुक्त रखने का संदेश दिया जाएगा जिला प्रबंधक अधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम ने कहा कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए विभागीय टीमों के साथ-साथ आमजन की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। प्रोजेक्ट एनालिस्ट अभय कुमार गुप्ता जी ने कहा कि स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही कूड़ा पृथक्करण और नियमित कूड़ा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत करना अभियान की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा सभासद अमितेश गुप्ता ने कहा कि वार्ड स्तर पर जनप्रतिनिधि और नगरवासी मिलकर स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे तथा अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जाएगा सभासद सदरे आलम जी ने कहा कि ÷स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा प्रधान लिपिक बैकुंठनाथ यादव जिला प्रबंधक अधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम प्रोजेक्ट एनालिस्ट अभय कुमार गुप्ता सभासद अमितेश गुप्ता सभासद सदरे आलम सभासद ऋषिकेश पटेल सभासद प्रतिनिधि राजू पासवान सभासद गोरख गुप्ता सभासद राणा पटेल सभासद प्रतिनिधि विश्वकर्मा पटेल सभासद प्रतिनिधि रामाश्रय मनोनीत सभासद मुरारी लाल निगम सभासद शेषमणि पटेल, सफाई लिपिक उमाशंकर स्वच्छ भारत मिशन कंप्यूटर ऑपरेटर इंद्रेश कुमार सफाई नायक इंद्राशन कार्यालय सहायक संदीप सहानी सहित लालबहादुर चंद्रिका हदीस तुलसी प्रवीण भानु प्रताप बुद्ध सागर ओमप्रकाश सुरेश शुभम तिवारी विनोद गौतम कलामुद्दीन दीपक रामभवन आदिल गौरी अनिल राजेश कुमार अंकित उदयभान शर्मा चंद्रिका सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## एलएसडी के रोकथाम के लिए बनाए गए नोडल अधिकारी

**महाराजगंज।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गोवंशीय पशुओं में लंबी स्किन डिजीज रोग के व्यापक फैलाव के दृष्टिगत जनपद में पशुपालन विभाग द्वारा गोवंशीय पशुओं की निगरानी जारी है। वही कैंप लगाकर एलसीडी का टीका लगाया जा रहा है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर एजाज अहमद के अनुसार पशुपालन विभाग आपके द्वारा अभियान अंतर्गत मोबाइल वेटरनरी यूनिट और संबंधित चिकित्सालय के चिकित्सा धिकारी गांव-गांव कैंप लगाकर गोवंशीय पशुओं का टीकाकरण,स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार करने में लगे है। जनपद के पशुपालक टीम के पहुंचने पर अपने पशुओं को टीका अवश्य लगवाएं। उल्लेखनीय है कि जनपद में 55000 गोवंशीय पशु हैं। जिनमे 36550 गोवंशीय पशुओं को अब तक एल एस डी का टीका लगाया गया है। सीवीओ डॉक्टर अहमद के अनुसार एल एस डी रोग के निगरानी तथा टीकाकरण के लिए सभी ब्लॉकों के पशु चिकित्साधिकारी नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।

# यूपी डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ गाजीपुर के रक्तवीरों को डीएम ने किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

- डीएम ने फीता काट कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ जनपद शाखा गाजीपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं महासंघ के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जनहित एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान नियमित रूप से रक्तदान करने वाले लोगों को जिलाधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने रक्तदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होने कहा कि हमारे द्वारा किया जाने वाला प्रत्येक कार्य जनहित एवं जनकल्याण की भावना से प्रेरित होना चाहिए। कोई भी कार्य केवल औपचारिकता के लिए नहीं, बल्कि जनता की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास तभी सार्थक माना जाएगा, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने गाजीपुर जनपद में बाढ़ की समस्या का उल्लेख करते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए ऐसी कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए, जिससे बाढ़ के प्रभाव को कम किया जा सके और आमजन को होने वाली परेशानियों से प्रभावी ढंग से निजात दिलाई जा सके। इसके लिए संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हांकन, आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का विकास, जल निकासी की समुचित व्यवस्था तथा बाढ़ से बचाव के लिए स्थायी एवं प्रभावी उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। डीएम ने इंजीनियरिंग विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि जनपद के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सड़क, पुल, नाली, सिंचाई एवं अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और स्थायित्व पर विशेष ध्यान देते हुए ऐसी कार्ययोजनाएं बनाई जाएं, जो भविष्य की आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखकर तैयार हों।

# सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

- कल से 17 अक्टूबर तक जनभागीदारी के साथ होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टांप तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग उप्र सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री श्री रवीन्द्र जायसवाल जी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों की अंतरविभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत, जिलाध्यक्ष भाजपा ओमप्रकाश राय, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा, मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद, जिला विकास अधिकारी राजन राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में सेवा संकल्प अभियान की रूपरेखा एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से मंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गई। अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों, नीतिगत सुधारों तथा विकास कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही नागरिकों को 'विकसित भारत-2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ना है। अभियान के अंतर्गत 13 प्रमुख कार्यक्रमों के साथ विभिन्न विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने मन्त्री जी को अवगत कराया कि सभी संबंधित अधिकारियों के माध्यम से अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम की पूर्व तैयारी, विभागवार कार्ययोजना, जिम्मेदार अधिकारियों की तैनाती तथा समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किये जा रहे है। प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों की अद्यतन सूची तैयार की जाए। साथ ही जनपद में विगत 9 वर्षों में हुए विकास कार्यों एवं योजनाओं से आए सकारात्मक बदलावों का विवरण, फोटो, वीडियो एवं सफलता की कहानियों का डेटा तैयार किया जाए, ताकि अभियान के दौरान इन्हें प्रभावी ढंग से जनसामान्य तक पहुंचाया जा सके। अभियान की कार्ययोजना में विकास कार्यों एवं लाभार्थियों के 'पहले और बाद' के बदलाव को भी प्रदर्शित करने पर विशेष जोर दिया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया कि अभियान के दौरान 'आशीर्वाद का दीया', '25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत', 'नमो सेवा गाथा', 'आंगन का उत्सव', 'कहानी बदलाव की', 'विकसित भारत संकल्प यात्रा', 'सेवा ज्योति यात्रा', 'वडनगर-सेवाराणसी यात्रा', 'सेवा मेरा योगदान', 'रंगोली राष्ट्र', 'राष्ट्रीय इनोवेशन चौलेंज' तथा 'जनसेवा महाकुंभ' जैसे 13 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### प्रभावी अध्ययन पद्धति को लेकर डीएचएमओ ने किया संवाद



**महाराजगंज।** शासन के निर्देश के क्रम में जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ राकेश कुमार द्विवेदी ने आज श्री रूप नारायण सर्वहितकारी इंटर कॉलेज बसंतपुर के शिक्षार्थियों से प्रभावी अध्ययन पद्धति के बारे में संवाद किया और विद्यालय के बालक बालिकाओं को अध्ययन के बारे में विस्तार से बताया। संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि अध्ययन एकाग्रता पूर्ण सतत क्रम में होना चाहिए तभी सफलता का मार्ग प्रशस्त होगा। अधिकारी-विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर कृष्णाकुमार, डॉक्टर देवव्रत दूबे,डॉक्टर अश्वनी कुमार पटेल और रामचंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### बृजेश श्रीवास्तव के प्रांतीय संप्रेषण चुने जाने हुआ स्वागत

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेशीय मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के प्रांतीय चुनाव में प्रांतीय संप्रेक्षक के महत्त्वपूर्ण पद पर बृजेश श्रीवास्तव के शानदार विजय प्राप्त करने पर संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिलाध्यक्ष प्रभुनन्दन उपाध्याय व उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान डा0 संजय सिंह, चंद्रशेखर यादव लड्डू,डा0 मधुसूदन मिश्र, डा0 विनोद आर्या, विनोद कुमार, मार्कण्डेय तिवारी आदि प्रमुख रूप से बधाई और शुभकामना दिए। प्रभुनन्दन उपाध्याय व सत्येन्द्र पाण्डेय ने संयुक्त रूप से बताया कि इनके इस पद पर निर्वाचित होना इनके द्वारा संगठन के प्रति निष्ठा, कर्मठता और कर्मचारियों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में कर्मचारी हितों का संवर्धन होगा और संगठन नई ऊँचाइयों को छुएगा।

### रास्ते के विवाद को लेकर वृद्धा से मारपीट

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के सोनगढा गांव में पुराने रास्ते के विवाद को लेकर 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सोमवार की देर शाम दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।थाना हलिया में सोनगढा निवासी सितवंती देवी पत्नी स्व. लल्ला प्रसाद दुबे ने तहरीर देकर बताया कि गत 7 सितंबर को सुबह लगभग 08.30 बजे वह अपने सहायक ओमप्रकाश मौर्या पुत्र अवधनारायण निवासी राजपुर के साथ अपने खेत पर घूमने गई थी।वहीं पर गांव के आशीष दुबे उर्फगोलू पुत्र अमरेश दुबे व प्रशांत कुमार दुबे उर्फप्रिंस पुत्र सुरेश दुबे आ गए और पुराने रास्ते के विवाद को लेकर गाली गुप्ता करने लगे। यह देखकर उसके सहयोगी ओमप्रकाश मौर्या ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया तो दोनों ने ओमप्रकाश मौर्या को मारना पीटना शुरू कर दिया। लात घूंसा व डंडा से मारपीट करने लगे।बीच-बचाव करने गई वृद्धा को धक्का मारकर गिरा दिया, जिससे वृद्धा व ओम प्रकाश मौर्या को गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। आरोप है कि विपक्षीगण जान से मारने की धमकी देकर चले गए।पीड़िता ने थाना हलिया पहुंचकर सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### ट्रक ने साइकिल में मारी टक्कर, चाचा-भतीजे की मौके पर मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बामी (दुबरीपुर) के पास एनएच 135 पर रविवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार चाचा-भतीजे को रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।थाना लालगंज में बामी (दुबरीपुर) निवासी शिवबालक पुत्र रामसुफल ने तहरीर देकर बताया कि सोमवार को समय सुबह 7 बजे उनके चाचा शिवनाथ पुत्र रामखेलावन उम्र 46 वर्ष व भतीजे प्रियांशु पुत्र बालमुकुन्द उम्र 12 वर्ष निवासी बामी (दुबरीपुर) के साथ साइकिल से खेत देखने गये थे। खेत से घर वापस आते समय बामी जेपी फ्यूल के सामने एनएच 135 पर सड़क के किनारे से आ रहे थे कि तभी रीवा की तरफसे आ रहे ट्रक के चालक द्वारा अत्यन्त तेज व लापरवाही से वाहन चलाकर उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे चाचा शिवनाथ व भतीजे प्रियांशु की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई तथा उनका शव क्षत-विक्षत हो गया, साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।तहरीर के आधार पर थाना लालगंज पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक जितेन्द्र यादव को सौंपी गई इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय ने बताया की ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 242 पेटी रस्क किया सीज

**महाराजगंज।** ज़िलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल व प्रभारी सहायक आयुक्त (खाद्य)- ।।, केके उपाध्याय के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा- महराजगंज मे जेडए इन्टरप्राइजेज (वाटर प्लांट ) का निरीक्षण कर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर(टाइम आन ब्रांड) का नमूना लिया एवं बीएनडीएन इंटरप्राइजेज (वाटर प्लांट) का निरीक्षण कर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर (हिलवेव ब्रांड) का नमूना तथा मातारानी फूड प्रोडक्ट, लक्ष्मी थरुवा (बेकरी निर्माण इकाई) का निरीक्षण कर रस्टेन सोया फ्लोर व रस्क (मेहमान मिल्क रस्क) का नमूना संग्रहित कर जांच के लिए भेजा व मौके पर रस्क के पैकेटों पर आवश्यक जानकारी का अंकन न होने के कारण 242 पेटी रस्क(अनुमानित मूल्य 67760 रुपए) को सीज कर खाद्य कारोबारकर्ता के सुरक्षित अभिरक्षा में दिया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हिमांशु जयंत, अंकित सिंह व पवन गौड़ शामिल रहे हैं।

# पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल, सात थानों के थानाध्यक्ष बदले

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।**

- धर्मेंद्र कुमार सिंह को कोतवाली की कमान
- आठ पुलिस अधिकारियों का तबादला
- 21 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में भी हुआ बदलाव

जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने तथा अपराध नियंत्रण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने एक निरीक्षक समेत आठ पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए सात थानों के थानाध्यक्ष बदल दिए हैं।

तबादले के तहत पनियरा के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह को अब कोतवाली सदर का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं जनसुनवाई सेल में तैनात उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह को घुघली थाने का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में मिठौरा चौकी प्रभारी आलोक कुमार सिंह को कोल्हुई थाने की जिम्मेदारी दी गई है। कोल्हुई के थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह अब पनियरा थाने की कमान संभालेंगे। घुघली के थानाध्यक्ष सूरज कुमार का स्थानांतरण थाना नौतनवा किया गया है। सिंदुरिया के थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ला को सोनौली थाने का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि सोनौली के थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार मिश्रा को श्यामदेउरवा थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं ठूठीबारी थाने में तैनात उपनिरीक्षक अनूप तिवारी को सिंदुरिया का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशासनिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत 21 उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है।इस क्रम में म. उ.नि. नेहा कुमारी थाना पुरंदरपुर से चौकी प्रभारी पकड़ी, उ. नि. भूपेंद्र कुमार सिंह थाना पुरंदरपुर से चौकी प्रभारी जेल,उप निरीक्षक रुपेश पाल पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी सिसवा मुंशी, उ. नि.मधुकर सिंह थाना निचलौल से चौकी प्रभारी खुटहा, उ. नि.गोविंदर यादव थाना फरेंदा से चौकी प्रभारी शिकारपुर, उ. नि.देवेंद्र दुबे थाना निचलौल से चौकी प्रभारी मुजरी, उ. नि. अजय कुमार यादव थाना ठूठीबारी से चौकी प्रभारी अड्डा बाजार, उ. नि.अनीश कुमार सिंह थाना फरेंदा से चौकी प्रभारी परतावल, उ. नि.संदीप कुमार चौधरी थाना सिंदुरिया से चौकी प्रभारी लक्ष्मीपुर, उ. नि.अखिलेश यादव पुलिस लाइन से जनसुनवाई सेल, उ. नि.शोभा यादव थाना कोलहुई से व. उ. नि. भिटौली, उ. नि. नरेंद्र पटेल थाना कोठीभार सेव. उ. नि. कोलहुई, उ. नि. रमेश पुरी थाना ठूठीबारी से व. उ. नि. पुरंदरपुर, उ. नि. रामजी गुप्ता थाना परसा मलिक से व. उ. नि.निचलौल, उ. नि. रमेश वरुण चौकी प्रभारी पकड़ी से थाना कोलहुई?, उ. नि. राकेश कुमार चौकी प्रभारी जेल से थाना पुरंदरपुर, उ. नि. छोटेलाल चौकी प्रभारी सिसवा मुंशी से थाना परसा मलिक, उ. नि. रोहित यादव चौकी प्रभारी खुटहा को पुलिस लाइन, उ. नि. अशोक गिरी चौकी प्रभारी मुजरी को पुलिस लाइन, उ. नि.आलोक कुमार राय चौकी प्रभारी परतावल से थाना ठूठीबारी व उ. नि.संजय सिंह चौकी प्रभारी लक्ष्मीपुर, पुंरदरपुर से थाना सिंदुरिया स्थानांतरित किया गया हैं।पुलिस अधीक्षक की ओर से स्थानांतरित अधिकारियों को नवीन दायित्वों का निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता देने और जनसुरक्षा के लिए प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने को कहा गया है।पुलिस विभाग के इस फेरबदल को जिले में कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की निगरानी व्यवस्था को और चुस्त-दुरुस्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## गाजीपुर मेडिकल कालेज से पुलिस अभिरक्षा में फरार 50 हजार इनामिया गिरफ्तार



**गाजीपुर।** कोतवाली पुलिस ने पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी सुधीर उर्फ ध्रुव पासी को चौकिया मोड़ ओवरब्रिज के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ गाजीपुर समेत अन्य जिलों में चोरी, लूट, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस समेत विभिन्न धाराओं में 35 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार, मरदह थाना क्षेत्र के नोनरा गांव निवासी सुधीर उर्फ ध्रुव पासी (31) न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार गाजीपुर में निरुद्ध था। 29 अगस्त को उपचार के लिए उसे जिला चिकित्सालय सदर लाया गया था। इसी दौरान वह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया था। मामले में कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। 15 सितंबर की रात प्रभारी निरीक्षक कोतवाली प्रमोद कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर चौकिया मोड़ ओवरब्रिज के नीचे घेराबंदी की गई। पुलिस ने आरोपी को मोटरसाइकिल से आते देखा और रुकने का इशारा किया। आरोपी भागने लगा और मोटरसाइकिल मोड़ते समय सड़क किनारे रखे डिवाइडर पत्थर से टकराकर गिर गया। पुलिस ने तत्काल उसे पकड़ लिया। गिरने से आरोपी के दाहिने पैर में चोट लग गई और खून निकलने लगा। मानवीय आधार पर पुलिस ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। बरामद मोटरसाइकिल KTM का नंबर UP-70FS-7323 है।

# वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का डेनमार्क के राजदूत ने किया निरीक्षण

- हर घर जल योजना का लिया जायजा



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** लालगंज विकास खंड के नरैना कला में स्थापित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का मंगलवार को डेनमार्क के राजदूत ने निरीक्षण किया। राजदूत के साथ अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता व जल निगम के अधिकारी मौजूद रहे। प्लांट पर पानी के शुद्धिकरण की प्रक्रिया, स्टोरेज क्षमता और आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी ली गई।बताया जा रहा है कि भारत सरकार की हर घर नल से जल योजना के तहत मीरजापुर जनपद में डेनमार्क की तकनीकी सहयोग से वॉटर ट्रीटमेंट को बेहतर बनाने का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में राजदूत ने प्लांट का भ्रमण कर जल शोधन की अत्याधुनिक तकनीक का अवलोकन किया। अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि कैसे नारायण कला प्लांट से क्षेत्र के सैकड़ों गांवों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान राजदूत ने प्लांट की कार्यप्रणाली की सराहना की और कहा कि उत्तर प्रदेश में जल प्रबंधन का कार्य सराहनीय है।

# कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जन समस्याओं को लेकर तहसील प्रांगण में किया प्रदर्शन

- एसडीएम को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र

**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्ज़ापुर)।**



चुनार तहसील क्षेत्र में चरमराती बुनियादी व्यवस्थाओं, किसानों की समस्याओं और बदहाल ढांचागत स्थिति को लेकर जन-आक्रोश फूट पड़ा है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ. शिव कुमार पटेल के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों व प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसील में धरना प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को ग्यापन देकर कर क्षेत्र की 5 प्रमुख समस्याओं के अविलंब निस्तारण हेतु ज्ञापन सौंपा। जिसका मुख्य बिंदु एवं केंद्र में चुनार स्थित पोस्टमार्टम हाउस पिछले दो सालों से निष्प्रयोज्य पड़ा हुआ है। किसी दुर्घटना या आकस्मिक घटना की स्थिति में शोकाकुल परिजनों को शव लेकर जिला मुख्यालय मिर्जापुर भागना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती है। इसे तत्काल चालू करने की मांग की गई। व दूसरी मांग नारायणपुर सब्जी मंडी मार्ग, ढाब क्षेत्र मार्ग, जमालपुर से रामपुर, रानीबाग से जमालपुर और इमलिया चट्टी से अदलहाट मार्ग जैसे क्षेत्र के दर्जनों जर्जर व खस्ताहाल हो चुके हैं। गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन मार्गों के नवनिर्माण व तत्काल मरम्मत की मांग उठाई गई। वहीं पर चुनार नगर की आंतरिक सड़कें टूट चुकी हैं और कचरा प्रबंधन का कोई उचित इंतजाम नहीं है। बारिश के मौसम में जलभराव और गंदगी के कारण बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है।साथ ही साथ खाद की किल्लत से परेशान किसान व अहरौरा व जारगो बांध से बाढ़ का खतरा को लेकर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा गया कि बारिश के दिनों में बांधों से एकमुश्त भारी मात्रा में पानी छोड़ने के कारण निचले इलाकों में बाढ़ और जलजमाव की स्थिति पैदा हो जाती है।

# आयुष चिकित्सकों के मानदेय में विसंगति दूर करने की मांग

**कुशीनगर।**

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत आयुष चिकित्सकों के मानदेय में व्याप्त विसंगति को लेकर आयुष डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन उ.प्र. के बैनर तले आयुष चिकित्सको ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कुशीनगर को सौंपा गया। चिकित्सकों ने शासन से आयुष चिकित्सकों के हित में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेते हुए मानदेय में समानता सुनिश्चित करने की मांग किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में लगभग 4 हजार आयुष चिकित्सक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत लंबे समय से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उक्त चिकित्सक प्रदेश की जनता को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

चिकित्सकों ने ज्ञापन में कहा है कि वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 में आयुष चिकित्सकों एवं एमबीबीएस चिकित्सकों का मानदेय 24,000 प्रतिमाह समान था। इसके बाद समय के साथ एमबीबीएस चिकित्सकों का मासिक मानदेय बढ़कर लगभग 1,00,000 तक पहुंच गया है, जबकि आयुष चिकित्सकों का मानदेय वर्तमान में 32,000 प्रतिमाह है। चिकित्सकों ने इसी अंतर को मानदेय की गंभीर विसंगति बताते हुए इसे दूर करने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि समान परिस्थितियों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत चिकित्सकों के बीच इस प्रकार की मानदेय विसंगति लंबे समय से बनी हुई है। आयुष चिकित्सक भी स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को धरातल पर लागू करने, मरीजों को उपचार उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में निरंतर अपना योगदान दे रहे हैं। ज्ञापन में प्रदेश के लगभग 4 हजार आयुष चिकित्सकों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए मानदेय संबंधी विसंगति को दूर करने के लिए शासन स्तर से आवश्यक सकारात्मक निर्णय लेने का अनुरोध किया गया है। चिकित्सकों ने यह भी कहा कि उनकी मांग पर उचित कार्रवाई होने से आयुष चिकित्सकों का मनोबल बढ़ेगा तथा वे और अधिक उत्साह के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में अपना योगदान दे सकेंगे। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि मांग पर निर्धारित समय तक सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है तो आगामी 21 सितंबर को प्रातः 8 बजे प्रदेशभर के आयुष चिकित्सक लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष अपनी मांगों के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। चिकित्सकों ने शासन से अपील किया है कि विरोध की स्थिति उत्पन्न होने से पहले ही उनकी न्यायोचित मांग पर विचार करते हुए समान मानदेय सुनिश्चित करने की दिशा में शीघ्र निर्णय लिया जाए। चिकित्सकों ने कहा कि आयुष चिकित्सक लंबे समय से पूरी निष्ठा के साथ प्रदेश की जनता को स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में उनके मानदेय में व्याप्त विसंगति को समाप्त कर समान एवं सम्मानजनक मानदेय दिया जाना न्यायोचित होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. मकसूदन मिश्रा, डॉ. धनंजय मिश्र, डॉ. संजय सिंह, डॉ. वेदप्रकाश तिवारी, डॉ. आयुर्वेंद्र सिंह, डॉ. मुकेश आर्या, डॉ. अंजूलता आर्या, डॉ. नीलेश, डॉ. शिप्रा मिश्रा सहित अन्य आयुष चिकित्सक एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चौपाल में ग्रामीणों ने विधायक के सामने रखीं समस्याएं

- अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा



**कुशीनगर।** कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के रामबर बुजुर्ग गांव के टोला सिसवा में मंगलवार को विधायक पीएन पाठक की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय समस्याओं को विधायक और अधिकारियों के समक्ष रखा। विधायक पीएन पाठक ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली तथा समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और प्रशासन के बीच सीधा संवाद होने से ग्रामीणों की समस्याओं को समझने और उनके निराकरण में आसानी होती है। सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना तथा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान प्राथमिकता है। जन चौपाल में ग्रामीणों ने सड़क, नाली, जल निकासी, बिजली, आवास, पेंशन, राशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा। अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायतों को दर्ज करते हुए संबंधित मामलों की जांच कर नियमानुसार समाधान कराने का भरोसा दिलाया। चौपाल में जॉइंट मजिस्ट्रेट मयंक, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, ग्राम प्रधान पतिराज चौहान, मंडल अध्यक्ष राजेश राव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मदेशिया, विनोद तिवारी, सतुरधन सिंह, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, संजीव दुबे, संजीव सिंह, समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर यादव, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।